## खबरें एक नजर में

### गाड़ी के कागज मांगने पर मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** ग्राम मौलवीगंज में गांव के ही कुछ लोगों ने गाड़ी के कागज़ मांगने पर युवक के साथ मारपीट की, और बीच-बचाव करने आई महिला को भी नहीं बख्शा। पीड़ित युवक ने थाना गोला में शिकायत दर्ज कराई है। घटना शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे की है। मौलवीगंज निवासी प्रसनजीत पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को दिए गए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके ही गांव के विपक्षीगण-जसकरन पुत्र केशन, सुखविन्दर पुत्र जसकरन और राजकुमार पुत्र केशन- उसकी गाड़ी मांग कर ले गए थे। जब उसने उनसे गाड़ी के कागज वापस मांगे तो तीनों ने उसके घर के सामने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रसनजीत ने बताया कि जब उसने गाली देने से मना किया तो विपक्षीगण ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। इस बीच जब उसकी चाची, लज्जा देवी पत्नी अमरपाल, बीच-बचाव करने आईं तो उन पर भी हमला कर दिया गया। मारपीट में दोनों को चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर जब गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो किसी तरह से स्थिति को शांत कराया गया। लेकिन जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें न्याय मिल सके। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेला देखने गई नाबालिग किशोरी लापता

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** थाना गोला क्षेत्र के एक गांव में मजार पर लगे मेले में गई 14 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि किशोरी मेले में झूला झूलने के बाद से नजर नहीं आई। बाद में जानकारी मिली कि एक युवक उसे लेकर फरार हो गया है। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घरेलू विवाद ने लिया हिंसक मोड़, दो पक्षों में मारपीट, छह घायल



**निघासन खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र के मोहल्ला झाला में पारिवारिक विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। बीमार महिला से मिलने आए मायके पक्ष और ससुराल पक्ष के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो नाबालिग बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला झाला निवासी नबीतुल्ला के अनुसार, उनके भाई अतिउल्ला की शादी करमू पुरवा निवासी इरशाद की बेटी से हुई थी। शुक्रवार को अतिउल्ला की पत्नी ने मायके पक्ष के पिता इरशाद, मां जुनैदा और भाइयों इरफान व फुरकान को घर बुलाया था। आरोप है कि इन लोगों ने आते ही ससुराल पक्ष के जकीउल्ला, अफसाना और अनीसा पर हमला कर दिया। हमले में अफसाना और नाबालिग अनीसा को सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि नाबालिग अरबाज बेहोश हो गया। वहीं दूसरी ओर, फुरकान निवासी करमू पुरवा का कहना है कि वह अपनी मां जुनैदा के साथ बीमार बहन से मिलने आया था, तभी बहन के देवर और अन्य लोगों ने हमला कर दिया। इस झगड़े में जुनैदा और इरशाद भी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्धावस्था में रेलवे पटरी पर मिला युवक का शव

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की सुबह सोनोआ में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड से शव की शिनाख्त की। मृतक की पहचान रामसजीवन 35 पुत्र महावीर गांधीनगर घाटमपुर कानपुर नगर के रूप में हुई। शुक्रवार सुबह रोजा( शाहजहांपुर)-सीतापुर रेल लाइन पर सोनौवा गांव के पास निकट के हिमालिया ढाबा पर काम करने वाले युवक का क्षत- विक्षत शव पटरियों के बीच पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गये। पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड के पते पर परिजन का पता लगाने की कोशिश की मगर पता नहीं चल सका। ट्रेन पायलट से सूचना मिलने पर स्टेशन मास्टर उमेश भार्गव ने उचौलिया पुलिस सूचना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जामातलाशी ली। जिसमें मृतक के पास मिले आधार कार्ड में दिये गये नाम- पते रामसजीवन पुत्र महावीर गांधीनगर, घाटमपुर कानपुर नगर इलाके की पुलिस से सम्पर्क कर परिजन का पता चला। मगर वहां उसके किसी परिजन का पता नहीं चला। जिससे शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने शव मॉर्चरी में भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक बृहस्पतिवार को ढाबा मालिक से रुपये लेकर आया था। पुलिस ने बताया कि उसके पास मिले मोबाइल से भी परिजन का पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि मृतक मानसिक मंदित था। इसलिये आत्महत्या करने की संभावना जतायी जा रही है।

### ईसानगर में जन्म प्रमाण पत्र शिविर में लापरवाही, लोग परेशान, अधिकारी नदारद



**ईसानगर (खीरी)।** मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी के पत्रांक संख्या 1731-33 दिनांक 13 जून 2025 के आदेशानुसार जिले के ईसानगर विकासखंड में 17 से 20 जून तक जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जाना था। लेकिन ईसानगर विकासखंड में इस आदेश की खुलेआम अनदेखी हो रही है। स्थानीय लोगों ने शिविर में भारी अव्यवस्था और लापरवाही के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को शिविर में उपस्थित लोगों ने बताया कि शिविर की शुरुआत से ही वे लगातार दौड़-भाग कर रहे हैं, लेकिन किसी का भी जन्म प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है। आरोप है कि जिनकी अंदर तक पहुंच है, उन्हीं के काम हो पा रहे हैं। वहीं आमजन, विशेषकर महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4-5 बजे तक भूखी प्यासी तगड़ी धूप में बैठी रहीं, लेकिन उन्हें अबतक निराशा ही हाथ लगी। शिविर में फार्म भरने के नाम पर अवैध वसूली के आरोप भी सामने आए हैं। लोगों ने बताया कि फार्म शुल्क के नाम पर 50 से 100 रुपये तक लिए जा रहे हैं, वहीं नोटरी के नाम पर 150 रुपये और फार्म भरवाने के नाम पर भी 50 से 100 रुपये तक की वसूली की जा रही है। आरोप यह भी है कि कर्मचारियों द्वारा केवल तय फार्म को ही मान्य बताया जा रहा है और बाहर से लाए गए फार्म अस्वीकार कर दिए जा रहे हैं, जिससे लोगों को मजबूरी में दुबारा पैसे खर्च कर फार्म लेना पड़ रहा है। शिविर स्थल पर शुक्रवार को जब दोपहर 3:18 बजे पत्रकार पहुंचे तो वहां कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। जब जानकारी लेने के लिए ब्लॉक कार्यालय का रुख किया गया, तो वहां भी कोई जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं मिला। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सहित अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित मिले बीडीओ धन प्राप्त यादव के मोबाइल फोन पर कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। नामित अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद से जब फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वह पहले ही शिविर स्थल से निकल चुके हैं और जब वे वहां मौजूद थे, तब कोई समस्या नहीं थी। जब उन्हें लोगों की शिकायतों के बारे में बताया गया तो उन्होंने कहा, अगर कुछ समस्या है तो हम देख लेते हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए और आमजन को शीघ्र व निःशुल्क जन्म प्रमाण पत्र की सुविधा सुनिश्चित कराई जाए।

### रेहरा में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पार्क का हुआ सीमांकन, सौंदर्यीकरण एवं निर्माण की तैयारी में जुटा आंबेडकर विचार मंच



**रेहराबाजार/बलरामपुर।** उतरौला-मनकापुर राजमार्ग पर स्थित ग्राम रेहरा में आंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में एवं मंच के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी उतरौला के आदेशानुसार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क स्थल का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सीमांकन के दौरान चिन्हित भूमि का कुल रकबा 0.0220 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। यह स्थल भविष्य में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बने, इसके लिए आंबेडकर विचार मंच द्वारा पार्क का सौंदर्यीकरण, भव्य मूर्ति स्थापना, सामुदायिक हाल एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु मंच द्वारा जल्द ही एक मांग पत्र क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा जाएगा, जिससे इस जनकल्याणकारी योजना को मूर्त रूप दिया जा सके। इस अवसर पर आंबेडकर विचार मंच के सदस्य सालिकराम, लल्लू प्रसाद, राज बहादुर, राकेश गौतम एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे और इस ऐतिहासिक पहल की सराहना की।

# दुधवा में मानव-वन्य जीव संघर्ष पर मंथन

▸ थारू गांव में केंद्रीय मंत्री ने की जनसभा

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




दुधवा टाइगर रिजर्व में मानव-वन्य जीव संघर्ष प्रबंधन पर बड़ी कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने वन अधिकारियों, सांसदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वन्य जीवों की सुरक्षा के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करेंगे। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना और राज्य मंत्री केपी मलिक भी शामिल रहे। पीलीभीत और दुधवा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने संघर्ष से जुड़े आंकड़े और प्रयासों की जानकारी दी। अनुराधा वैमुरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ने संघर्ष प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं और मुआवजे में देरी का मुद्दा उठाया। धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने अपने क्षेत्र में छह लोगों की मौत पर चिंता जताई और थारु जनजाति को अधिक लाभ दिलाने की मांग की। बहराइच सांसद आनंद गोंड ने पुनर्वास और मोहाना नदी में सिल्टिंग रोकने पर जोर दिया। श्रावस्ती सांसद राम सिरोमणि वर्मा ने अवैध कटान रोकने और जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। पलिया विधायक रोमी साहनी ने सुहेली नदी के डिसिल्टेशन की मांग की। कार्यशाला में WWF के विशेषज्ञों ने संघर्ष के कारण, रोकथाम और त्वरित मुआवजा प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया। स्थानीय ईको विकास समिति, बाघमित्र और नेचर गाइड भी शामिल रहे। कार्यक्रम के बाद भूपेंद्र यादव ने दुधवा के जंगलों का भ्रमण कर गैंडों की निगरानी और हांथियों की पेट्रोलिंग व्यवस्था देखी। सलूकापुर में महावतों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। थारु जनजातीय ग्राम बलेरा में आयोजित जनसभा में केंद्रीय मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला नेचर गाइड्स और ईको विकास समितियों को सम्मानित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे वन्यजीव संरक्षण में भागीदार बनें। कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन, एनजीओ, मीडियाकर्मी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## योग दिवस विशेष

# लखीमपुर खीरी में योग की अलख जगा रहें प्रिंस रंजन बरनवाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



योग केवल शरीर की चपलता नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और समाज की सेवा का माध्यम भी हो सकता है इस विचार को साकार कर रहे हैं लखीमपुर खीरी निवासी प्रिंस रंजन बरनवाल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उनका जीवन और योगदान योग प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

दिल्ली में जन्मे और मूल रूप से लखीमपुर खीरी के निवासी प्रिंस रंजन बरनवाल ने योग को अपने जीवन का ध्येय बनाया। योग गुरु मंगेश त्रिवेदी से प्रेरणा लेकर उन्होंने वर्ष 2018 में हाइम योग की स्थापना की। इसके पश्चात 2024 में उन्होंने योग रंजन फाउंडेशन की नींव रखी, जो योग, प्राकृतिक चिकित्सा और जनकल्याण के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के लिए जाना जाता है। वर्तमान में वे आयुष विभाग के अंतर्गत योग प्रशिक्षक के रूप में 2019 से निरंतर कार्यरत हैं। योग विज्ञान में एम.ए., योगाचार्य उपाधि, और पी.जी. डिप्लोमा जैसी उच्च योगिक शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता रीढ़, गर्दन और कमर दर्द, गर्भावस्था योग और वैकल्पिक चिकित्सा में है। प्रिंस रंजन बरनवाल द्वारा जिले में संचालित कई प्रभावशाली कार्यक्रमों ने योग को जन-जन तक पहुंचाया है। उनके प्रयासों से खीरी जनपद में हर ब्लॉक स्तर पर योग जन-जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें हजारों ग्रामीणों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा से परिचित कराया गया। गोला, भीरा, मितौली, फूलबेहड़, धौरहरा, पलिया, मोहम्मदी सहित 15 से अधिक विकासखंडों में निःशुल्क योग शिविर संचालित किए जा चुके हैं। जिला मुख्यालय पर नियमित ओपन योग क्लास, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक भाग लेते हैं। स्कूलों और महाविद्यालयों में 500 से अधिक निःशुल्क सत्र, जिससे छात्र-छात्राओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी। जिला कारागार, नगर पालिका, पुलिस लाइन व तहसील परिसर में विशेष योग सत्र, जो मानसिक तनाव से मुक्ति और स्वास्थ्य सुधार में सहायक रहे। योग रंजन फाउंडेशन द्वारा सूर्य नमस्कार सप्ताह और योग महोत्सव जैसे वार्षिक आयोजन, जिनमें जिलेभर के हजारों योग साधक शामिल होते हैं।

**सम्मान और योगदान**

प्रिंस रंजन को महर्षि पतंजलि योग सम्मान (2020), राष्ट्रीय योग वीर सम्मान (2022) और महर्षि पतंजलि राष्ट्रीय योग रत्न सम्मान (2024) जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है। वे 15 से अधिक वरिष्ठ प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों के पर्सनल योग प्रशिक्षक भी रह चुके हैं। लखीमपुर खीरी में योग की मशाल जलाकर प्रिंस रंजन बरनवाल ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित प्रयासों से ग्रामीण अंचल में भी वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन की अलख जगाई जा सकती है।

## दर्दनाक हादसा: नशे में धुत बाइक सवार ने दो लोगों को कुचला, बुजुर्ग की मौत, एक घायल

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के मुड़िया हेमसिंह गांव में बृहस्पतिवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। शाम करीब साढ़े छह बजे नशे में धुत एक बाइक सवार ने सड़क किनारे बैठे दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग घाशीराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 40 वर्षीय श्रीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घाशीराम और श्रीराम एक दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठे थे। इसी दौरान मुड़िया गांव निवासी शोखिन अली, जो अपनी पत्नी के साथ बाइक से आ रहा था, अनियंत्रित होकर दोनों को कुचलते हुए निकल गया। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे में था और तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा, वहीं मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। बिजुआ चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार ने बताया कि 49 वर्षीय आरोपी शोखिन अली को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी बाइक भी हिरासत में ले ली गई है। घटना से गांव में शोक की लहर है। परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर...

## 39वीं वाहिनी एसएसबी पलिया में आयोजित हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

**पलिया कलां (लखीमपुर-खीरी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने पलिया में शुक्रवार को भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में वाहिनी के कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी सहित समस्त अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग प्रशिक्षकों की निगरानी में कार्मिकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास किया। इस दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने एकाग्रता एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास करते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर कमांडेंट राजेश्वरी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है बल्कि यह मानसिक सुकून और आत्मिक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने सभी कार्मिकों को नियमित रूप से योग को अपनाने और अपने दैनिक जीवन में इसका समावेश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास तनाव, थकान एवं अन्य मानसिक समस्याओं को दूर करता है और शरीर को सुदृढ़ बनाकर मन को स्थिरता प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को समझाना एवं उसे जन-जन तक पहुंचाकर एक स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा।




# खेत में मिला युवक का शव, शादी के दो माह बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**खमरिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



थाना खमरिया क्षेत्र के अंतर्गत दरिगापुर गांव के पास शुक्रवार सुबह एक खेत में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही खमरिया थाना प्रभारी ओपी राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। शव की पहचान 23 वर्षीय इंद्रेश कुमार गौतम पुत्र छोटे लाल गौतम निवासी दरिगापुर के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रेश अपने पिता का इकलौता पुत्र था और हाल ही में, करीब दो माह पूर्व ही उसकी शादी ग्राम सुर्जनपुर की एक युवती से हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार, विवाह के बाद से ही पति-पत्नी के बीच आपसी तनाव चल रहा था। इंद्रेश बीते कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान भी नजर आ रहा था। शव खेत में औंधे मुंह पड़ा था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि यह आत्महत्या भी हो सकती है या फिर किसी साजिशन हत्या का मामला। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। घटनास्थल की फोटोग्राफी कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेजा गया है। फिलहाल पूरे गांव में इस घटना को लेकर शोक और अचरज का माहौल है। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों और पत्नी पक्ष से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी जांच के माध्यम से पूरे मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# प्रमुख सचिव से मिले राजा झंडी

▸ रानीगंज बंधे की मरम्मत को फिर उठाई मांग, समय रहते न बना बंधा, तो निघासन क्षेत्र में मच सकती है भारी तबाही

**निघासन (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



बरसात से पहले शारदा नदी और घाघी नाले के जलस्तर में संभावित बढ़ोत्तरी को देखते हुए निघासन क्षेत्र के रानीगंज बंधे की मरम्मत को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह ने प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग से भेंट की और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए रानीगंज बंधे की तत्काल मरम्मत की मांग दोहराई। राजा राजेश्वर सिंह ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि यह मामला पहले भी 25 मार्च को विभाग के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि शारदा नदी में बरसात के दौरान जल स्तर तेजी से बढ़ता है, जिससे घाघी नाले के क्षतिग्रस्त स्थानों से पानी सीधे ग्रामीण इलाकों में प्रवेश करता है और दर्जनों गांवों में तबाही मचा देता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल ने भी रानीगंज बंधे का निरीक्षण कर अधिकारियों को मरम्मत के निर्देश दिए थे, लेकिन सिंचाई विभाग की ओर से बार-बार बजट की कमी का हवाला देकर कार्य शुरू नहीं किया गया। राजा राजेश्वर सिंह ने बताया कि इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव और जिलाधिकारी को भी पत्र भेजकर घाघी क्षेत्र के कार्यों को लेकर मांग उठाई थी, जिसके फलस्वरूप बैलहा में एक दशक से पटे नाले की सफाई कर जल निकासी बहाल की गई थी और तमोलिनपुरवा के पास बहतिया नाले पर क्षतिग्रस्त बंधे की मरम्मत शुरू हुई थी, जिसे जनता ने सराहा था। लेकिन रानीगंज का बंधा अब भी उपेक्षित है। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव से भेंट में उन्होंने रानीगंज बंधे के अलावा मदनापुर लालबोझी में शारदा नदी से हो रहे जल रिसाव को भी तत्काल रोकने की मांग की, जिस पर प्रमुख सचिव ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद को आवश्यक निर्देश भी जारी किए।

## मानसून से पहले सफाई अभियान में जुटे एसडीएम राजीव निगम, खुद थामी झाड़ू

**निघासन (खीरी)।** मानसून के दस्तक देते ही जलभराव और नालियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम राजीव निगम एवं अधिशासी अधिकारी राजीव निगम ने शुक्रवार को नगर में सफाई व्यवस्था की स्वयं कमान संभाल ली। उन्होंने नगर के सभी वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी और कई स्थानों पर सफाई कार्य में स्वयं शामिल होकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। एसडीएम राजीव निगम ने सफाई नायक सुरेन्द्र कुमार को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी हाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डों में जगह-जगह फैली गंदगी और बंद पड़ी नालियों पर



नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सफाई अभियान के दौरान सड़कों से अतिक्रमण भी हटवाया गया। एसडीएम राजीव निगम ने आमजन से अपील की कि वे साफ-सफाई में नगर प्रशासन का सहयोग करें और अपने आसपास सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में नियमित सफाई कराई जा रही है और प्रयास है कि निघासन को स्वच्छ और स्वस्थ नगर बनाया जा सके।

## मैगलगंज पुलिस ने लूटकांड का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, दो अभी भी फरार

**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

थाना मैगलगंज क्षेत्र के दीक्षितपुर गांव के बाहर बीते 6 जून को हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से नकदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। यह वारदात उस समय हुई थी जब दीक्षितपुर गांव निवासी अनिकेत पुत्र गोकरन अपनी नवविवाहिता बहन प्रिंसी और छोटे भाई आदर्श के साथ मोटरसाइकिल से भिकनापुर (थाना मितौली) से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह दीक्षितपुर गांव के बाहर पहुंचा, तीन अज्ञात लुटेरों ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली और हथियार दिखाकर लूटपाट शुरू कर दी। लुटेरों ने प्रिंसी के कान से दो कुंडल और गले का हार जबरन उतरवा लिया और मौके से फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र




में सनसनी फैल गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन कर दिया। लंबे प्रयासों के बाद 20 जून को पुलिस को सफलता मिली, जब कठिना नदी पुल के पास से दो आरोपी गिरफ्तार किए गए। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी क्षेत्र में पुनः लूट की नीयत से सक्रिय थे। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान पंकज पुत्र माताप्रसाद निवासी ग्राम बेलवा, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर (उम्र लगभग 39 वर्ष) और छोटू पुत्र गोवर्धन निवासी ग्राम लोनियन पुरवा, थाना व जनपद खीरी (उम्र लगभग 24 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से रु.7,210 नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (नंबर UP31AA8523) बरामद की। पूछताछ में दोनों ने लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, इस लूटकांड में रंजीत कुमार पुत्र भगवानदास निवासी चौवापुर, थाना खीरी और अंशु तिवारी पुत्र श्यामू तिवारी निवासी चौफेरी, थाना शारदानगर भी शामिल थे, जो अभी फरार हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पंकज के खिलाफ पहले से कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उस पर बलात्कार, जान से मारने की धमकी, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमे चल रहे हैं। छोटू पुत्र गोवर्धन के खिलाफ वर्तमान लूट के मामले के अलावा अन्य कोई बड़ा आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर मामले का पूरी तरह से पटाक्षेप कर दिया जाएगा।

## झमाझम बारिश से खेतों में भरा पानी, किसान खुश

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र में पिछले कई दिनों से प्रतीक्षित झमाझम बारिश ने आखिरकार धरती को भिगो ही दिया। गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह से हुई वर्षा से खेतों में पानी भर गया है, जिससे क्षेत्र के किसान गदगद नजर आ रहे हैं। बारिश के बाद खेतों में जहां भरपूर नमी आ गई है, वहीं खरीफ की फसल की बुवाई की तैयारी में जुटे किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों का कहना है कि यह बारिश उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। खासकर धान की फसल के लिए यह समय पर हुई वर्षा बेहद लाभकारी मानी जा रही है। ग्राम रामपुर अरना, मद्दोघाट, मीरपुर, रेहरा, और अचलपुर, परसिया समेत आसपास के गांवों में खेतों में पानी भरने से किसानों में नई उम्मीद जगी है। किसान उदयभान, मंगरे, विशाल, खेलावन आदि ने बताया कि अगर इसी तरह बारिश होती रही तो इस साल अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

## जनपद में चलाया गया प्रवर्तन अभियान



**बलरामपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 20/06/2025 को श्री राजेश्वर सिंह सहायक आबकारी आयुक्त ई.आई.बी., अलंकार सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 उतरौला अतिरिक्त चार्ज क्षेत्र प्रथम सदर, हरेंद्र यादव आबकारी निरीक्षक, अयाज अहमद ईआईबी प्रधान आबकारी सिपाही, प्रधान आबकारी सिपाही क्षेत्र प्रथम सदर बलरामपुर बाल गोविंद चौधरी, प्रधान आबकारी सिपाही उमेश कुमार, आबकारी सिपाही कविता गुप्ता, आबकारी सिपाही अतुल कुमार गौड़ आदि के साथ थाना कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम हसुवाडोल, लालाजोत पुरवा व उदयराज पुरवा मे दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई और आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किया।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत चौपाल का आयोजन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 20 जून 2025 को उतरौला विधानसभा क्षेत्र के सादुल्ला नगर मंडल अंतर्गत रामपुर अरना एवं रामपुर ग्रांट शक्ति केंद्र पर पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री सुमित सिंह रहे। उन्होंने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना जैसी योजनाओं को गरीब, ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के लिए वरदान बताया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संतराम यादव, सेक्टर संयोजक संगम लाल वर्मा, दशरथ वर्मा, विनोद यादव, तिलक राम समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहे। सभी ने सरकार के प्रयासों की सराहना की और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना तथा जनता से संवाद स्थापित करना रहा।

# छह जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स की होगी मेगा ई-नीलामी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर परिवर्तित कर रही योगी सरकार प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

ऐसे में, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा मेगा ई-नीलामी की




### 11 जुलाई को होगी ई-नीलामी, पांच जुलाई तक आवेदन

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, मेगा ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान 4 जुलाई तक कर सकते हैं। जबकि, सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित है। इन सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकर्ताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

जो स्कीम पेश की गई है उसके जरिए 300 स्क्वेयर मीटर से लेकर 13,197 स्क्वेयर मीटर तक के प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा।

### अमेठी में होगी सर्वाधिक 33 प्लॉट्स की नीलामी

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में प्रदेश के 16 जिलों में कुल 144 औद्योगिक भूखंडों की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। इसमें सर्वाधिक 33 प्लॉट्स अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट्स सबसे छोटे हैं, जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपए है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा प्लॉट 13,197 स्क्वेयर मीटर का है जो कि कानपुर के मलवां स्थित है, जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपए है और इसका उपयोग सामान्य कैटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, फतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक प्लॉट्स की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

# सीएम योगी सरकारी भ्रष्टाचार और अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर उठाएं सख्त कदम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी विभाग में तबादले में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर सियासत तेज हो गई है। तबादले के मुद्दे पर सपा नेता अखिलेश यादव के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी सरकार पर निशाना साधा है।

मायावती ने कहा कि सरकारी भ्रष्टाचार और अफसरों की मनमानी पर मुख्यमंत्री योगी को जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा व खबरों का सीएम योगी को कड़ा संज्ञान लेकर न सिर्फ भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग आदि को सक्रिय करना चाहिए, बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना चाहिए। यह जन व देशहित में जरूरी है। सरकारी भ्रष्टाचार व अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर यूपी सीएम जितना जल्द सख्त कदम उठाए उतना बेहतर। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर एक शायरी के अंदाज में सरकार को घेरने का प्रयास किया। सपा प्रमुख ने लिखा कि जिसको ट्रांसफर में हिस्सा नहीं मिला है और अब वह किस्सा सुना रहा है। सच यह है कि कई मंत्रियों ने ट्रांसफर की फाइल की 'फीस' नहीं मिलने पर फाइल लौटा दी है। हाल ही में मायावती ने योगी सरकार में हुई कांस्टेबल भर्ती पर सवाल उठाए हैं। यह एक रूटीन कार्य था।

## खबरें एक नजर में

### जीपीओ में डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जीपीओ लखनऊ में आज डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जीपीओ के डिप्टी चीफपोस्ट मास्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डाक कर्मियों और ग्राहको ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पांच शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे दो आधार अपडेशन,दो वितरण पावतियो को उपलब्ध कराने और एक सुकन्या समृद्धि खाते में नाम संशोधन व उसके स्थानांतरण से सम्बंधित थीं। सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया, शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट रहे। पीएमजी लखनऊ ने यह पहल 2 मई से शुरू की थी ताकि ग्राहक की कोई समस्या हो तो उसका त्वरित समाधान किया जा सके। इसी क्रम में माह के हर प्रथम और तीसरे शुक्रवार को प्रात:8 बजे से 11 बजे तकजीपीओ में डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इतना ही नहीं हर कार्य दिवस में सुबह प्रात:10 बजे से सायं 6 बजे तक जीपीओ के जन सहायता नम्बर 0522-2239103 पर ग्राहक अपनी समस्या बता सकते हैं, जिसका त्वरित समाधान होगा।

### सीएम आवास के पास स्कॉर्पियो में स्टंट करता युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक युवक ने मुख्यमंत्री आवास के पास चलती स्कॉर्पियो कार में खतरनाक स्टंट किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक चलती हुई स्कॉर्पियो का दरवाजा खोलकर स्टंट कर रहा है, जिससे सड़क पर अन्य राहगीरों की जान खतरे में पड़ सकती थी। यह खतरनाक करतब 1090 चौराहे से मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने वाली सड़क पर अंजाम दिया गया। वायरल वीडियो में जिस स्कॉर्पियो का इस्तेमाल किया गया, उस पर विधान परिषद सचिवालय का स्टीकर भी चस्पा नजर आया, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या आरोपी किसी प्रभावशाली शख्स से जुड़ा हुआ है। वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही पुलिस हरकत में आ गई। हजरतगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टंटबाज चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा अब यह जांच की जा रही है कि वाहन पर लगा विधान परिषद सचिवालय का स्टीकर असली है या फर्जी। सार्वजनिक मार्ग पर इस प्रकार के स्टंट न केवल अवैध हैं, बल्कि राहगीरों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। पुलिस अब इस केस में आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी में है।

### पूर्वांचल में आरएलडी ने पसारे पांव, जयंत 23 को पहुंचेंगे वाराणसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी आगामी 23 जून को वाराणसी पहुंचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। इस दौरे को पूर्वांचल में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क अभियान के रूप में देखा जा रहा है। पूर्वांचल में बढ़ते जनसमर्थन और संगठन की मजबूती को देखते आरएलडी अब इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और प्रभावी बनाने जा रही है। जयंत चौधरी अपने दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद, सामाजिक संगठनों से मुलाकात, तथा पूर्वांचल के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। आरएलडी की पहल स्पष्ट संकेत देती है कि अब पार्टी केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं बल्कि पूरे राज्य में सशक्त विकल्प के रूप में उभर रही है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि वाराणसी दौरे के दौरान जयंत चौधरी कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम, प्रेस कांफ्रेंस तथा जनप्रतिनिधियों और युवाओं से भेंट करेंगे। इस दौरे से राष्ट्रीय लोकदल पूर्वांचल में जड़ों को और गहरा करेगा।

### सर्वोदय विद्यालयों में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ है, जो खुद के साथ पूरे समाज को स्वस्थ रखने की वैश्विक भावना को दर्शाती है। इस अवसर पर विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से सामूहिक योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्राणायाम एवं योगासन करवाए जाएंगे। योग के लाभ और जीवन में इसकी महत्ता पर भी जागरूक किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। समाज कल्याण विभाग का यह प्रयास है कि समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बल्कि वे स्वस्थ और अनुशासित भी बनें। योग दिवस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### समस्याओं के समाधान के लिए व्यापारी हुए एकजुट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को अर्जुनगंज में व्यापारियों की एक बैठक सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव की उपस्थिति में कमला टावर नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में हुई, जिसमे व्यापारियों ने अर्जुनगंज में दुकानों के सामने जलभराव, बिजली कटौती और सड़क निर्माण की वजह से आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए अर्जुनगंज सरसंवा सर्वहित व्यापार मंडल का गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से प्रीतम मिश्रा को अध्यक्ष, मंसूर अहमद को वरिष्ठ महामंत्री, रणवीर यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश गुप्ता, गौरव अग्रवाल को महामंत्री, वीरेन्द्र यादव और राजकुमार यादव को उपाध्यक्ष, सुनील अग्रवाल, अंशुल निगम, योगेश यादव और प्रशांत गुप्ता को सचिव, रतन लाल खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष, आदर्श यादव और शैलेन्द्र सिंह चौहान को मीडिया प्रभारी, हिमांशु गुप्ता पीयूष पांडे और गौरव अग्रवाल को सलाहकार और सिकंदर पाल जी को संरक्षक मनोनीत किया गया।

उत्तर प्रदेश के पांच जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगी शुरुआत

# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा हुनर हाथ प्रोजेक्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और नवाचारी पहल करते हुए युवाओं को घरेलू सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी, जिसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

हुनर हाथ योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, देखभाल, घरेलू उपकरणों का रखरखाव जैसी सेवाओं में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण आवासीय एवं अनावासीय दोनों रूपों में होगा। इसके अंतर्गत सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थानों की साझेदारी से योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। युवाओं को एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जहां से आम नागरिक उनकी सेवाएं ले सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि %हुनर हाथ% के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे।

इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत हुनर हाथ पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

### भातखण्डे में होगा सूर्य नमस्कार योग व मुद्रा योग का अभ्यास

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति विभाग द्वारा भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में 21 जून को 'सूर्य नमस्कार योग मुद्रा एवं योग अभ्यास' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः कालीन सत्र के रूप में होगा, जिसमें सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं एवं योग अभ्यासों का अभ्यास विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कराया जाएगा।विवि प्रशासन द्वारा विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से इस योग सत्र में सम्मिलित होने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सामूहिक सहभागिता के माध्यम से योग के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# 517 चिन्हित ग्रामों में पहुंचेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : वेंकटेश्वर लू

**योजनाओं का लाभ पहुंचाने व 15 नवंबर तक लक्ष्य पूर्ति पर जोर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान तथा धरती आबा जनभागीदारी अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग अपने स्तर से सुनियोजित प्रयास करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रचार-प्रसार, चिन्हित ग्रामों में लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुँच, तथा लास्ट माइल, फर्स्ट प्रियोरिटी के विजन को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। श्री लू धरती आबा जनभागीदारी अभियान के संबंध में आज यहां बापू भवन स्थित सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को किया गया था। इस अभियान के तहत देश भर के 63,000 से अधिक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की 25 प्राथमिक योजनाओं को मिशन मोड में पहुँचाना है। उत्तर प्रदेश के 26 जनपदों के 47 विकास खण्डों के 517 ग्राम चिन्हित किए गए हैं।

### नदियों की निर्मलता का ध्यान रखना सबकी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** नदियों का हमारे जीवन मे बहुत योगदान है। पीढ़ियों से हम उन्हें माँ का दर्जा देते आये हैं तो उनके प्रति अपने दायित्व से विमुख कैसे हो सकते हैं। हमे उनकी निर्मलता का ध्यान रखना होगा। रामसनेहीघाट बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट अंतर्गत बूढ़वा बाबा मंदिर के पास स्थित कल्याणी नदी में हर वर्ष मूर्तियों के विसर्जन के बाद अवशेषों और गंदगी के कारण इसका प्रवाह रुक गया है। अब नदी में जल के स्थान पर कचरा और मूर्तियों के टुकड़े ही दिखाई देते हैं। दरियाबाद और भिटरिया क्षेत्र के करीब चार दर्जन से अधिक स्थानों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन इसी कल्याणी नदी में किया जाता है। पानी की कमी और बहाव के अभाव में ये मूर्तियाँ नदी में ही ठहर जाती हैं।

# सहारा बाजार खाली करवाने पहुंचे एलडीए अधिकारियों का व्यापारियों ने किया विरोध

समृद्धि न्यूज



**गोमती नगर के विभूति खंड में करीब 4741 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस व्यावसायिक भूखंड की लीज खत्म होने के बाद अब एलडीए इसे अपने कब्जे में लेने की तैयारी में**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पॉलिटेक्निक चौराहे के पास सहारा बाजार खाली करवाने पहुंचे एलडीए अधिकारियों के सामने दुकानदारों ने बवाल शुरू कर दिया। कुछ दुकानदारों ने सामान में तोड़फोड़ भी की। उनका कहना है कि कार्रवाई के बाद हमारी शिफ्टिंग या फिर से आवंटन का आदि का लिखित आश्वासन दिया जाए। विरोध के बीच अफसरों ने दुकानों पर ताले जड़ दिए हैं।

व्यापारियों से कहा है कि आपको एक चाबी दी जाएगी। कार्रवाई के दौरान कई बार टीम के सदस्यों ने उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार सिंह फोन पर वार्ता की। इस दौरान बड़ी संख्या में एलडीए के सुरक्षाकर्मी और स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स मौजूद रही। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लीज शर्तों के उल्लंघन पर सहारा इंडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड की लीज डीड को निरस्त कर दिया है। अब इस बाजार को सील कर कब्जे में किया जाएगा। बाजार को खाली करवाने के लिए जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी टीम दोपहर करीब 1.00 बजे खाली करवाने पहुंची। इस दौरान टीम को एक-एक करके सभी व्यापारी और उनके साथ आए वकीलों ने घेर लिया। व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एलडीए अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा से मिलकर आया। जहां उन्हें आश्वासन दिया गया कि बिल्डिंग खाली करवाने के बाद जिस किसी को भी हैंडओवर की जाएगी उसमें उन्हें दुकानों का आवंटन फिर से किया जाएगा।

# मैगी पार्टी करने वाले बदमाश का एनकाउंटर

**पुलिस ने दौड़ाकर मारी गोली, सात साथी भी पकड़े गए**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चोरी के दौरान साथियों के साथ मैगी पार्टी करने वाले चोर गैंग का सरगना शुक्रवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। शातिर चोर 7 साथियों के साथ सर्वोदयनगर मजार के पास चोरी का सामान बांट रहा था। पुलिस ने घेराबंदी की तो चोरों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सरगना के पैर में गोली लगी।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके अस्पातल में भर्ती कराया। उसके पास से तमंचा, कारतूस, खोखा और चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसके 7 साथियों को भी पकड़ लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। गाजीपुर पुलिस के मुताबिक, पिछले दिनों इंदिरानगर के मकान में चोरी हुई थी। चोरी के दौरान चोरों ने मैगी पार्टी की थी। चोरी की तलाश में टीम लगी थी। शुक्रवार तड़के गश्त के दौरान सर्वोदय नगर मजार के पास संदिग्ध लोगों बैठे दिखे। घेराबंदी करने पर उनमें से एक युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान तकरोही बजारा निवासी हिमांशु उर्फसंजू के रूप में हुई। उसके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। उसके कुछ साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि सभी चोर गैंग के सदस्य हैं। हिमांशु गैंग का सरगना है। गैंग बंद घरों की रेकी करके चोरी करता था। इंदिरानगर के सी-ब्लॉक के 499 मकान में बैंक से रिटायर्ड भूपाल सिंह बसेरा परिवार के साथ रहते हैं। उनके दोनों बेटे सेना में तैनात हैं। 8 जून को भूपाल सिंह की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। इसके चलते बेटे आलोक बसेरा ने इलाज के लिए पिता को दिल्ली बुला लिया। भूपाल सिंह अपनी पत्नी नीरू बसेरा के साथ दिल्ली चले गए थे। देखभाल करने वाली पड़ोसी दीपा बिष्ट ने सोमवार को देखा उनके घर की लाइट जल रही है। वो अंदर गई तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। गहने और नकदी गायब थी। उन्होंने भूपाल को इसकी जानकारी दी थी।

### कृषि निदेशक ने उच्च जीएसवीए वाली फसलों पर दिया जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि और खरीफमौसम में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु, कृषि निदेशक की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रदेश के मंडलों के संयुक्त कृषि निदेशक और सभी जनपदीय उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि निवेश की व्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की ताकि किसानों को योजनाओं के तहत तकनीक और अनुदान का लाभ समय पर मिल सके। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और यूपी के सीएम के प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लक्ष्य को साकार करने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# रिंग रोड चौकी की सर्विस लेन धंसी इंदिरानगर में 100 मीटर रास्ता ब्लॉक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रिंग रोड पुलिस चौकी के सामने रिंग रोड की सर्विस लेन धंस गई है। इंदिरा नगर सेक्टर 18 में बारिश के चलते यह हादसा हुआ है। मौके पर रास्ते की बैरिकेडिंग की गई है। आसपास में मौजूद लोगों का कहना है कि देर रात में बारिश के बाद सड़क धंस गई। नाला ओवरफ्लो हो गया था। पहले से छोटा गड्ढा बना हुआ था। बारिश के बाद में यह बड़ा हो गया। रिंग रोड पुलिस चौकी के अपोजिट साइड में यह गड्ढा हुआ है। इसके नीचे सीवर लाइन मौजूद है। गड्ढे में अभी भी पानी जमा है। लगातार पानी का रिसाव भी बना हुआ है। बावजूद इसके कोई सावधानी नहीं बरती गई। इसके पास में मौजूद बिजली के खंभे भी इसकी जद में है। उनके भी धंसने का खतरा बना हुआ है। मौके पर नगर निगम की तरफसे सर्विस लेन पर बैरिकेडिंग की गई है। नगर निगम के अधिकारियों की तरफसे घटना के बाद भी लापरवाही बरती जा रही है।

हालत यह है गड्ढे के अंदर पानी का रिसाव हो रहा है, जबकि ऊपर से कॉन्क्रीट का मलबा दोपहर करीब डेढ़ बजे डलवा दिया गया। ऐसे में फिर से सड़क और हिस्सा धंस सकता है। मामले में लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मौके पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि उनकी तरफ से गड्ढे को साफ करने का काम किया जा रहा। फिर ऐसे में नगर निगम ने मलबा क्यों डाल दिया? मौके पर पीडब्लयूडी अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे हुए हैं।

# उत्तर प्रदेश में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 से अधिक योग पार्क विकसित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं।

इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को हजारों की संख्यां में लोग एक साथ योग करेंगे। योग पार्कों को इस रूप में विकसित किया गया है,जहां स्थानीय लोग योग दिवस के बाद भी योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित कर सकें। नगर विकास विभाग ने राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क,स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं।

### नगर विकास विभाग ने विकसित किए 100 से अधिक योग पार्क

यूपी नगर विकास विभाग ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए प्रदेश स्तर पर योग पार्कों का विकास किया है। इन योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं।जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि प्रदेश के नगरीय निकायों में योग पार्क विकसित किये गये हैं। इनमें नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा।

पहल | स्मृतिका वॉर मेमोरियल में लेजर लाइट एंड साउंड शो से दिखाई जाएगी शहीदों की शौर्य गाथा

# स्मृतिका वॉर मेमोरियल राष्ट्र गौरव व बलिदान के प्रतीक : जयवीर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** देश की सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लखनऊ के कैन्टोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरूआत की जाएगी।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। इस पहल का उद्देश्य देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है। युवाओं में देश प्रेम की भावना जगाना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना के तहत शो की संपूर्ण डिजाइन, स्थापना, पांच वर्षों तक संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था की जाएगी। इस अनूठे प्रयास के माध्यम से इतिहास, नवाचार और भावनात्मक कहानियों के जरिए दर्शकों के सामने अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। यह दृश्य दर्शकों में देशभक्ति की भावना के साथ-साथ ऐतिहासिक जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। यह शो न केवल युवाओं में जागरूकता बढ़ाएगा बल्कि प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देगा।

लेजर लाइट एंड साउंड शो में भारत के वीरता भरे युद्ध इतिहास को दर्शाने के लिए विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति तैयार की जा रही है। इस प्रस्तुति में लाइव-एक्शन फुटेज, अत्याधुनिक एनीमेशन, चित्रण, प्रभावशाली वर्णन और भावनात्मक संगीत संयोजन का समावेश होगा। शो की संकल्पना एक विशेष रूप से लिखी गई स्क्रिप्ट पर आधारित है, जो दर्शकों को देश के सैन्य इतिहास की यात्रा पर ले जाएगा।दर्शकों के लिए सशस्त्र सेनाओं को समर्पित विशेष कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है, जिसकी अवधि लगभग 15 से 20 मिनट होगी। इस शो की ऑडियो सामग्री दो भाषाओं में प्रस्तुत की जाएगी, ताकि यह विविध दर्शकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

**इस परियोजना का उद्देश्य न केवल शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक संदेश देना है, बल्कि देश की रक्षा में लगे वीर सैनिकों के बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करना भी है। स्मृतिका वॉर मेमोरियल हमारे राष्ट्र के गौरव और बलिदान का प्रतीक है। लेजर लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी विशेषकर युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान और इतिहास से अवगत कराना है। यह परियोजना नवाचार के माध्यम से विरासत संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लखनऊ के सांस्कृतिक पर्यटन परिदृश्य को समृद्ध करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है, जो स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को भारत के वीर सेनानियों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी।**

### केन्द्रीय वन मंत्री का कतर्नियाघाट दौरा, गेरुआ नदी में छोड़े गए घड़ियाल के बच्चे, प्रजनन केंद्र का किया निरीक्षण

# घड़ियाल प्रजाति संरक्षण की गवाह बनी गेरूवा नदी की स्वच्छ धारा

समृद्धि न्यूज





**कतर्नियाघाट अच्छी कनेक्टिविटी व अनोखे हैबीटेट के कारण प्राकृति प्रेमियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय स्थान**

**बहराइच।** मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय वन्यजीव प्रभाग भारत सरकार भूपेन्द्र यादव ने राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के.पी. मलिक, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, महानिदेशक वन एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार सुशील कुमार अवस्थी व अपर महानिदेशक (वन्यजीव) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रमेश कुमार पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष वन विभाग उ.प्र. सुनील चौधरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कतर्नियाघाट की लाइफ लाइन गेरूआ नदी में नौका विहार किया तथा घड़ियाल के एक वर्षीय बच्चों को नदी की जल धारा में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है।

वनों और वन्यजीवों से पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखमय बनाते हैं। भारत में विभिन्न प्रजातियों के कई वन्यजीवों का वास है। वन्यजीव भी प्राणी हैं। उन्होंने कहा कि दुधवा टाईगर रिज़र्व के भ्रमण के दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कन्जर्वेशन के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों तथा वन क्षेत्रों के आस-पास स्थित ग्रामवासियों के साथ बैठके की है जिसमें 25 से 30 सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्राप्त हुए सुझावों को शामिल करते हुए वन एवं वन्यजीवों के विकास एवं संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की जायेगी ताकि मानव व वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी लायी जा सके।वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है की समुदाय आधारित विकास हो और लोग हेल्दी इन्वायरमेंट में स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि नाना प्रकार पर्यावरणीय समस्याओं के सरल समाधान के रूप में हमें अधिक से अधिक पौध रोपित करने होंगे। श्री यादव ने लोगों का आहवान किया कि एक पेड़ के नाम अवश्य लगायें।

घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग पर फैले कतर्नियाघाट को अत्यन्त सुन्दर व अद्वितीय स्थान बताते हुए कहा कि वह प्रदेश के ऐसे स्थानों के विकास के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श करेंगे। कतर्नियाघाट अच्छी कनेक्टिविटी व अनोखे हैबीटेट के कारण प्राकृति प्रेमियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय स्थान है। वन मंत्री ने कहा कि बाघ, हाथी व गैंगटिक डॉल्फिन इत्यादि वन्यजीवों के संरक्षण के पूर्व से परियोजनाएं संचालित है। गेरूआ नदी में घड़ियाल के बच्चों को छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है।

श्री यादव ने आमजन से अपील की कि वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि मुआवज़े से सम्बन्धित प्रकरणों समयबद्ध कार्यवाही करें ताकि पीड़ित पक्ष को सहायता मिलने में विलम्ब न होने पाये। कतर्नियाघाट के भ्रमण के दौरान वन मंत्री श्री यादव ने इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में स्पेशल टाईगर प्रोटक्शन फोर्स के जवानों के संवाद कर संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा जंगल गश्त हेतु किट का वितरण किया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा, सहायक महानिदेशक, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार राकेश कुमार जोगनिया, संयुक्त निदेशक, वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो नई दिल्ली डॉ कृपाशंकर, फील्ड डायरेक्टर दुधवा एच. राजामोहन, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिवशंकर, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह, डब्लू.डब्लू.एफ. इण्डिया के को-आर्डिनेटर आशीष विष्ठ, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीपक सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## छिपी हुई प्रतिभाओं को खोजने का काम करेगी अभाविप : आदर्श शुक्ला



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 150वीं जन्म जयंती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से पहुंची मिट्टी का संघ कार्यालय पर स्वागत हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजकिशोर ने कहा की धरतीपुत्र भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे जननायक थे जिन्होंने अपने अथक प्रयास से आदिवासी समाज के उत्थान और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रयास किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जनजातिय कार्य सह संयोजक आदर्श ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष में विभिन्न कैंपस में संगोष्ठी, स्टडी सर्किल छात्रावासो का सर्वेक्षण, पुस्तकों का प्रकाशन करेगी।

जनजातीय क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से निकालने का काम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करेगी। भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान से आई हुई मिट्टी का विभिन्न कालेज कैंपस व जनजातीय ग्राम बलाई गांव, अंबा, बर्दिया में नमन वंदन कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अंकुल राठौर, विभाग संयोजक विराट शुक्ला, जिला संयोजक देवाशीष सिंह, रणवीर गुप्ता, हरीश अतुल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मनरेगा में जेसीबी की भरमार, बीडीओ ने कार्य को किया श्रमदान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के गांवों में श्रमिकों की जगह जेसीबी मशीन से मनरेगा में कार्य कराने की भरमार है। रायगंज ग्राम पंचायत में जेसीबी मशीन से मनरेगा में कार्य कराने तथा फर्जीवाड़े का मामला ठंडा ही नहीं हुआ था। कि बेतनिहा ग्राम पंचायत में जेसीबी मशीन चलाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने जेसीबी मशीन से नाला सफाई का वीडियो बनाकर खंड विकास अधिकारी को भेजकर कार्यवाही की मांग की। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि गांव के श्रमिकों को काम पर न लगाकर जेसीबी मशीन से कार्य करवाया जाता है। मनरेगा में फर्जीवाड़ कर जिम्मेदार सरकारी धन की लूट कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया है कि जिस कार्य पर जेसीबी मशीन चलाने का मामला सामने आया है। उस कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया गया है।

### 24 जून को भावी उद्यमियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के उद्यम स्थापना/स्वारोजगार हेतु इच्छुक युवकों/युवतियों को आगामी 24 जून को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत सभागार गोण्डा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम दिया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों के मध्य योजना का प्रस्तुतीकरण करने के साथ-साथ पोर्टल के माध्यम से योजना के सुचारु क्रियान्वयन के अतिरिक्त फेन्चाइजी, बिजनेस माडल, इनोवेटिव प्रोजेक्टस, प्रोजेक्ट रिर्पोट एवं कोटेशन तथा प्रश्नोत्तरी के साथ फीडबैक सत्र भी आयोजित होगा। उपायुक्त उद्योग ने कहा कि जनपद के समस्त भावी उद्यमी उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। प्रशिक्षण में ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### करंट लगने से मां और बेटे की हुई मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के मुनीमपुर कलां गांव में एक परिवार पर शुक्रवार की सुबह दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सुबह की किरण चीख पुकार और मातम में बदल गई। खबर है कि थाना क्षेत्र के मुनीमपुर कलां गांव निवासी आलम आरा पत्नी जिब्राइल उम्र करीब 35 वर्ष, तथा ग्यारह वर्षीय बेटा इस्लाम अली करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मां बेटे अपने घर के एक कमरे में मौजूद थे। कमरे में रखा फराटा पंखा में अचानक बिजली का करंट आ गया। जिस कारण दोनों लोग करंट की चपेट में आ गए। जिससे दोनों लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतका के पति जिब्राइल अपने दो बेटे राजू और गुड्डू के साथ जम्मू कश्मीर में भट्ठे पर काम करते हैं। मृतक इस्लाम चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। मृतका बेटे इस्लाम 11 वर्ष तथा एक चार वर्षीय सलाहुद्दीन बेटे के साथ गांव पर रहती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बना हुआ है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### डीसीएम व ट्रक में आपस में टक्कर, डीसीएम चालक की मौत

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।** डीसीएम व ट्रक की आपस में टक्कर से डीसीएम चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ बहराइच मार्ग घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के निकट गुरुवार देर रात्रि करीब 11.30 बजे लखनऊ से जरवलरोड की तरफ आ रही त्रिपाल से ढकी डीसीएम को सामने से आ रहे ईंट लदे अनियंत्रित ट्रक आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की आपस में जोरदार टक्कर के चलते डीसीएम चालक सीट पर ही फंस गया मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस कर्मियों के अथक प्रयास डीसीएम चालक को बाहर निकलते हुए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया मृतक की पहचान जिला हाथरस ग्राम थाना चन्डपा निवासी 40 वर्षीय जितेंद्र शर्मा पुत्र बच्चू सिंह के रूप में हुई है।

### विवाहिता जहरीला पदार्थ खाकर अचेत, अस्पताल में कराया भर्ती

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को दूरगामी विवाहिता युवती ने विषाक्त का सेवन कर लिया। डाक्टरों ने गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रिफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगरौल निवासी राजेश कुमार की पुत्री अर्चना की शादी गत वर्षो पहले जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी आशीष प्रजापति के साथ हुई थी और इस समय वह अपने मायके में ही मौजूद थी लेकिन उसने गुरूवार देरशाम घर पर ही विषाक्त का सेवन कर लिया था और बेहोश होने पर इसकी जानकारी परिजनों को हुई थी जिस पर उन्होंने उसे आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया था।

## सनातन धर्म के साक्षी व साक्ष्य आज भी हैं विद्यमान



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जनपद गोंडा नवाबगंज कस्बे के गोला बाजार में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में गुरूवार की कथा में कथाव्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जिन वृक्षों चन्द्रमा,धरती और पर्वतों के नीचे अपनी लीलाएं की वह आज भी विद्यमान हैं।सनातन धर्म के साक्षी और साक्ष्य आज भी हैं। वैज्ञानिक एक बहुत नई और अनूठी बात करते हैं।

वे यह कहते हैं कि व्यक्ति तो विदा हो जाते हैं लेकिन उनसे छोड़ी हुई तरंगें सदा के लिए रह जाती हैं। व्यक्ति तो विदा हो जाते हैं लेकिन उन्होंने जो जिआ, उसके संघात, उसकी वेव्ज, वह सब-की-सब पूरे अस्तित्व में समा जाती हैं और लीन हो जाती हैं।

उस पृथ्वी पर जहां कृष्ण नाचे, उस पृथ्वी पर आज भी कोई नाचे तो कृष्ण की प्रतिध्वनियां सुनाई पड़ती हैं। जहां उन्होंने बांसुरी बजाई, जिन पहाड़ों ने उस बांसुरी को सुना, उन पहाड़ों के पास आज भी कोई बांसुरी बजाए तो प्रतिध्वनि सुनाई पड़ती है। जिस यमुना के तट ने उन्हें देखा और जाना और जिसने उनके स्पर्श को अनुभव किया,



उस यमुना के तट पर आज भी नृत्य हो तो व्यक्ति मिट जाता है, वह अव्यक्ति फिर घेर लेता है। रास को स्त्री और पुरुष के बीच विभक्त जो विराट की शक्ति है, उसके मिलन, उसकी ओवरफ्लोइंग का प्रतीक है इस लिए रास का उपयोग है सदा रहेगा।

## बच्चे सुरक्षित होने पर भी जब तक वे युद्ध क्षेत्र में हैं दिल को शांति नहीं



समृद्धि न्यूज

**करनैलगंज, गोण्डा।** स्थानीय तहसील के ग्राम बरांव के तीन युवक इजराइल में कार्यरत हैं और फिलहाल सुरक्षित हैं। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनावपूर्ण हालात के बावजूद ये युवक अपने परिजनों से संपर्क में बने हुए हैं।

करनैलगंज के बरांव गांव के रहने वाले अशर्फीलाल का बेटा सोनू करीब दस माह पूर्व, जबकि रामकिशोर के दो बेटे धर्मेंद्र कुमार एक वर्ष और सोनू लगभग छह माह पहले रोज़गार की तलाश में इजराइल गए थे। तीनों युवक वहां एक प्लास्टिक फैक्ट्री में कार्यरत बताए जाते हैं। युवकों ने परिजनों को बताया कि वे जिस स्थान पर रहते हैं, वह एक इंडस्ट्रियल एरिया है और वहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हैं। इजराइली सरकार ने श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, जिससे खतरे की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है। हालांकि, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए परिजन इन युवकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन वे फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से अपने बच्चों से बातचीत कर रहे हैं और उनकी सुरक्षा की जानकारी ले रहे हैं। रामकिशोर ने कहा कि भले ही बच्चे सुरक्षित हों, लेकिन जब तक वे युद्ध क्षेत्र में हैं, तब तक दिल को शांति नहीं है।

### सभासद ने की बजरिया चौराहा स्थित पानी की टंकी पर अतिक्रमण की शिकायत

**कालपी (जालौन)।** नगर के मुहल्ला मनीगंज के सभासद ने बजरिया चौराहा स्थित पानी की टंकी पर अतिक्रमण की शिकायत की है। उसका आरोप है कि वहां पर शराब का सेवन भी किया जाता जिससे अराजकता भी होती है। मालूम हो कि नगरपालिका परिषद ने नगर के प्रत्येक वार्ड में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर टंकियों का निर्माण कराया है लेकिन 'यादातर अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर पा रही है। तरीबुल्दा में तो मुहल्ला निवासियों ने तो उसमें जानवर बांधना शुरू कर दिए हैं अब मनीगंज स्थित बजरिया चौराहा स्थित पानी की टंकी में कब्जा कर दुकान संचालित करने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत वार्ड सभासद अम्बरीश अग्रवाल ने पालिका परिषद के अधिकारियों से की है। सभासद के अनुसार उक्त अवैध दुकान पर शाम को नशेड़ियों का जमावड़ा होता है जिससे वहां अराजकता का माहौल रहता है इसलिए उक्त दुकान को पानी की टंकी के नीचे से हटाया जाए।

## हाईवे पर राकेट बनी कार पेड़ में अटकी, दो लोगों की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज



**रुपईडीहा थाना क्षेत्र के वीरपुर सोरहैया गांव के पास हुआ हादसा**

**बहराइच।** रुपईडीहा बहराइच हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ में अटक गई गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए। जिससे कार सवार लोगों की जान बच गई। हालांकि कार सवार दोनों लोगों की हालत गंभीर बनी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की बात कह रही है।

गांव के प्रधान फौजदार यादव ने बताया कि वीरपुर सोरहैया ग्राम में एक कार के पेड़ में अटके होने की सूचना मिली थी। लोगों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी बेकाबू कार लगभग उड़ रही थी इसी दौरान कार पेड़ में जाकर अटक गई पेड़ में अटकते ही कार के दोनों एयर बैग खुल गए थे। पुलिस को सूचना देने का साथ किसी तरह कार सवार लोगों को बाहर निकालकर चिकित्सक के पास पहुंचाया गया जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

रुपईडीहा थाने के प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि कार सवार रुपईडीहा से बहराइच की ओर जा रहे थे। वीरपुर सोरहैया ग्राम के दुर्घटना हुई थी सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाबत जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल कार सवारों की पहचान नहीं हो पाई है।

## पहला ऑडियो-विजुअल 'उम्मीद परामर्श केंद्र' तेजवापुर सीएचसी में शुरू

**डिजिटल माध्यम से मिलेगा परिवार नियोजन पर परामर्श, लाभार्थियों की झिझक होगी दूर**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** परिवार नियोजन के क्षेत्र में एक नई और नवाचारी पहल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजवापुर में 'उम्मीद परामर्श केंद्र' का उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने किया। यह प्रदेश का पहला ऐसा केंद्र है जहाँ लाभार्थियों को परिवार नियोजन के विकल्पों की जानकारी ऑडियो-विजुअल माध्यम से दी जाएगी।

यह पहल पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 'उम्मीद परियोजना' के अंतर्गत शुरू की गई है। परियोजना का उद्देश्य है-दंपतियों को आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की सटीक जानकारी देना, ताकि वे अपनी जरूरत के अनुसार सही विकल्प चुन सकें। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की डॉ. सफिया ज़मीर ने कहा -यह पहल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व संवेदनशील और दूरदर्शी हो तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी नवाचार और गुणवत्ता की मिसाल बन सकते हैं।

इस अवसर पर फार्मासिस्ट, बीपीएम, बीसीपीएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित सीएचसी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल तरीके से दी जाने वाली जानकारी लाभार्थियों के साथ संवाद को और अधिक सहज एवं प्रभावी बनाएगी, विशेष रूप से किशोरियों, नवविवाहितों और पुरुषों के लिए यह व्यवस्था अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।



**नवाचार से बदलेगी परामर्श की तस्वीर**

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया कि परामर्श केंद्र में एलईडी स्क्रीन, जागरूकता फिल्में और गर्भनिरोधक साधनों का डेमो सेटअप उपलब्ध कराया गया है। यहां प्रशिक्षित स्टाफ नर्सों द्वारा गुणवत्तापूर्ण काउंसलिंग दी जाएगी, जिससे सेवाएं सतत और भरोसेमंद बनी रहें। यह पहल विशेषकर दो गर्भधारण के बीच कम से कम तीन साल का अंतर सुनिश्चित करने में सहायक होगी, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए आवश्यक है।उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर समाज में अब भी झिझक और भ्रांतियाँ हैं। ऑडियो-विजुअल माध्यम से परामर्श देना एक ऐसा नवाचार है जिससे लाभार्थी सरलता से जानकारी लेकर अपनी शंकाओं का समाधान कर सकें।



**सामुदायिक जरूरतों पर केंद्रित**

कार्यक्रम में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कंसल्टेंट रामबरन यादव ने बताया कि 'उम्मीद परियोजना' वर्तमान में उत्तर प्रदेश के सात जिलों में संचालित हो रही है। इसके अंतर्गत आशा और एएनएम का क्षमता विकास किया जा रहा है, ताकि वे समुदाय में परिवार नियोजन पर जागरूकता बढ़ा सकें।

## प्रभावी कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थों के अवैध संचरण व बिक्री पर लगाएं प्रभावी अंकुश

**डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई नार्को को-आर्डिनेशन समिति की बैठक**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को.आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये।

डीएम ने कहा कि सभी एजेन्सियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो सभी सम्बन्धित एजेन्सी सूचनाओं को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हुए तत्काल प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई कर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं।

डीएम ने अपराध निरोधक एजेन्सियों को निर्देश दिया कि किसी भी कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स और ड्रग्स की ज़ब्त की गयी मात्रा तथा उस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाय। डीएम ने औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर प्रतिबंधित नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। अवैध मादक पदार्थों के नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाने का ब्योरा प्रत्येक बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा प्रस्तुत किया जाय।

**तैयारी** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गोंडा बनेगा योग जागरुकता का केंद्र, सभी वर्गों की होगी भागीदारी

# पतंजलि की जन्मस्थली कोडर में होगा योग का भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोंडा जनपद इस बार एक ऐतिहासिक और प्रेरणास्पद आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। विकासखंड वजीरगंज स्थित ग्राम कोडर, जो कि योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली माना जाता है, वहां पतंजलि आश्रम के निकट कम्पोजिट विद्यालय परिसर में योग दिवस का आयोजन 21 जून को प्रातः 6.30 बजे से किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**योग जागरूकता को बना रहे हैं जनांदोलन**

इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से कई



जागरूकता गतिविधियाँ प्रारंभ की गई हैं।

योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जनपद में रंगोली प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं, जिनके माध्यम से समाज के सभी वर्गों विशेषकर बच्चों और युवाओं को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर योग अभियान**

इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के अनुरूप गांव-गांव, नगर-नगर के प्रमुख स्थलों व पार्कों में योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। 1 जून से जनपद के सभी 16 विकासखंडों और सभी तहसीलों में योग प्रशिक्षण निरंतर जारी है। हर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत अभ्यास कराया जा रहा है।

**वंचित वर्गों तक पहुँच रहा योग**

एक विशेष पहल के अंतर्गत सरयू किनारे बसे गांवों में रहने वाले मल्लाह, बुनकर, दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन उनके घर जाकर योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक आदर्श मिश्र ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम है। यह पहल ग्रामीण अंचलों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को सकारात्मक जीवन की दिशा में प्रेरित कर रही है।

**प्रशासनिक तैयारी व नामित अधिकारियों की जिम्मेदारी**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में इस आयोजन की भव्यता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रशासनिक व्यवस्थाएँ की गई हैं। मंच, टेंट, साउंड, स्वागत द्वार, चिकित्सा कैम्प, जलपान, परिवहन, सफाई, सुरक्षा आदि के लिए 18 प्रकार की जिम्मेदारियाँ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंप दी गई हैं। अपर जिलाधिकारी, गोंडा इस आयोजन के ओवरऑल इंचार्ज होंगे, और वे समस्त व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।

# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का हुआ भूमि पूजन

**ग्रामीण शिक्षा में नई क्रांति का सूत्रपात**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना के तहत, रायबरेली जिले के मजरा हमीरमऊ ग्राम पंचायत बेला-भेला में सदर विधायक अदिति सिंह और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विद्यालय का भूमि पूजन किया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को भी कम करना है। शिक्षा में समानता की ओर एक कदम के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मॉडल के तहत कुछ चुनिंदा जनपदों को चिन्हित किया है, जिनमें सर्वप्रथम प्रयोग के तौर पर रायबरेली को चुना गया है। प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय को छोड़कर शेष 57 जनपदों में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के नवीन उन्नत विद्यालय का निर्माण किया जाना है। इस विद्यालय में

### 1 से 12 तक की होंगी कक्षाएं, 1500 छात्र-छात्राएं कर सकेंगे अध्ययन

प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं होगी जिसमें लगभग 1500 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर सकते हैं। विद्यालय में कक्षाओं की संख्या 30 होगी जो लगभग 6 एकड़ में बनाया जाए। विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्यिक, कला वर्ग की शिक्षा दी जाएगी। साथ ही प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों कर्मचारियों के लिए आवास की भी व्यवस्था होगी। इसकी अतिरिक्त प्रार्थना स्थल, क्रीडा स्थल, ओपन जिम, सामान्य एवं दिव्यांग शौचालय, झूले, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, इंसीनरेटर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास एवं प्रयोगशालाएं भी बनेगी। इस विद्यालय निर्माण की कार्यदाई संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम) है।

### ग्रामीण अंचलों को मिलेगी उच्च शिक्षा की सौगात

इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जा रहे इस अभिनव प्रयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल विद्यालय ग्रामीण अंचलों में भी अब उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुलभ कराएगा, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण विभाजन कम होगा। यह कदम उन अभिभावकों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आएगा, जिन्हें अक्सर निजी विद्यालयों की मनमानी फीस और अन्य शुल्कों से जूझना पड़ता है।

### निजी संस्थानों पर लगेगी लगाम

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना का एक प्रमुख लक्ष्य निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा अभिभावकों की जेब पर डाले जा रहे डाके पर लगाम कसना भी है। सरकारी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होने से अभिभावकों के पास एक व्यवहार्य और गुणवत्तापूर्ण विकल्प मौजूद होगा, जिससे उन्हें महंगे निजी स्कूलों की ओर देखने की मजबूरी नहीं रहेगी। यह योजना निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखती है, जिससे हर बच्चे को, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, अच्छी शिक्षा का अवसर मिल सकेगा।

## सई नदी में मिला महिला का शव

**बछरावां, रायबरेली।** सई नदी में भवरेश्वर मंदिर के किनारे एक अधेड़ महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर आसपास के लोगों से पहचान कराई परंतु उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के भंवरेश्वर मंदिर के किनारे सई नदी में बुधवार की शाम लगभग 6 बजे के करीब एक विवाहिता का शव पड़ा पाया गया। उम्र तकरीबन 50 वर्ष के आसपास बताई जा रही है वह साड़ी पहने हुए हैं तथा पैर की उंगलियों में बिछिया भी पहने हुए हैं और मांग में सिंदूर लगा है। उसका शव यहां पर कैसे आया और किस वजह से मौत हुई कहां की रहने वाली है अभी इसका पुलिस पता लग रही है। इस बारे में दरोगा हरिमोहन यादव ने बताया कि शव को नदी से निकला गया है अभी उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** दो बाइकों की आपस के भिड़ंत मे एक युवक की हुई मौत। कपूरपुर हलोर भट्ठा के पास दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गई जिसमें कई लोग घायल हुए हैं वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि शंकर पुत्र दिलीप कुमार 21 वर्ष निवासी माझगांव महराजगंज मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया डॉक्टरों ने बताया कि जो अन्य घायल थे उन्हें सीधे रायबरेली लेकर परिजन चले गए।

### दबंगों पर जबरन भूमधरी जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज थाना क्षेत्र के शीतला बक्श मज़रे अंबारा पश्चिम के रहने वाले छोटे लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों के द्वारा उनकी ही जबरन भूमधरी जमीन पर खिड़की खोल कर भूमधरी जमीन कब्जा कर रहे हैं। दरवाजा खोलने के बाद छोटेलल के द्वारा थाने पर शिकायत करने के बावजूद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई। एक बार शिकायत पत्र देने के बाद पुलिस के समझौता कराने के बाद भी नही मान रहे हैं विपक्षी गण। तभी एक बार फिर से थाने में शिकायत की गई। वहीं विरोध करने पर विपक्षी मारपीट पर हो आमादा हो जाते हैं।थाने पर कई बार शिकायत करने के बावजूद नहीं हो रही कोई कार्यवाही पीड़ित लगा रहा न्याय की गुहार। वहीं छोटेलाल का कहना हैं कि हमे पांडेपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने फोन किया है कि आप जमीन दे दो नही तो जबरदस्ती ले लिया जाएगा,मना करने पर फोन पर गली गलौज दिया जाता है। जिसका ऑडियो कोतवाली पुलिस को भी सुनाया गया है। अब देखना यह है कि क्या खबर चलने बाद क्या प्रशासन इस गरीब की मदद करता है या फिर इसे ठंडे बस्ते में डाल देगा।

### ट्रक चालकों ने आपस में की मारपीट, चले लाठी-डंडे

**डलमऊ, रायबरेली।** शुक्रवार की सुबह लगभग 7:00 के आसपास दो ट्रक चालकों के बीच आपस में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों को गंभीर चोटे भी आई मौके पर मौजूद लोगों की माने तो मुराई बाग रेलवे क्रॉसिंग के पास सुबह 7:00 बजे दो ट्रक ड्राइवर किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए और लाठी डंडा निकाल कर एक दूसरे पर लात घुसो एवं लाठी डंडों से वार करने लगे जिसमें दोनों ट्रक ड्राइवर को गंभीर चोटे भी आई हैं स्थानी लोगों ने बीच बचाव कर किसी तरह मामले को शांत कराया इस दौरान वहां पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और कुछ देर तक जाम भी लग रहा इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की कोई जानकारी नहीं है और ना ही इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त हुई है तहरीन मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### महिला थाना के प्रयास से एक परिवार टूटने से बचा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत शुक्रवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा उनकी टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा दोनों की समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें एक वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया। पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

### आकस्मिक दबिश में 50 ली अवैध शराब पकड़ी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-अमेठी, पहलवान का पुरवा, बाबूगंज, नटपुरवा व नजर अली का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना के थाना- बाजार शुक्ल के ग्राम नजर अली का पुरवा से लगभग 50 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही मे 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए। साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया। ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई7 उक्त कार्रवाई में चंद्रभान वर्मा,आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तीरथनाथ, सर्वेश कुमार, संजय सरोज आदि दविस में शामिल रहे।

### पैमाईश करने गए राजस्व निरीक्षक पर महिलाओं ने किया हमला

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र गौरीगंज व थाना जामों के अंतर्गत गौरा गांव में एक जमीन की पैमाईश करने गए राजस्व निरीक्षक राम प्रताप सिंह तथा लेखपाल रंजीत कुमार पर ग्रामीणों तथा महिलाओं ने मिलकर हमला बोल दिया। जमीन की पैमाईश के दौरान गांव निवासी अशोक कुमार, शिवकुमार और उनके घर की महिलाओं ने राजस्व कर्मियों के साथ हाथापाई करते हुए भिड़ गई किसी तरह से राजस्व कर्मियों ने अपनी जान बचाई। जिसका कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अशोक कुमार व शिव कुमार को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने दोनो आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एक आरोपी लकी अभ फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए अभी दबिश दी जा रही है।

### नागा स्वामी की पुण्यतिथि आज

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** उत्तर भारत के ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी की पुण्यतिथि आज विरक्त आश्रम में सुबह 8:00 बजे से मनाई जाएगी। विरक्त आश्रम के महंत स्वामी जगन्नाथ महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागास्वामी की 41वीं पुण्यतिथि आश्रम में सुबह 8 : 00 बजे से हवन पूजन करके मनाई जाएगी। उन्होंने भक्तों से समय से आश्रम पहुंचने की अपील की है।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक

**मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बनाई गई कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, इसके साथ ही विभिन्न विभागों और संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन जनपद मुख्यालय में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रातः 06.00 बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील, ऐतिहासिक स्थल ,विद्यालय और महाविद्यालय में भी कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना, लोगों को स्वस्थ व तंदुरुस्त बनाने के लिए योग को बढ़ावा देना है।

## पंखे की चपेट में आई महिला की हुई मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** करंट से महिला की मौत। चन्दापुर थाना क्षेत्र के पहरावा गांव निवासी हनुमान पत्नी सूरज देई उम्र 70 साल निवासी पहरावां महराजगंज करंट लगने से घटना घटी पंखे में करंट उतर रहा था और पंखे की चपेट में महिला आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ने लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बाइक की टक्कर से घायल महिला की हालत गंभीर

**महराजगंज रायबरेली।** बाइक की टक्कर से घायल हुई महिला जिला अस्पताल रेफर फूलमती पत्नी राजाराम उम्र 50 वर्ष निवासी पुरे हनुमंत सिंह का पुरवा महराजगंज चौराहे पर बाइक सवार की टक्कर से घायल हो गई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## घूस लेते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी को विजिलेंस की टीम ने दबोचा

**विजिलेंस टीम लखनऊ की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप**



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जनपद में एंटी करप्शन एवं विजिलेंस की टीम द्वारा लगातार छापेमारी कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है अभी हाल में ही जनपद के ऊंचाहार तहसील में तैनात एसडीएम के पेश कर को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ घुस लेते हुए गिरफ्तार किया था

शुक्रवार को दोपहर लगभग 1:00 के आसपास विजिलेंस टीम लखनऊ के द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत पर खंड विकास कार्यालय डलमऊ में छापा मारकर एक कर्मचारी को घूस लेते दबोच लिया है और भ्रष्ट्र कर्मचारी को पड़कर अपने साथ ले गई विजिलेंस टीम द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र सहित जनपद भर में हड़कंप मच गया जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए मिली जानकारी के अनुसार डलमऊ विकासखंड के तेरुखा ग्राम में तैनात ग्राम विकास अधिकारी प्रेमचंद रावत ने गांव में होने वाले विकास कार्यों में लगने वाली निर्माण सामग्री के सप्लायर से घुस के रूप में रूपयों की मांग की थी निर्माण सामग्री सप्लायर का लगभग रु.200000 का भुगतान किया जाना बाकी है आरोप है कि इसी भुगतान को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी ने सप्लायर से रु.50000 घूस की डिमांड की थी जिस पर सप्लायर ने विजिलेंस टीम को ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की गई शिकायत के बाद विजिलेंस टीम लखनऊ द्वारा खंड विकास कार्यालय डलमऊ में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेमचंद रावत को रंगे हाथ घूस लेते हुए पकड़ लिया और पूछताछ के लिए उसे अपने साथ ले गई वही विजिलेंस टीम ने संबंधित मामलों के दस्तावेजों को भी अपने साथ ले गई लोगों की माने तो खंड विकास कार्यालय डलमऊ में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा था जिसकी शिकायत लोगों द्वारा लगातार की जा रही थी जिसके चलते आज विजिलेंस टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई इस संबंध में एडिओ डलमऊ कैलाश नाथ पटेल ने बताया कि विजिलेंस टीम लखनऊ द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी नहीं है क्योंकि वह मौके पर मौजूद नहीं थे विजिलेंस टीम ने ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेमचंद रावत को पकड़ कर अपने साथ ले गई है तथा टीम ने मामले से जुड़े दस्तावेज भी एकत्र कर अपने साथ ले गई है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है लेकिन आरोपी को थाने में नहीं लाया गया है टीम उसे अपने साथ ले गई है।

## नगर पालिका में साढ़े तीन करोड़ का गबन करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली की क्राइम ब्रांच ने नगर पालिका में हुई साढ़े तीन करोड़ की ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपी सगे भाई हैं जिसमें से एक नगर पालिका परिषद में एडहॉक पर कंप्यूटर ऑपरेटर था। कंप्यूटर ऑपरेटर विक्रम शर्मा ने सबसे पहले 2022 में कर्मचारियों के एनपीएस अकॉउंट में गबन किया था। मामला खुला तो एफआईआर हुई और विक्रम को जेल भेज दिया गया था। जेल से ज़मानत के बाद इसने 2023 में और बड़ा कारनामा करते हुए अपने घर से ही प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान का साढ़े तीन करोड़ रुपया सीतापुर और मेरठ के खातों में ट्रांसफर कर दिया। दरअसल इसके पास नगर पालिका परिषद के इओ की डिजिटल सिग्नेचर और आधार कार्ड की कॉपी पहले से ही मौजूद थी। इसने इओ की डिजिटल सिग्नेचर और आधार कार्ड कॉपी को अपडेट कर विभागीय तकनीकि जानकारी का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान का साढ़े तीन करोड़ रुपये ट्रांसफर कर लिया। इस पूरे कारनामे में जसवंत शर्मा नाम का व्यक्ति भी इसका सहयोगी था। इस मामले की जानकारी तब हुई जब इस मद का पैसा देखने वाले नगर पालिका के बाबू को अकाउंट से पैसा निकलने का एलर्ट आया। इस जानकारी से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। इओ स्वर्ण सिंह ने इस मामले की एफआईआर की। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और मामला क्राइम ब्रांच के सुपुर्द हो गया। क्राइम ब्रांच ने सबसे पहले विवेचना के दौरान ही नगर पालिका का साढ़े तीन करोड़ रुपया वापस खाते में मांगवाया और इस बीच में ज़मानत पर जेल से छूटे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सवर्ण आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**अमेठी।** एससीएसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाए गए पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय बुधवार 18 जून से अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठे हैं। अनशन के तीसरे दिन शुक्रवार को सवर्ण आर्मी की अमेठी इकाई ने सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष शिवम् मिश्रा की अध्यक्षता में पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय की न्याय तथा सुरक्षा को लेकर सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को संबंधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के ऊपर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाते हुए दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की शिफारिश की गई है तथा न्याय न मिलने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## एसडीएम ने अवैध कब्जे पर चलवाया बुलडोजर

**दो दिन पूर्व हुआ एसडीएम पर हमला मामला**

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद गौरीगंज के माधवपुर वार्ड नंबर 13 में नवीन परती संख्या 292 में उदयभान सिंह पुत्र विजयपाल सिंह द्वारा मकान बनाया गया था, तथा उसी के बगल में गाटा नं. 291 जो चकमार्ग दर्ज है। शिकायत कर्ता भोलानाथ सिंह इसी चक मार्ग से अपनी जमीन गाटा नम्बर 286 की जुताई बुवाई करने के लिए आते जाते थे लेकिन उदयभान सिंह द्वारा इस रास्ता को भी टीन सेड डालकर बंद कर दिया गया था। भोलानाथ सिंह कई सालों से इस रास्ते को खोलने के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र देते रहे। जिसमे बुधवार को एसडीएम प्रीति तिवारी की अध्यक्षता में राजस्व टीम गठित कर मौके पर कब्जा किए हुए रास्ते को साफ करने के लिए जब वहां पहुंची तो उदय भान सिंह के लोगों ने नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी व एसडीएम प्रीति तिवारी के ऊपर हमला कर दिया था, जिसमे नायब तहसीलदार व एसडीएम घायल हो गई तथा तथा अन्य राजस्व कर्मचारी भी चोटिल हुए थे, अभिलेखों को भी नष्ट करते हुए सरकारी वाहनों में भी उपद्रियों द्वारा तोड़फोड़ किया गया था। जिसमे पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पांच लोगों को जेल भेज दिया गया बाकी की तलाश जारी है। बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में उच्च स्तरीय बैठक के बाद शुक्रवार को सुबह अवैध कब्जे को हटाने के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ प्रशासन द्वारा गाटा संख्या 292 जो नवीन परती के खाते में दर्ज है जिस पर उदयभान सिंह द्वारा अवैध निर्माण किया गया था उस निर्माण को ध्वस्त किया गया तथा अभी आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

## 25 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व ÷नशा मुक्त अमेठी अभियान÷ के अन्तर्गत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त सुल्तान पुत्र नियाज अहमद निवासी जमौली भड़भड़पुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक 26 को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमान्डर अखिलेश पाण्डेय (अ.प्रा.) ने बताया कि जनपद के सेवारत, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्यायें यथा-भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान तथा सैनिकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में 26 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के समस्त सेवारत, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय से बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते है।

## डीएम ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का किया निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में आज 21 जून को प्रातः 6 बजे से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य के उचित बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को योग स्थल पर स्वास्थ्य कैंप लगाने को कहा साथ ही बारिश के दृष्टिगत नवोदय विद्यालय के हाल में भी तैयारी पूर्ण रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्याय की आस में अनशन पर बैठा मीडिया पर्सन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई गड़बड़ी को जनपद के एक पत्रकार द्वारा उजागर करना पत्रकार को भारी पड़ गया। जिसके चलते ग्राम प्रधान द्वारा एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा पत्रकार के विरुद्ध बिना किसी साक्ष्य के पंजीकृत करवा दिया गया है। जिसकी पैरवी ग्राम प्रधान द्वारा गोपनीय तरीके से करवाकर जल्द चार्जसीट न्यायालय में दाखिल करवा दी गई। पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय निवासी ग्राम भारथीपुर थाना व जनपद अमेठी द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष मेरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास में हुए भ्रष्टाचार से संबंधित खबर चलाएं जाने बौखलाए ग्राम प्रधान ने हमारे ऊपर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करवा दिया गया, जिसकी हमें कोई जानकारी नहीं हुई, न्यायालय द्वारा सूचना जारी करने पर मुझे जानकारी मिली। जानकारी मिलने पर मेरे द्वारा घटना का ऑडियो वीडियो सीसीटीवी फुटेज कॉल रिकॉर्डिंग या अन्य कोई साक्ष्य पुलिस अधीक्षक से 11 जून को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से मांगा गया। तथा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र में साथ-साथ कहा गया की 18 जून तक यदि हमारे खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिलते हैं तो शासन प्रशासन की गलत कार्रवाई के खिलाफ मैं आमरण अनशन पर बैठूंगा। 18 जून तक जनपद पुलिस द्वारा कोई साक्ष्य न देने पर पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय 18 जून बुधवार को सुबह 8:35 बजे न्याय न मिलने तक अनवरत काल तक के लिए अपने निज निवास पर अनशन पर बैठ गए हैं। आज शुक्रवार को उनके अनशन का तीसरा दिन है। बुधवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी द्वारा वादी ग्राम प्रधान से मुकदमे संबंधी साक्ष्य मांगा गया तो ग्राम प्रधान नहीं दे पाए। अब देखना यह है कि जनपद शासन प्रशासन पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के साथ क्या न्याय करता है।

## सेहत का बॉन्ड

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पंजाब के सरकारी अस्पताल मरीजों के बढ़ते बोझ से चरमरा रहे हैं। समाज के गरीब व निम्न मध्यमवर्गीय मरीजों के उपचार की अंतिम शरण स्थली ही होते हैं सरकारी अस्पताल। विडंबना यह है कि सरकारी अस्पताल खुद ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। आंकड़ों की बात करें तो सरकारी अस्पतालों के लिये स्वीकृत पदों में आधे पद फिलहाल खाली है। नई पीढ़ी के डॉक्टर मरीजों के दबाव व आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के चलते सरकारी अस्पतालों को कार्यस्थली बनाने से गुरेज करते रहे हैं। नि:स्संदेह, निजी क्षेत्र में मोटी तनख्वाह व सुविधाएं उन्हें आकर्षित करती हैं। इधर विदेशों का मोह भी उन्हें खूब लुभाता है। यही वजह है कि ग्रामीण ही नहीं, शहरी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तो ज्यादा ही कमी है। इस समस्या से निबटने के लिये पंजाब सरकार इस सत्र से एमबीबीएस और बीडीएस के छात्रों के लिए बॉन्ड नीति लेकर आई है। निश्चय ही सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में डॉक्टरों की पुरानी कमी से निपटने के लिये एक ऐसा साहसिक कदम उठाना बेहद जरूरी था। नये नियमों के तहत, राज्य सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों से स्नातक करने वाले डॉक्टरों को दो साल के लिये अनिवार्य रूप से सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में सेवा करनी होगी। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो बीस लाख रुपये की बॉन्ड राशि का भुगतान करना होगा। वहीं अखिल भारतीय कोटे के तहत स्नातकों को अनिवार्य रूप से एक साल की सेवा सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में देनी होगी। हालांकि, यह नीति बाध्यकारी है, लेकिन यह सुनिश्चित करने का एक जिम्मेदार प्रयास है कि राज्य चिकित्सा शिक्षा में निवेश का कुछ लाभ राज्य के लोगों को भी मिलना चाहिए। यह तार्किक बात है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को राज्य सरकार भारी सब्सिडी भी देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो राज्य के मेडिकल कॉलेजों की सीटों के लिये करदाताओं द्वारा एक अंशदान दिया जाता है। यह उचित होगा कि छात्र स्नातक होने के बाद समाज में कुछ योगदान जरूर दें। यह इसलिये भी जरूरी है कि राज्य के सरकारों अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति बहुत अधिक विकट है क्योंकि आमतौर डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने से कतराते हैं। बताया जाता है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्वीकृत डॉक्टरों के 3,847 पदों में पचास फीसदी पद रिक्त हैं। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों के न होने का खमियाजा मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के रूप में भुगतना पड़ता है। उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों के महंगे उपचार लेने के लिये बाध्य होना पड़ता है। वर्षों से यह ट्रेंड चला आ रहा है कि डॉक्टर निजी प्रैक्टिस या विदेशों में बेहतर अवसरों की तलाश में सार्वजनिक चिकित्सा सेवा से किनारा करते रहे हैं। जिसके चलते शहरी-ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बीच में एक बड़ा अंतर पैदा हो गया है। निश्चित रूप से बॉन्ड नीति इस असंतुलन को दूर करने की दिशा में प्रयास करेगी। इसके साथ ही कतिपय छात्र समूहों का बॉन्ड नीति का विरोध भी समझ में आता है। लेकिन बॉन्ड नीति को खत्म करने की बजाय उनकी चिंता बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनाए जाने के लिये हो। साथ ही कैरियर प्रगति के बेहतर अवसरों के मुद्दों को भी संबोधित किए जाने की जरूरत है। निस्संदेह, एक साल या दो साल का अनिवार्य कार्यकाल एक उचित मांग है, खासकर जब यह कदम सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूती दे सके। वैसे पंजाब सरकार की बॉन्ड नीति कोई नई बात नहीं है। पहले ही कई केंद्रीय संस्थानों और अन्य राज्यों में इसी तरह के मॉडल काम कर रहे हैं। पंजाब को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस नीति का प्रभावी क्रियान्वयन हो। समय पर नियुक्तियां हों और युवा स्नातकों को पर्याप्त प्रोत्साहन मिले। निस्संदेह, स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिये और अधिक देरी नहीं की जा सकती। निस्संदेह, यह बॉन्ड रूपी बंधन शिक्षा और समाज सेवा के बीच एक सेतु का काम करेगा। भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाली चिकित्सा बिरादरी को भी इस भरोसे को कायम रखना होगा।

# योग से विश्व कल्याण, विश्व शांति और स्वास्थ्य की ओर कदम

**भारतीय संस्कृति में योग रचा- बसा है। मन-मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए प्राचीन भारत में ऋषियों ने योग के उच्चतम विधा को अपनाया और खुद को आत्मनियंत्रित किया। माना जाता है कि योग शरीर की इंद्रियों को नियंत्रित करने की क्षमता देता है जिससे निरोग रहा जा सकता है। योग भगाए रोग तो सदियों पुरानी कहावत है। लेकिन समय का पहिया घूमा और हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल हो गए। जीवन की आपाधापी के बीच अपनी प्राचीन पद्धति को भूलने लगे जिसका खामियाजा तमाम तरह की शारीरिक बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है। हालांकि, बीते कुछेक सालों में देश ही नहीं दुनिया ने योग की उपयोगिता को समझा और इसको अपनी दिनचर्या में शामिल किया। दुनिया को योग से नए सिरे से परिचित कराने में 21 जून का भी कम योगदान नहीं है।**



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि भारत आदि अनादि काल से ही योग का गढ़ रहा है, करीब 5000 वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा से निकली योग की विद्या आज वर्ल्ड वाइस मूवमेंट का हिस्सा बन गई है। आधुनिक दुनियाँ में पूरा विश्व अब योग की अहमियत समझ चुका है व इसका सटीक असर भी दिखाई दे रहा है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। 2025 एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह इस वैश्विक उत्सव की 11वीं वर्षगांठ है। इसके अलवा इस वर्ष के उत्सव में 10 हस्ताक्षर कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें प्रमुख कार्यक्रम, योग संगम शामिल है, जो पूरे भारत में 1,00,000 स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन प्रदर्शित करता है।अन्य नौ कार्यक्रम हैं योग बंधन, योग पार्क, योग समावेश, योग प्रभाव, योग कनेक्ट, हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुंभ और समयोग। आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जहां पीएम 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) सत्र का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बनाएगा। उन्होंने योगआंध्र अभियान - जो राज्य भर में 10 लाख नियमित योग अभ्यासियों का समुदाय तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। चूँकि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों तथा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है, विशाखापट्टनम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम बड़ा कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को स्वास्थ्य, शांति और सामंजस्य की दिशा में एक वैश्विक संदेश भी देता है। योग, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है,आज आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, रोग और मानसिक असंतुलन का प्राकृतिक समाधान बन चुका है।योग केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और सौहार्द की दिशा में एक समवेत प्रयास है। विश्व के कोने-कोने में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं, जिससे यह दिवस एक वैश्विक जनांदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। इस अवसर पर भारत समेत दुनिया भर में लाखों स्थानों पर सामूहिक योग अभ्यास, कार्यशालाएं और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। योग दिवस की यह प्रस्तावना हमें आत्म-निरीक्षण, सामूहिक एकता और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में बढ़ने का आह्वान करती है। चूँकि योग प्राचीन भारत की देन आधुनिक विश्व की ज़रूरत, आत्मा और शरीर का महासंगम है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025, एक धरती एक स्वास्थ्य, योग से विश्व कल्याण विश्व शांति और स्वास्थ्य की ओर कदम है, जो रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम योग के महत्व की करें तो, योग विश्व को प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। योग के अभ्यास का सम्मान करने और दुनिया भर में इसके लाभों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। काम, तनाव, और व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं, ऐसे में हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है, योग इसी जरूरत को पूरा करने वाला एक प्राकृतिक और आसान तरीका है। साथियों बात अगर हम योग के मकसद की करें तो, आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सेहत काख्याल रखना बहुत जरूरी हो गया है, काम की व्यस्तता और तनाव के कारण हम अपने शरीर और दिमाग को सही आराम और ध्यान नहीं दे पाते, ऐसे में योग हमारे लिए एक बहुत बड़ा सहारा बनकर आता है, योग न सिर्फ हमारे शरीर को फिट रखता है बल्कि मन को भी शांत और सुकून देने में मदद करता है। इस दिन लोग योग के फायदे जानने और अपनाने की कोशिश करते हैं। योग दिवस मनाने का मकसद लोगों को योग के फायदों से परिचित कराना है, आज के दौर में जहां लाइफ स्टाइल बदल गई है, वहां शरीर और दिमाग पर तनाव भी बढ़ गया है, योग इन सभी समस्याओं को कम करने में मदद करता है, इससे शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं और मानसिक संतुलन भी बना रहता है, इसलिए विश्व स्तरपर योग दिवस मनाकर योग की अहमियत को बढ़ावा दिया जाता है, इसके साथ ही यह दिन दुनिया को एक साथ लाने और स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का संदेश भी देता है।योग के फायदे-योग हमारे शरीर को लचीला, मजबूत और स्वस्थ बनाता है, इसके नियमित अभ्यास से हृदय संबंधी रोग, मोटापा, तनाव, चिंता और कई दूसरी बीमारियां दूर रहती हैं। योग मन को शांत करता है और सोचने -समझने की शक्ति बढ़ाता है, साथ ही यह नींद को बेहतर बनाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। इसीलिए योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक स्वस्थ लाइफ स्टाइल है।

साथियों बात अगर हम 100 दिनों से चल रही योग श्रृंखला की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में 100 दिनों तक चलने वाले दस सिग्नेचर इवेंट यानी प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ तालमेल बिठाने और योग को जीवन के समग्र तरीके के रूप में बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। - समावेशिता के लिए योग समावेश से लेकर अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए योग बंधन तक - ये कार्यक्रम योग को मैट (चटाई) से लेकर आम जनता तक ले जाने के सरकार के रणनीतिक विज़न को दर्शाते हैं। दिल्ली, भुवनेश्वर, नासिक और पुदुचेरी में क्रमशः 100 दिवसीय, 75 दिवसीय, 50 दिवसीय और 25 दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला के प्रति जनता की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया ने मुख्य कार्यक्रम की ओर अग्रसर होने में अहम योगदान दिया है।योग केवल आसन करने और सांस लेने का अभ्यास भर नहीं है - यह जीवन जीने का एक तरीका है, मीडिया के सहयोग से लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक ऐसा ऐतिहासिक आयोजन बनाना है, जो लाखों लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करे और एक स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में सहायता करे।

साथियों बात अगर हम योग के प्राचीन विरासत होने की करें तो, भारतीय संस्कृति में योग रचा- बसा है। मन-मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए प्राचीन भारत में ऋषियों ने योग के उच्चतम विधा को अपनाया और खुद को आत्मनियंत्रित किया। माना जाता है कि योग शरीर की इंद्रियों को नियंत्रित करने की क्षमता देता है जिससे निरोग रहा जा सकता है। योग भगाए रोग तो सदियों पुरानी कहावत है। लेकिन समय का पहिया घूमा और हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल हो गए। जीवन की आपाधापी के बीच अपनी प्राचीन पद्धति को भूलने लगे जिसका खामियाजा तमाम तरह की शारीरिक बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है।हालांकि, बीते कुछेक सालों में देश ही नहीं दुनिया ने योग की उपयोगिता को समझा और इसको अपनी दिनचर्या में शामिल किया। दुनिया को योग से नए सिरे से परिचित कराने में 21 जून का भी कम योगदान नहीं है।

साथियों बात अगर हम योग दिवस 21 जून के इतिहास की करें तो, पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। पहल पीएम ने की थी। 27 सितम्बर 2014 को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव को 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पूर्ण बहुमत से पास किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों में से 177 ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दी। इस प्रस्ताव को 90 दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी दिवस प्रस्ताव के लिए सबसे कम समय है। 21 जून, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में, पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किए थे, सबसे बड़ा योग सत्र, 35,985 प्रतिभागियों के साथ, और एक सत्र में सबसे अधिक राष्ट्रीयताओं (84) के लिए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में योग के अभ्यास के कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। योग मन और शरीर, सोच और क्रिया का एकीकरण है जो एक समग्र दृष्टिकोण है जो हमारे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए फायदेमंद है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025- एक धरती एक स्वास्थ्य, योग से विश्व कल्याण विश्व शांति और स्वास्थ्य की ओर कदम योग प्राचीन भारत की देन, आधुनिक विश्व की ज़रूरत आत्मा और शरीर का महासंगम। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025- वैश्विक एकता की ओर बढ़ता भारत का आध्यात्मिक उपहार-200 से अधिक देशों की अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी से होगा वैश्विक संगम।

## विचार

# ईरान के क्लस्टर बम ने इजरायल को बैकफुट पर ढकेला



*अजय कुमार*

ईरान-इजरायल युद्ध के सातवें दिन ईरान द्वारा इजरायल पर दागे गये क्लस्टर मिसाइल बम अत्याधिक घातक साबित हुए। ईरान के इस हमले ने इजरायल के नागरिकों का मनोबल बुरी तरह से तोड़ दिया है। क्लस्टर बमें जिन्हें गुच्छ युद्ध सामग्री भी कहा जाता है, क्लस्टर बम दुनिया के सबसे घातक और विवादास्पद हथियारों में से एक हैं। ये बम अपनी व्यापक विनाशकारी क्षमता और दीर्घकालिक प्रभावों के कारण युद्ध क्षेत्र में तबाही मचाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। युद्ध के दौरान ईरान द्वारा इजरायल पर इसके उपयोग ने इस मिसाइल के प्रति लोगों का वैश्विक ध्यान केन्द्रित कर दिया है।

क्लस्टर बम एक प्रकार का विस्फोटक हथियार है जो हवा में या जमीन से छोड़ा जाता है। यह एक बड़े खोल (कैनिस्टर) के रूप में होता है, जिसमें सैकड़ों छोटे-छोटे विस्फोटक उपकरण, जिन्हें सबम्युनिशन या बॉमलेट्स कहते हैं, भरे होते हैं। ये बॉमलेट्स विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं, जैसे कि टैंक-रोधी, कर्मी-विरोधी, या आग लगाने वाले। इनका मुख्य उद्देश्य एक बड़े क्षेत्र में फैलकर अधिकतम नुकसान पहुंचाना है। एक क्लस्टर बम का प्रभाव क्षेत्र कई क्रिकेट मैदानों जितना बड़ा हो सकता है, जिससे यह सैन्य टुकड़ियों, वाहनों, या अन्य लक्ष्यों को व्यापक स्तर पर नष्ट कर सकता है।

**क्लस्टर बम कैसे काम करता है?:-** क्लस्टर बम की कार्यप्रणाली इसे अन्य पारंपरिक बमों से अलग करती है। इसे हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर, या मिसाइलों के जरिए लक्ष्य क्षेत्र में छोड़ा जाता है। जब यह अपने लक्ष्य के ऊपर पहुंचता है, तो इसका खोल हवा में खुल जाता है, जिससे अंदर मौजूद सैकड़ों बॉमलेट्स बिखर जाते हैं। ये बॉमलेट्स एक बड़े क्षेत्र में फैलकर विस्फोट करते हैं, जिससे व्यापक विनाश होता है। हाल ही में इजरायल-ईरान युद्ध में ईरान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए क्लस्टर बमों छोड़े जाने के दौरान देखा गया कि इसके वारहेड्स नीचे गिरते समय छोटे-छोटे बमों में बंट जाते हैं, जो बड़े क्षेत्र में तबाही मचाते हैं। प्रत्येक बॉमलेट स्वतंत्र रूप से विस्फोट करता है और अपने आसपास के लक्ष्यों को नष्ट करता है। कुछ बॉमलेट्स तुरंत विस्फोट नहीं करते, बल्कि बारूदी सुरंग की तरह जमीन पर पड़े रहते हैं, जो बाद में नागरिकों के लिए खतरा बन जाते हैं।

क्लस्टर बमों की सबसे बड़ी खासियत उनकी व्यापक कवरेज है। ये एक साथ सैन्य और असैन्य लक्ष्यों को निशाना बना सकते हैं, जिसके कारण ये अत्यंत प्रभावी माने जाते हैं। हालांकि, यही खासियत इन बमों को विवादास्पद भी बनाती है। 2008 में क्लस्टर युद्ध सामग्री पर कन्वेंशन Convention on Cluster Munitions के तहत 100 से अधिक देशों ने इनके उत्पादन, भंडारण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की सहमति दी थी। यह समझौता एक अगस्त 2010 से लागू हुआ। फिर भी, कुछ देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए, जिसके कारण क्लस्टर बम आज भी युद्धों में उपयोग हो रहे हैं।

**किन देशों के पास हैं क्लस्टर बम?:-** क्लस्टर बमों के भंडार और उनके उपयोग को लेकर सटीक आंकड़े प्राप्त करना मुश्किल है, क्योंकि कई देश अपनी सैन्य क्षमताओं को गोपनीय रखते हैं। फिर भी, कुछ देशों के पास इन हथियारों के होने की जानकारी उपलब्ध है। ' संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्लस्टर बमों का बड़े पैमाने पर उपयोग



और उत्पादन किया है। हाल ही में, उसने यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में क्लस्टर बम प्रदान किए, जिसकी कई देशों ने आलोचना की। अमेरिका ने सीसीएम पर हस्ताक्षर नहीं किया है, इसलिए वह इन हथियारों का उपयोग और आपूर्ति जारी रखता है। रूस के पास भी क्लस्टर बमों का बड़ा भंडार है। यूक्रेन युद्ध में रूस पर इन बमों के उपयोग का आरोप लगा है। रूस ने भी सीसीएम संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

हाल के इजरायल-ईरान युद्ध में, ईरान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए क्लस्टर बमों के उपयोग की खबरें सामने आई हैं। ईरान ने भी सीसीएम पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इजरायल के पास क्लस्टर बम होने की संभावना है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चीन और भारत ने भी सीसीएम संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है और संभवतः उनके पास क्लस्टर बमों का भंडार है, हालांकि सटीक संख्या अज्ञात है। कई अन्य देशों, जैसे पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, और सऊदी अरब, के पास भी क्लस्टर बम हो सकते हैं, लेकिन इसकी पुष्टि करने वाले विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

गौरतलब हो, क्लस्टर बमों का उपयोग मानवीय और नैतिक दृष्टिकोण से अत्यंत विवादास्पद है। इनके अंधाधुंध प्रभाव के कारण असैन्य नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों, को भारी नुकसान होता है। युद्ध समाप्त होने के बाद भी, गैर-विस्फोटित बॉमलेट्स बारूदी सुरंगों की तरह काम करते हैं, जिससे दीर्घकालिक खतरा बना रहता है। मानवाधिकार संगठनों, जैसे एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच, ने इनके उपयोग की कड़ी निंदा की है।

क्लस्टर बम एक शक्तिशाली और विनाशकारी हथियार है, जिसकी व्यापक कवरेज और दीर्घकालिक प्रभाव इसे युद्धक्षेत्र में खतरनाक बनाते हैं। हालांकि, इसके अंधाधुंध उपयोग और नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभावों के कारण यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवाद का विषय बना हुआ है। 100 से अधिक देशों ने इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन प्रमुख सैन्य शक्तियाँ, जैसे अमेरिका, रूस, और ईरान, इसका उपयोग और भंडारण जारी रखे हुए हैं। क्लस्टर बमों का भविष्य युद्धों में उनके उपयोग और वैश्विक प्रतिबंधों के बीच एक जटिल बहस का विषय बना रहेगा।

## साहित्य

# कुछ ऐसा लिखूं अमर हो जाऊं



**दीपक सिंह**

कुछ ऐसा लिखूं अमर हो जाऊं।
रहूं न धरा पर रह मैं जाऊं।।
लिखूं जन की पीड़ा ख़बर हो जाऊं।
या मंजिल मिले तो सुहर हो जाऊं ।।
कातिल जितने है प्रेम के जहां मे।
उन सबमें गुनाह का असर हो जाऊं।।
कुछ ऐसा लिखू अमर हो जाऊं।
रहूं न धरा पर रह मैं जाऊं।।
धन को जो रख न पाते है घर में,
आंखों की उनके नजर हो जाऊं।।
बेघर बच्चे तड़पते हैं जितने
ख़ुदा करे उनका मै घर हो जाऊं।
लिखूं कुछ ऐसा अमर हो जाऊं।
रहू न धरा पर रह मैं जाऊं।।
काहानी जितनी लिखी है जहां में।
ख़ुदा करे सबमें असर हो जाऊं।।
भूखे पेट और चेहरे पर खुशियां
गरीबों के मन का सबर हो जाऊं।।
लिखूं कुछ ऐसा अमर हो जाऊं।
रहूं न धरा पर रह मैं जाऊं।।

# राशिफल



**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# इजराइल-ईरान युद्ध के बीच भारत की भूमिका

*प्रहलाद सबनानी*

रूस-यूक्रेन एवं इजराइल-हमास के बीच युद्ध अभी समाप्त भी नहीं हुआ है और तीसरे मोर्चे इजराइल-ईरान के बीच भी युद्ध प्रारम्भ हो गया है। हालांकि इस बीच भारत-पाकिस्तान के बीच भी युद्ध छिड़ गया था परंतु भारत की बड़े भाई की भूमिका के चलते इस युद्ध को शीघ्रता से समाप्त करने में सफलता मिल गई थी। दो देशों के बीच युद्ध में किसी एक देश का फायदा नहीं होकर बल्कि दोनों ही देशों का नुकसान ही होता है। परंतु, आवेश में आकर कई बार दो बड़े देश भी आपस में टकरा जाते हैं एवं इन दोनों देशों के पक्ष एवं विपक्ष में कुछ देश खड़े हो जाते हैं जिससे कुछ इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित हो जाती हैं कि विश्व युद्ध छिड़ जाते हैं। वर्ष 1914 से वर्ष 1918 के बीच प्रथम विश्व युद्ध एवं वर्ष 1939 से वर्ष 1945 के बीच द्वितीय विश्व युद्ध इसके उदाहरण हैं। इजराइल – ईरान के बीच हाल ही में प्रारम्भ हुए युद्ध में अमेरिका भी कूदने की तैयारी करता हुआ दिखाई दे रहा है। अगर ऐसा होता है तो बहुत सम्भव है कि ईरान की सहायता के लिए रूस एवं चीन भी इस युद्ध में कूद पड़ें एवं यह युद्ध तृतीय विश्व युद्ध का स्वरूप ले ले। ऐसा कहा जा रहा है कि इजराइल एवं अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन करवाना चाह रहे हैं ताकि ईरान में उनके हितों को साधने वाली सरकार स्थापित हो सके।

वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां बहुत सहज रूप से नहीं चल रही है। विभिन्न देशों के बीच विश्वास की कमी हो गई है जिसके चलते छोटे-छोटे मुद्दों को तूल दी जाकर आपस में खटास पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। कुछ देश, दो देशों के बीच, इन मुद्दों को हवा देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। जैसे आतंकवाद के मुद्दे को ही लें, यदि ये देश आतंकवाद से स्वयं ग्रसित हैं तो इनके लिए आतंकवाद बुराई की जड़ है और यदि कोई अन्य देश आतंकवाद को लम्बे समय से झेल रहा है तो इन देशों के लिए आतंकवाद कोई बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है। बल्कि, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को प्रोत्साहन दिया जाता हुआ दिखाई दे रहा है। चौधरी बन रहे कुछ देश अपनी विस्तरवादी नीतियों के चलते कई देशों में अपने हित साधने वाली सरकारों की स्थापना करना चाह रहे हैं एवं इन देशों में इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित करने के प्रयास कर रहे हैं ताकि ये देश आपस में लड़ाई प्रारम्भ करें। रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है ।साथ ही, कुछ देशों की कथनी और करनी में पाए जाने वाले फर्क के चलते भी वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां बिगड़ रही हैं। चौधरी बन रहे देशों को तो उदाहरण पेश करते हुए अपनी कथनी एवं करनी में फर्क को समाप्त करना ही होगा। अन्यथा, वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां भयावह स्तर तक पहुंच सकती हैं।

चूंकि इजराइल भी आतंकवाद से पीड़ित देश है एवं इजराइल की सीमाएं चार मुस्लिम राष्ट्रों से जुड़ी हुई हैं; यथा, उत्तर में लेबनान, दक्षिण पश्चिम में ईजिप्ट (एवं गाजा), पूर्व में जॉर्डन (एवं वेस्ट बैंक) एवं उत्तर पूर्व में सीरिया।

अतः इजराइल अत्यधिक आक्रात्मकता के साथ आतंकवादियों (हमास एवं हूथी आदि संगठनों) से युद्ध करता रहता है। इस्लाम के अनुयायी यहूदियों के कट्टर दुश्मन हैं, इसके चलते भी इजराइल के नागरिकों को आतंकवाद को लम्बे समय से झेलना पड़ रहा है। ईरान के बारे में तो कहा जा रहा है कि ईरान स्थित लगभग 60 प्रतिशत मस्जिदों में इबादत के लिए कोई भी व्यक्ति पहुंच ही नहीं रहा है क्योंकि ईरान में एवं ईरान द्वारा पड़ोसी देशों में फैलाए गए आतंकवाद से ईरान के मूल नागरिक अत्यधिक परेशान हैं। महिलाओं पर आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से स्थानीय नागरिक बहुत दुखी हैं। अतः अब वे अपने पुराने धर्म जोरोस्ट्रीयन को अपनाने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं अथवा इस्लाम धर्म का परित्याग करना चाह रहे हैं। जोरोस्ट्रीयन, ईरान का मूल धर्म हैं एवं यह अब ईरान के कुछ (बहुत कम) क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। भारत में भी जोरोस्ट्रीयन धर्म को मानने वाले पारसी समुदाय के कुछ नागरिक शांतिपूर्वक रह रहे हैं एवं भारत के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर निर्मित हो रही उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत की विशेष भूमिका रह सकती है क्योंकि भारत के इजराइल एवं ईरान दोनों ही देशों के साथ आर्थिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं। भारत, ईरान से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता रहा है एवं भारत ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के निर्माण में भारी आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की है। चाबहार बंदरगाह का संचालन भी ईरान की सरकार के साथ भारतीय इंजीनियरों द्वारा ही किया जा रहा है। भारत और ईरान के बीच प्रतिवर्ष 200 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का विदेशी व्यापार होता है। दूसरी ओर, इजराइल भारत का रणनीतिक साझीदार है। भारत इजराइल से भारी मात्रा में सुरक्षा उपकरण भी खरीदता है। भारत और इजराइल के बीच प्रतिवर्ष 650 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का विदेशी व्यापार होता है, इसमें भारत द्वारा इजराइल से आयात किये जाने वाले सुरक्षा उपकरणों की राशि शामिल नहीं है। कुल मिलाकर, भारत के इजराइल एवं ईरान, दोनों देशों के साथ बहुत पुराने व्यापारिक एवं सांस्कृतिक रिश्ते हैं।

भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम; सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय एवं सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना पर विश्वास किया जाता है। अतः भारतीय नागरिक सामान्यतः शांत स्वभाव के होते है एवं पूरे विश्व में ही भ्रातत्व के भाव का संचार करते हैं। आज चार करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। इन देशों में होने वाले अपराधों में भारतीय मूल के नागरिकों की संलिप्तता लगभग नहीं के बराबर पाई गई है। इसी कारण के चलते आज वियतनाम, जापान, इजराइल, आस्ट्रेलिया एवं सिंगापुर जैसे कई देश भारतीय मूल के नागरिकों को अपने देश में कार्य करने एवं बसाने में सहायता करते हुए दिखाई दे रहे हैं। खाड़ी के देश यथा ओमान, बहरीन, सऊदी अरब, यूनाइटेड अरब अमीरात आदि में भी लाखों की संख्या में भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं एवं शांतिप्रिय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कुल मिलाकर, विभिन्न देशों में निवासरत भारतीय मूल के नागरिकों का रिकार्ड बहुत ही संतोषजनक पाया जाता है, क्योंकि, भारतीयों की मूल प्रकृति ही सनातन हिंदू संस्कारों के अनुरूप पाई जाती है एवं वे किसी भी प्रकार के कर्म में धर्म को जोड़कर ही इसे सम्पन्न करने का प्रयास करते हैं। और, धर्म के अनुरूप किये गए किसी भी कार्य से किसी का अहित हो ही नहीं सकता। उक्त वर्णित परिप्रेक्ष्य में वैश्विक स्तर पर जब चौधरी बन रहे देशों द्वारा अन्य देशों के साथ न्याय नहीं किया जाता हुआ दिखाई दे रहा है तो ऐसे में भारत को आगे आकर युद्ध में झोंके जा रहे देशों के नागरिकों की मदद करनी चाहिए। भारत की तो वैसे भी नीति ही वसुधैव कुटुम्बकम की है। यदि पूरे विश्व में भाईचारा फैलाना है तो सनातन हिंदू संस्कृति के अनुपालन से ही यह सब सम्भव हो सकता है। उक्त परिस्थितियों के बीच सनातन हिंदू संस्कृति की स्वीकार्यता विभिन्न देशों के नागरिकों की बीच तेजी से बढ़ भी रही है क्योंकि कई देश अब आतंकवाद से बहुत अधिक परेशान हो चुके हैं। अतः अब वे किसी तीसरे रास्ते की तलाश में हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच उनके पास अब विकल्प केवल सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को अपनाने का ही बचता है, जिसके प्रति वे लालायित भी हैं। और फिर, आतंकवाद से यदि छुटकारा पाना है तो इससे लड़ते हुए छुटकारा पाने में तो कुछ देशों को कई प्रकार के बलिदान देने पड़ सकते हैं और यदि सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को स्वीकार कर लिया जाता है तो कई देशों के नागरिकों को इस बलिदान से बचाया जा सकता है। अतः विश्व के देशों में सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को तेजी से वहां के स्थानीय नागरिकों के बीच किस प्रकार फैलाया जा सकता है, इस विषय पर विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से अब गहन चिंतन एवं मनन करने की आवश्यकता है।

(लेखक, वरिष्ठ आर्थिक विश्लेषक हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**

# विद्युत आपूर्ति में बाधक है आकाशीय बिजली व 132केवीए पावर हाउस की दूरी

**▸ रिमोट सेंसिग डिवाइस लगाने से तुरंत फाल्ट आती पकड में, बड़े-बड़े शहरों में यह सुविधा है उपलब्ध**



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में रोजाना खास कर बरसात में हो रही विजली बाधित से फिलहाल निजात मिलने की उम्मीद नही जतायी जा रही है, नवागंतुक एक्शियन लेखराज सिंह हमीरपुर ने दावा किया है कि सुमेरपुर पावर हाउस की सोलह किलोमीटर दूरी व आकाशीय विजली की गर्जना बिजली आपूर्ति की सबसे बडी बाधा है। उनका कहना है कि इसके लिये अन्य शहरों की भांति योजना तैयार की जा रही है। दो सप्ताह में इस समस्या से निजात मिल जाने की उम्मीद जतायी जा रही है।

जिले में विद्युत की अंधाधुंध कटौती से लोगो का जीना हराम हो गया है, बरसात की दो बूंद व मामूली हवा का झोका आने से मुख्यालय समेत ज्यादातर गांव घंटो अंधेरे में डूब जाते है। यही नहीं फाल्ट हो जाने से कई कई घंटे विद्युत कर्मी फाल्ट की खोजबीन में लगे रहते है, जबकि अन्य बड़े शहरों में फाल्ट के सही प्वाइंट की जानकारी तुरंत हो जाती है, जिले में बिजली आपूर्ति एक बहुत बड़ी समस्या का रूप ले चुकी है, हालांकि इसके लिये बिजली चोरी व ओवरलाइन होना भी बताया जाता है। विभाग के एक्शियन हमीरपुर लेखराज सिहं ने बताया कि विजली समस्या हमीरपुर की भौगोलिक स्थिति पर काफी प्रभाव डालती है। 132 केवीए के पावर हाउस अन्य जिलो में मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत नजदीक है जिससे फाल्टहोते ही बहुत जल्दी ठीक कर लिये जाते है मगर यहां पर फाल्ट होने से सोलह किलोमीटर दूरी तक पेट्रोलिंग करनी पडती है जिससे रात में कई कई घंटे लग जाते है यही नही जब तेज कड़क के साथ आकाशीय विजली चमकती है तो सबसे पहले बिजली के तार में लगे इंसुलेटर में नुकसानहोता है जिससे ज्यादातर इंसुलेटर ही खराब होता है उसे ठीक करने में काफी समय लग जाता है यहा पर जो पोल लगे है वह ज्यादातर जंगल के रास्ते से होकर गये है जिससे बरसात में कीड़े मकोडो का भी ध्यान में रखना पडता है मगर इसके लिये एक सिस्टम आता है रिमोट सेंसिग डिवाइस जो पांच सौ मीटर की दूरी पर होने वाले फाल्ट की जानकारी हो जाती है। हालाकि यह सुविधा शासन ने बडे बडे शहरो में दी हुई है मगर यदि प्रयास किया जायेगा तो यह सुविधा मिल जायेगी। इधर लोगो ने सुमेरपुर पावर हाउस से मुख्यालय का कनेक्शन हटाकर पतारा पावर हाउस से जोडने के लिये कहा है।

### मुख्यालय में रात में अचानक पचास एम्पियर बिजली की खपत जाती है बढ़

**हमीरपुर।** जिले में शाम के बाद पचास एम्पियर विजली मुख्यालय में अचानक खपत होने लगती है अधीक्षण अभियंता का मानना है कि गर्मी में दिन भर जो औसत आता है वह रात में भी आना चाहिये मगर पचास एम्पियर बिजली एक दम ज्यादा खपत होने का अर्थ है कि गिजली चोरी हो रही है इसके लिये करीब तीन टीमें लगायी गयी है जिसमे कई लोगों को पकड़ा गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में रात में विजली की खपत ज्यादाहोने से ओवर विद्युत लाइने संचालित होने लगती है जिससे विजली अक्सर ट्रिपिंग करने लगती है। इसका विकल्प खोजा जा रहा है। इधर एसी के कनेक्शन हर दिन हो रहे है जिससे विद्युत भार बढ़ता जा रहा है।

### राजस्व वसूली में लापरवाही के चलते राठ के एक्शियन व एसडीओ हटाये गये

**हमीरपुर।** विजली व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त न रख पाने में अक्षम व राजस्व वसूली में रुचि न लेने के कारण राठ के एक्शियन व एसडीओ को उच्चाधिकारियों ने हटा दिया है। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने बताया कि राठ सर्किल में राजस्व का करोडो रुपये बकाया है वहा से ढेर सारी शिकायते प्राप्त होती थी लिहाजा विभाागीय उच्चाधिकारियों ने एक्शियन राजकुमार राव को हटा कर रमेशचंद्र को नियुक्त किया गया है राजकुमार को आगरा संबद्ध किया गया है इसी प्रकार एसडीओ शिवेंद्र को हटाकर रवि गौतम को नियुक्त किया गया है। शासन राजस्व वसूली को लेकरहर माह समीक्षा कर रहा है जिला मुख्यालय में कभी भी किसी जेई एई पर कार्यवाही हो सकती है। इसी प्रकार जेई सदर को हटाकर सत्येंद्र जेई को नियुक्त किया गया है। इधर विजली चोरी में लगाम न लगने से विभाग खासा चिंतित दिखायी दे रहा है। इसके लिये बैठके लगातार जारी है।

## शौचालय को गिराये जाने की दी नोटिस

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के रघवा गांव निवासी ग्रामीण ने शौचालय को गिराए जाने की नोटिस दिए जाने से उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर इस निर्माण को गिराए जाने में रोक लगाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के रघवा गांव निवासी ग्रामीण राजेंद्र पुत्र स्व बच्चा ने उप जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सरकार से प्राप्त शौचालय का निर्माण 25 वर्ष पूर्व कराया था। गांवदारी की रंजिश के चलते ग्रामप्रधान द्वारा शौचालय को गिराकर कूड़ा दान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब कि इसी गाटा संख्या 517 में जमीन खाली पड़ी है। जिसमें सार्वजनिक कूड़ा दान का निर्माण किया जा सकता है। पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर शौचालय व इसकी दीवार को न गिराए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की है।

## खबरें एक नजर में

### योग दिवस आज

**कुरारा, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एच एस कॉन्वेंट इंटर कालेज परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रबंधक शंशाक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े सात बजे तक योग कराया जाएगा। जिसमें कस्बा वासियों को आमंत्रित किया गया है।

### चंद्र देव आश्रम से पीतल के घंटे चोरी

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम जलाला में अज्ञात चोरों ने चंद्रदेव बाबा आश्रम के मंदिर से चार बड़े घंटे चोरी करके फरार हो गए। मंदिर के पुजारी ने घटना से पुलिस को अवगत कराया है। आश्रम के महंत राजेंद्र दास ने पुलिस को दी गई सूचना में अवगत कराया है कि बीती रात अज्ञात चोर आश्रम के मंदिर में लगे चार पीतल के घंटे चोरी कर ले गए हैं। इनकी कीमत हजारों रुपए है। पुलिस ने गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

### बारिश से ढह गया कच्चा मकान, तहस-नहस हुई गृहस्थी

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बृहस्पतिवार देर शाम आई तेज बारिश ने बड़ा कछार ;सुरौली बुजुर्गद्ध निवासी बलबीर के कच्चे मकान को जमींदोज कर दिया। हादसे में जहां गृहस्वामी बाल–बाल बचे, वहीं उनकी पूरी गृहस्थी मलबे में दबकर तहस–नहस हो गई। बलबीर के पुत्र अनिल ने बताया कि बारिश के समय उनके पिता घर के भीतर ही लेटे हुए थेए लेकिन समय रहते बाहर निकल जाने से जान बच गई। मकान गिरने से करीब 50 हजार रुपये से अधिक का घरेलू सामान नष्ट हो गया है। हादसे की जानकारी गांव के लेखपाल को दे दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### महिला ने लगाया घर में घुसकर अश्लीलता करने का आरोप

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव का केशव पाल पुत्र रामप्रसाद दिन दहाड़े उसके घर में कुल्हाड़ी लेकर घुस गया और उसे निर्वस्त्र कर उसके गुप्तांग में उंगली डाल दी। पीड़िता ने बताया कि जब उसने शोर मचाया तो उसका पुत्र बचाने आया तो आरोपी ने कुल्हाड़ी से मां बेटे पर हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस और उसके बाद पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### ससुरालियों पर बाइक और दो लाख रुपये मांगने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी नगीना बानो ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी छः साल पहले हुई थी लेकिन ससुरालियों द्वारा दहेज में मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए की मांग कर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।उसी बात को लेकर बीते गुरुवार की सुबह पति शबील अहमद और ससुर लतीफ अहमद ने उसके साथ मारपीट की।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खदान संचालक की शिकायत निदेशक से

**राठ(हमीरपुर)।** मौरंग खदान संचालक द्वारा उल्लंघन करने पर गांव के एक व्यक्ति ने खनन निदेशक लखनऊ को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराने की मांग की है। क्षेत्र के जिगनी गांव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि जनपद झांसी के ग्राम खरवांच गाटा संख्या.908 खण्ड संख्या–2 में संचालित खनन पट्टा मेसर्स भरोसा सरकार कांट्रेक्टर एवं सप्लायर के नाम 5 वर्ष के लिए स्वीकृत है। इस खनन पट्टे में खनन शर्तों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। बताया कि यह कि भारी पोकलैंड मशीनों द्वारा नदी की जल धारा से मौरंग निकाली जा रही है। खदान संचालक द्वारा हमीरपुर की सीमा में अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे हमीरपुर राजस्व की हानि हो रही है। बताया कि ओवरलोड वाहनों का बिना एमएम 11 के परिवहन किया जा रहा है। धर्मकांटा और सीसीटीसी की जगह से न वाहन न निकालकर वैकल्पिक रास्ते से निकाले जा रहे है। स्वीकृत खनन पट्टे से बाहर हमीरपुर जिले की सीमा में प्रतिवर्ष अवैध खनन किया जा रहा है और लोकल खनिज प्रशासन और ठेकेदार मिलकर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है। ग्रामीण ने खनन निदेशक से शिकायत कर जांच करने के लिए मांग की है।

### कार की टक्कर से महिला का पैर टूटा पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के गोहानी गांव निवासी मुन्ना पुत्र कमला ने बताया कि उसकी मां घन्सी अपने घर से पैदल पुत्र के घर जा रही थी। तभी तेजी व लापरवाही से आ रही चार पहिया कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मां का बाया पैर टूट गया और दाहिने पैर में चोटें आईं। चालक घायल अवस्था में मां को छोड़ कर मौके से भाग गया। घायल मां को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चालक के रिश्तेदार से इलाज के लिए कहा तो गाली गलौज करने लगा। साथ चालक जान से मारने की धमकी देने लगा। घायल के पुत्र ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### मारपीट कर घायल किया

**राठ(हमीरपुर)।** चार युवकों ने एक दुकानदार के साथ गाली गलौज कर बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाने के गोहांड निवासी मुकेश सैनी पुत्र रमेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 7 बजे गोहांड तिगैला में अपनी दुकान पर बैठा था। तभी उसी दौरान अखिलेश और पवन व दो अज्ञात व्यक्ति उसके दुकान पर आकर गालियां देने लगे।विरोध किया तो उक्त चारों व्यक्तियों ने उसकी जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### 61 लोगों के काटे कनेक्शन, लाखों की वसूली

**राठ(हमीरपुर)।** विद्युत विभाग द्वारा चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 61 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। इस दौरान टीम ने 9.62लाख रूपए की वसूली की। गुरुवार को अधिशासी अभियन्ता रमेश चन्द्र गौतम के निर्देश पर चलाए गए अभियान में बिजली चोरी और बकाया बिल की चेकिंग की गई। एसडीओ सतेन्द्र कुमार जेई अनिल कुमार, जेई चन्द्रप्रकाश ने 11 उपभोक्ताओं का 6 किलोवाट भार वृद्धि 21 उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण बिलों में संशोधन एवं 6 उपभोक्ताओं की विधा बदली गई। अवर अभियंता ने बताया कि यह अभियान आगे भी प्रतिदिन मॉर्निंग रेड और मेगा ड्राइव के रूप में जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे विच्छेदन तिथि से पूर्व अपना बकाया बिल जमा कर दें और बिजली चोरी से परहेज करें। उन्होनें यह भी स्पष्ट किया कि 10 हजार से अधिक बकायेदारों पर विशेष कार्रवाई की जायेगी।

### युवक ने पांच वर्ष के मासूम के साथ किया कुकर्म

**सुमेरपुर।** करना सुमेरपुर में एक युवक ने 5 साल के मासूम को अपनी हविश का शिकार बना डाला, मासूम की मां ने पुलिस को सूचना देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है वही आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। कस्बा सुमेरपुर के पशु बाजार के पास रहने वाली एक महिला ने पुलिस को अवगत कराया है उनका पड़ोसी भोला उसके मासूम पुत्र को रुपए देने के बहाने अपने घर ले गया और अश्लील हरकत करते हुए कुकर्म कर डाला जब रोता बिलखता हुआ मासूम घर आया तब उसने पूरी बात बताई महिला का कहना था मासूम को बहुत तकलीफ है उसकी डाक्टरी कराकर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, महिला ने यह भी बताया कि आरोपी घटना के बाद घर से फरार हो गया है, मामले की जानकारी होते ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है मामले की जांच की जा रही है।

## पांच दिन बाद पिता की मौत, पुत्र ने पीट-पीट कर किया था जखमी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पांच दिन बाद जिंदगी मौत से जूझते पिता की मौत हो गई बीते सोमवार को कलयुगी पुत्र ने अपने पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बे के पूर्वी तरौश निवासी हमीद खा उर्फ लल्लू पठान पुत्र रमजानी बीते रात पुत्र राजू से किसी बात को लेकर तू-तू मैं-मैं हो गई जिससे आक्रोशित पुत्र ने पिता के ऊपर ताबड़ तोड़ लाठी डंडा से हमला कर दिया जिससे पिता लहू लुहान होकर गिर गया आनन-फानन मोहल्ला वासियों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया पांच दिन उपरांत पिता जीवन और मौत से जूझते हुए अंतिम सांस ली। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न धारायों मै मामला दर्ज कर कार्यवाही कि जा रही।

### नीट परीक्षा पास कर किया नाम रोशन



**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्वा के तहलीस के निवासी उमाशंकर मधुपिया की पुत्री मुस्कान मधुपिया ने नीट परीक्षा 2025 में आलईंडिया रैंक में 12676वीं रैंक हासिल कर अपने नगर सहित जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह सफलता उनकी कठिन मेहनत और समर्पण का परिणाम है, जिसने न केवल उनके परिवार, बल्कि सम्पूर्ण कस्बे में उत्साह का संचार किया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद घर वालों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई है। पिता उमाशंकर मधुपिया एडवोकेट ने बताया बेटी मुस्कान ने कक्षा आठ तक मौदहा कस्बे में पढ़ाई की इसके बाद हाईस्कूल इण्टर कानपुर में नाना के यहां हकर पढ़ाई की है।

## कई दिनों से नमामि गंगे परियोजना की पाइप लाइन ध्वस्त, पानी भरा, बीमारी फैलने की आशंका

**कुरारा( हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के कडौर गांव में नमामि गंगे की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से कंडौर डेरा जाने वाले रास्ते में जल भराव हो जाने से लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही घरो में गंदा पानी जाने से कभी भी महामारी फैल सकती है।



क्षेत्र के कंडौर गांव से टावर के पास डेरा जाने वाली मुख्य सड़क में नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन टूट जाने से रास्ते में जलभराव की समस्या बनी हुई है। डेरा निवासी भोला निषाद मनोज निषाद अभिषेक निषाद कालका निषाद आदि ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना द्वारा डाली गई पाइप लाइन पंद्रह दिन से टूटी पड़ी है। जिससे पानी सप्लाई के दौरान रास्ते में जलभराव हो रहा है। जिससे डेरा के लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कर्मचारियों से की गई है।लेकिन अभी तक इस लीकेज को ठीक नहीं किया गया है। जिससे पानी की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने लीकेज को ठीक कराए जाने की मांग की है। यही गंदा पानी घरो में जाता है जिससे किसी भी समय महामारी का रुप ले सकती है। नमामि गंगे के अभियंता इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है।

## ग्राम प्रधान पर लगा छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




मनरेगा योजना के तहत मजदूरी करने वाली महिला ने ग्राम प्रधान पर उसे पकड़ कर खींचने और सीने पर हाथ लगाकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने पति के साथ मनरेगा योजना में मजदूरी करती है लेकिन ग्राम प्रधान अब्दुल्ला खां की उसपर नजर खराब थी और वह अक्सर उसका पीछा कर रहे थे। महिला ने बताया कि बीते सत्रह जून को ग्राम प्रधान उसे और उसके पति को अलग अलग जगह काम पर भेज रहे थे जिसका उसके पति ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान गाली गलौज करने लगा और धक्का-मुक्की करने लगाएमहिला ने बताया कि जब वह अपने पति को बचाने लगी तो ग्राम प्रधान ने उसे पकड़ कर खींच लिया और सीने पर हाथ लगाया। महिला ने बताया कि ग्राम प्रधान अक्सर उसका पीछा करता था और कहता था कि मैं तुम्हें बिना काम के पैसे दूंगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीमारी से परेशान युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या, पुलिस ने बरामद किया अवैध तमंचा

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बीमारी से परेशान होकर युवक ने खुद को तमंचे से गोली मारकर कर आत्महत्या कर ली है। युवक गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स से इलाज कराकर घर लौटा था। सूचना पर सीओ राजकुमार पाण्डेय फील्ड यूनिट चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना चिकासी निवासी राजकुमार नायक ने बताया कि उसका बड़ा भाई 44 वर्षी। प्रशांत नायक पुत्र लक्ष्मी नारायण नायक निवासी तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। वह कई साल से एक बीमारी से पीड़ित था। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बताया कि प्रशांत गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौटा था। शुक्रवार की सुबह वह अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो प्रशांत खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। बताया कि उसके अपने सीने में खुद गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। बताया कि मृतक अविवाहित था। सीओ सरीला राजकुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बीमारी से पीड़ित युवक ने अवैध तमंचे से सीने में खुद को गोली मारकर मौत के घाट उतार लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे में युवक के पास से अवैध तमंचा बरामद किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक कई वर्षो से बीमारी से जूझ रहा था और मानसिक तनाव में भी था। अवैध तमंचा मिलने के मामले की भी जांच की जा रही है।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुकमणि विवाह बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पनवाड़ी विकास खंड क्षेत्र के अलीपुरा गांव स्थित माता मंदिर प्रांगण में चल रही संगीत में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया कथावाचक जीतेन्द्र अरजरिया महाराज जी ने भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया।

## भाजपा नेता पंकज तिवारी ने प्रभारी मंत्री से रखी अवैध लकड़ी कटाई माफियाओं पर कार्रवाई की मांग, डीएफओ पर उठाए सवाल

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विकास भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और वरिष्ठ नेता पंकज तिवारी ने वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अवैध रूप से लकड़ी कटाई का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर गुरु की उपस्थिति में पंकज तिवारी ने जिला वन अधिकारी (DFO) की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा किया और उनसे जुड़े अधिकारियों की भूमिका पर भी संदेह जताया। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी गजल भरद्वाज ने मौके पर ही जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध लकड़ी कटाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

राज्यमंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार राकेश कुमार राठौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास कार्यो, कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और गौशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाये तथा सभी गौशालाओं में हरा चारा पानी भूसा की व्यवस्था की जाए तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए। जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत खोदी गई पाइप लाइन से जो रोड क्षतिग्रस्त हुई है, उन रोडो का तुरंत मरम्मत कार्य कराया जाए तथा जिन गाँवो में पानी नहीं पहुँच रहा हैं वहां पानी पहुँचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कैम्प लगाकर फैमिली आईडी बनाने के निर्देश दिए। और कहा कि पर्यटन विभाग के जो भी निर्माणाधीन कार्य हैं उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जर्ज़र तारों एवं पोलों की मरम्मत की जाये। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गाँवो में निरंतर साफ -सफाई कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने सी, डी



व ई. रैंकिंग वाले विभागों के आधिकारिओं को रैंकिंग में सुधार हेतु निर्देशित किया। मंत्री नें सभी अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी विरासत के मामले हैं उनको तुरंत निस्तारित कराएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कटी हुयी पुलियों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पुलियों का नया निर्माण कराया जाये तथा सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में एक बार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण अवश्य करायें तथा जनपद में स्थापित सभी हेल्थ एटीएम चालू कराएं। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पात्र कृषक को किसान सम्मान निधि का लाभ जरूर दिया जाए, इस कार्य में कोई भी लापरवाही ना की जाए। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने में जो भी सड़क खराब हुई है उन्हें तत्काल बनवाया जाए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यटन स्थलों पर जल्द कार्य पूर्ण किया जाये। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापक टाइम से विद्यालय में उपस्थित होने चाहिए तथा स्कूल में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये जाए और बच्चों को समय पर मिड डे मील दिया जाए तथा उसकी गुणवत्ता भी समय-समय पर चेक करते रहें। बैठक में जिलाधिकारी नें सभी गौशालाओं में सी. सी. टी. वी. कैमरे लगाने तथा अतिक्रमण हटाने के पहले लोगों को सूचित करने और समय देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर माननीय प्रभारी मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा पंचायती राज विभाग की ओर से प्रधानों को हारमोनियम और ढोलक वितरित की गयीं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, एडीम नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, डी डी ओ पंकज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजित हुआ पूर्वाभ्यास




▸ योगाभ्यास के साथ ही पौधरोपण अभियान का हुआ शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव के निर्देशन में शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क अम्बेकडर चौराहा (नाका सतरिख) में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून का पूर्वाभ्यास एक धरती एक स्वास्थ्य की थीम पर योगा पूर्वाभ्यास किया गया।

इस योगाभ्यास में डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति, बिरजू संस्थान, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, श्री कपिल मुनि योग एवं साधना केंद्र पल्हरी के एक सैकड़ा योगाभ्यासियों ने भाग लिया। योगाभ्यास कार्यक्रम के प्रभारी एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश गौतम ने योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर सभी योगाभ्यासियों को फलदार एवं ओषधीय पौधे वितरित कर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में डॉ शशि कुमार अवस्थी ने सभी को हरित क्रांति लाने के लिए योग संकल्प के साथ ही पौध रोपण, पौध संरक्षण धरती को हरा भरा बनाएंगे, स्वस्थ्य समाज का निर्माण करेंगे के नारों संकल्पों को दोहराया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, महासचिव राम औतार, कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, देव कुमार गुप्ता, सचिव मंशाराम कनौजिया, रमेश चौधरी, सियाराम वर्मा, राम प्रगट कनौजिया, विनोद कुमार गौतम, राम दयाल, केशन लाल चौधरी, कमलेश कुमार गौतम, सहदेव प्रसाद, दिनेश चंद्र रावत, इंद्रपाल सिंह, जियालाल श्री कपिल मुनि योग एवं साधना केन्द्र से रामानंद वर्मा, सुधीरकान्त मौर्य, अशोक वर्मा ,डा राम समुझ वर्मा,राम लोटन शुक्ल, दिलीप कुमार, सुशील कुमार , अजय मौर्य ,सन्तोष चौधरी सहित 125 की संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया और फलदार पौधे रोपित किए।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी अंतिम चरण में, डीएम ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को जनपद में उत्साहपूर्वक एवं भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम स्थल राजकीय इंटर कॉलेज (त्रहृष्ट) ऑडिटोरियम बाराबंकी का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज श्री आनन्द कुमार तिवारी, ईओ नगर पालिका नवाबगंज संजय शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, मंच की साज-सज्जा, प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा विद्युत आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस के आयोजन में कोई भी कमी न रहे, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिभागियों की सुविधा हेतु पर्याप्त मात्रा में मैटिग, चिकित्सा सहायता, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था और आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने आयोजन समिति को निर्देशित किया कि योगाभ्यास सत्र में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप ही कार्यक्रम का संचालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने बताया कि जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों, ब्लॉकों एवं नगरीय निकायों में भी योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आम जनमानस, छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवी संस्थाएं भाग लेंगी। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

### प्रभारी मंत्री सुरेश राही योग दिवस में करेंगे प्रतिभाग

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21जून 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी के ऑडिटोरियम में आयोजित योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले प्रभारी मंत्री/कारागार मंत्री मा0 श्री सुरेश राही जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 7 बजे प्रतिभाग करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष, जिला पंचायत, विधान परिषद सदस्य, विधायकगण एवं जिलाध्यक्ष, भा0ज0पा0 व जनप्रतिनिधिगण सहित जिले के अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### मूर्ति विसर्जन के कारण रुका कल्याणी नदी का प्रवाह



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बूढ़वा बाबा मंदिर के पास स्थित कल्याणी नदी में हर वर्ष मूर्तियों के विसर्जन के बाद अवशेषों और गंदगी के कारण इसका प्रवाह रुक गया है। स्थिति यह है कि अब नदी में जल के स्थान पर कचरा और मूर्तियों के टुकड़े ही दिखाई देते हैं। दरियाबाद और भिटरिया क्षेत्र के करीब चार दर्जन से अधिक स्थानों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन इसी कल्याणी नदी में किया जाता है। पानी की कमी और बहाव के अभाव में ये मूर्तियाँ नदी में ही ठहर जाती हैं। इसके कारण पुल के दोनों ओर लगभग एक किलोमीटर तक नदी का जल स्थिर होकर दूषित हो गया है। गायत्री परिवार रामसनेहीघाट ने नदी की सफाई का बीड़ा उठाया है। शुक्रवार को गायत्री मंदिर परिसर में डॉ शिवाकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रविवार को प्रातः 8:00 बजे से श्रमदान के माध्यम से नदी की सफाई की जाएगी। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे भी इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति सभ्यता और श्रद्धा की प्रतीक है। इसे शुद्ध रखना हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है।

### फायलेरिया उन्मूलन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय में फाईलेरिया उन्मूलन से संबंधित एक ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बताया गया कि 25 जून से लेकर 30 जून तक चिन्हित 3 गांव बड़ागाव, मसौली, देवकलिया के 20 से ज्यादा उम्र वालों का रात के 10 बजे के बाद से रक्त पट संग्रह किया जाना है। रात में रक्त लेने का मतलब है कि बैक्टीरिया रक्त में मौजूद रात को ही एक्टीव रहते हैं। जांच में धनात्मक पाए जाने वाले व्यक्ति को उपचार किए जाएंगे। ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि फ़ाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो लिम्फेटिक सिस्टम को प्रभावित करती है। यह बीमारी मच्छरों द्वारा फैलाई जाती है और इससे विकलांगता हो सकती है। फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य इस बीमारी को खत्म करना है इसलिए कार्य को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधि अथवा गांव के ग्राम प्रधान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को प्राप्त करने का आदेश जारी किया, ताकि फाइलेरिया को जड़ से एवं ब्लाक से मिटाया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के अधीक्षक डा0 संजीव कुमार ने कहा कि फाइलेरिया एक बीमारी है जो परजीवी की वजह से होती है। इन परजीवियों को रक्त में मौजूद होने के लिए एक विशिष्ट समय की आवश्यकता होती है। रात के समय, जब मच्छर अधिक सक्रिय होते हैं, तो ये परजीवी भी रक्त में अधिक सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए, मलेरिया की जांच के लिए रक्त का नमूना रात में लिया जाता है ताकि परजीवियों का पता आसानी से लगाया जा सके। इस मौक़े पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी, अखिलेश कुमार, अजय कुमार, रीना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### देर शाम हुई बरसात में आम आदमी को मिली गर्मी से निजात, जलभराव ने बढ़ायी मुश्किलें



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार देर शाम शुरू हुई बरसात आम आदमी को गर्मी से तो राहत दे गयी हैं लेकिन नगर में कई स्थानों से जलभराव होने से परेशानी भी बढ़ी है। विदित हो कि काफी दिनों से गर्मी अपने शबाब पर थी लोग परेशान थे और बरसात का इंतजार कर रहे थे और अब गुरुवार शाम आए बादलों ने लोगों की इच्छा पूरी कर दी है आलम यह है कि रात भर हुई बरसात से लोगों को गर्मी से तो राहत मिल गई है लेकिन नगर में कई जगह हुए जलभराव से परेशानी भी बढ़ी है आलम यह है कि टरननगंज बाजार की मुख्य सडक निर्माण के बाद काफी ऊंची हो गई है जिससे जल निकासी व्यवस्था गड़बड़ा गयी और इसी वजह से कई दुकानों में पानी भर गया है और दुकानदारों को काफी क्षति भी हुई है इतना ही नही बरसात से तहसील जाने वाले रास्ते में रेलवे अण्डर पास में भी बरसात का पानी भर गया है जिससे पैदल निकलना मुश्किल हो गया है और जनता ने जिम्मेदारो से वरसात के दौरान जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये है। ईओ अवनीश कुमार शुक्ला के अनुसार समय से पूर्व नालों और नालियों की सफाई करा ली गई थी जिससे बस्ती में ज्यादा समस्या नहीं हुई है और बाजार में भी जल निकासी की व्यवस्था ठीक है। गुरुवार शाम शुरू हुई पहली बरसात मे सबसे ज्यादा असर विधुत आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ा है। कोमल सिंह निवासी आलमपुर के मुताबिक बरसात शुरू होते ही आपूर्ति ठप हो गई थी जो अभी तक नही है इसकी वजह से पेयजल आपूर्ति भी नहीं हुई है। रामचबूतरा निवासी माजिद हुसैन के अनुसार पानी बरसते ही उनके मुहल्ले में विद्युत आपूर्ति करने वाला परिवर्तक खराब हो गया था जिससे गत 24 घण्टे से विजली नही आई है। अवर अभियन्ता जितेन्द्र देव वर्मा के अनुसार पहली बरसात में कई जगह इंसुलेटर खराब हो गये है जिन्हें बदला जा रहा है साथ ही बिजली घर में रखे परिवर्तक में भी खराबी आ गयी है जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है शीघ्र ही आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## भाजपा सरकार में बना भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश : सुनील सिंह




**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के बिजौली ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर शक्ति केंद्र स्तरीय चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्ण ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि एक नए आत्म निर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण हो। अब यही 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन चुका है इन 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण सहित समाज के हर वर्ग के विकास के लिए विशेष कार्य किए गए। इन प्रयासों से समाज का प्रत्येक वर्ग अब खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रहा है। भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत प्रधान अभय प्रताप सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता बचान रावत शक्ति केंद्र संयोजक अमित बाजपेई मंडल महामंत्री राजेश रावत भीम प्रताप सिंह सरोज तिवारी पंकज त्रिवेदी बबलू शुक्ला शैलेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन समरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

### कैम्प लगाकर वसूले गए बिजली बिल

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर विद्युत वितरण उपकेंद्र के जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन के नेतृत्व में कैम्प लगाकर की गयी बकायादारों से बिल की वसूली।कैम्प पर भारी संख्या लोगों की तमाम समस्याओ का निस्तारण भी किया गया।

जानकारी के अनुसार विद्युत उपभोक्ताओ को भयंकर गर्मी मे दिक्कत न हो इसलिये जैदपुर व मोहना मे शुक्रवार को जैदपुर विद्युत वितरण उपकेंद्र के तेजतर्रार जूनियर इंजीनियर मिर्जा परवेज़ हुसैन के नेतृत्व में कैम्प लगाकर कर विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया बिल की वसूली की गयी।कैम्प मे तीन लाख पचास हजार रुपए से अधिक की वसूली करने के साथ विद्युत उपभोक्ताओ की तमाम समस्याओ का भी निस्तारण भी किया गय।साथ ही कुछ लोगों के कनेक्शन को भी काटा गया।

### जूनियर शिक्षक संघ ने किया खण्ड शिक्षाधिकारी का स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ धर्मेन्द्र प्रसाद का कार्यभार ग्रहण करने पर जूनियर शिक्षक संघ हैदरगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष रुद्रकांत वाजपेई ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि किसी भी अध्यापक का कोई भी कार्य मेरे स्तर पर लंबित नहीं रहेगा।इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री रजनीश शुक्ल,बेनी प्रसाद,रामशंकर, ललित प्रकाश शुक्ल, श्रवण कुमार शुक्ल,रामदत्त अवस्थी आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## चूल्हे से निकली चिंगारी ने गुड्डी के आशियाने को किया राख

▸ पीड़िता ने एसडीएम से लगायी आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चूल्हे के कंडे से निकली चिंगारी से घर में आग लगने से खाने पीने समेत घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग में घर में रखे 25000 रुपये नगद भी जल गए। पीडिता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र ग्राम जगनेवा निवासी गुड्डी देवी पत्नी श्याम सुंदर ने गुरूवार की रात घर के सदस्यों के लिए चूल्हे पर खाना बनाया। चूल्हे को ठंडा करने के बाद भी अंदर से वह सुलगता रहा। खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य कमरे में जाकर सो गए। रात में किसी समय घर में बिल्ली आ गई बिल्ली के कूदने से चूल्हे के पास ही रखा कंडों का ढेर चूल्हे में चला गया और धीरे धीरे कंडों ने आग पकड़ ली। कुछ देर बाद धुआं उठने पर जब परिवार के लोगों ने सामान को जलता हुआ देखा तो ग्रामीणों को आवाज लगाई। लेकिन तब तक वहां रखा दो बोरा गेंहू, दो बोरा बेझर, एक बोरा सरसों, एक बोंरा हरा मटर समेत घर गृहस्थी का सामान और 25000 रुपये नकद जलकर राख हो गए। पीड़ित महिला ने आग लगने की घटना को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें महिला ने बताया कि आग लगने से उसका घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका है। खाने पीने का सामान भी जो भरकर रखा था वह भी जल गया है। ऐसे में भरण पोषण की समस्या आ खड़ी हुई है। पीड़िता ने एसडीएम से उसे आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगाई है।

## दूसरे दिन भी जारी रहा पालिका का नालों से अतिक्रमण हटाने का अभियान



▸ जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिये गहरे नालों की पालिका करायेगी सफाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नालों की गहराई तक सफाई कराने का निर्णय लिया है। लेकिन नालों के ऊपर बड़े पैमाने पर पक्के अतिक्रमण होने की वजह से सफाई कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए नगर प्रशासन ने एसडीएम विनय मौर्य और नगर पालिका ईओ सुशील कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज कर दिया है।

शुक्रवार को अभियान का दूसरा दिन था, जिसमें नगर के तकिया मैदान से लेकर छत्रसाल रोड तक की मुख्य मार्गा के बगल में बने पक्के अतिक्रमणों को जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलती रही। कई स्थानों पर दुकानों के छज्जे, स्लैब और नालों के ऊपर डाले गए पक्के लिंटर को हटाया गया ताकि नाले की सफाई नीचे तक पूरी तरह की जा सके। अतिक्रमण हटाने के साथ ही जेसीबी मशीनों की मदद से नालों की तलहटी तक सफाई की गई। वर्षों से साफ न होने की वजह से इन नालों में कीचड़, प्लास्टिक, गंदगी, घरेलू कचरा और निर्माण सामग्री जमा हो चुकी थी, जिससे नालों का जल प्रवाह बाधित हो गया था। अभियान का निरीक्षण कर रहे एसडीएम विनय मौर्य ने कहा कि नालों के ऊपर अवैध और पक्के अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण न केवल नगर की सौंदर्यता को बिगाड़ते हैं, बल्कि जन स्वास्थ्य और मानसून के समय जन जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि नालों के ऊपर निर्माण न करें और न ही कूड़ा डालें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि यह अभियान केवल एक-दो दिनों का नहीं है, बल्कि इसे नियमित रूप से जारी रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई कार्य पूर्ण कर ली जाएगी, जिससे जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक को नगर की स्वच्छता और सफाई में भागीदार बनना चाहिए।

## संजय गंगवार का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया स्वागत

▸ सर्किट हाउस में हुआ भव्य अभिनंदन, विकास कार्यों पर हुआ संवाद



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद जालौन के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार के आगमन पर शुक्रवार को सर्किट हाउस उरई में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जनपद की राजनीतिक व प्रशासनिक हस्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रभारी मंत्री का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा तथा माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने मंत्री गंगवार से जनपद के विकास, समस्याओं और प्रशासनिक कार्यों को लेकर संवाद किया। बताया गया कि मंत्री के इस दौरे के दौरान विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। मंत्री के आगमन से जनपद में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है।

### चेकिंग के दौरान बिल जमा न होने पर कई बड़े उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग की टीम ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिजली चोरों की तलाश की गयी और बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। टीम ने बिजली का बिल जमा न करने पर कोंच चौराहे पर संचालित अली हसन की बेल्डिंग की दुकान, मोहल्ला तोपखाना में संचालित नजीरा स्पेयर पार्ट्स दुकान, भारत बंगरा रोड, कांजी हाउस के पास संचालित मिठाई की दुकान, औरैया मार्ग स्थित अस्पताल का बिल जमा न होने पर कनेक्शन काट दिया गया। बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान उपभोक्ताओं को निर्देश दिए कि वह नियमित बिजली का बिल जमा करें और बिजली की बचत में सहयोग करें।

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
श्रीमती किस्मती परमात्मा उपाध्याय इंटर कॉलेज
सिसवा, बेलौहा मार्ग,सीकरी बाजार, सिद्धार्थनगर- 272206
प्रबंधक: जटाशंकर उपाध्याय

स्थापित वर्ष 2015-16 रजि.नं. 907
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
टी एन मिश्रा मॉडर्न चिल्ड्रन एकेडमी
भूसौला माफी, लोटन जनपद सिद्धार्थनगर

स्थापित वर्ष 2015-16 रजि.नं. 907
वीरेंद्र मिथिलेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डॉ.वीरेंद्र प्रसाद पांडेय
(प्रबंधक)
महदेइया, लोटन, सिद्धार्थनगर
एमए: गृह विज्ञान,समाजशास्त्र, हिंदी
बीए: भूगोल,अंग्रेजी, हिंदी,समाज शास्त्र,शिक्षा शास्त्र, संस्कृत, राजनीतिक शास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान, बीएससी बीकॉम, वाणिज्य (कॉमर्स) डी.एल.एड. पाठ्यक्रम

नवज्योति सिद्धार्थ इंटरमीडिएट कॉलेज
क्लास एलकेजी से 12, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, हाई स्कूल ऑल सब्जेक्ट, इंटरमीडिएट साइंस एंड कॉमर्स
बीएड लुंबिनी रोड, (निकट उन्जी पेट्रोल पंप) बर्डपुर, सिद्धार्थनगर
ओपी यादव
(प्रिंसिपल-एमएससी)




## योग दिवस की पूर्व संध्या पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में सामूहिक योगाभ्यास का हुआ आयोजन




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास, इटावा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय परिवार द्वारा भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:00 बजे विद्यालय परिसर में हुई, जहाँ योग शिक्षक श्री विश्वबंधु जी द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियाँ सिखाई गईं। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने अत्यंत अनुशासन और रुचि के साथ समस्त योग गतिविधियों में सहभागिता की।

प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव, सीबीएसई डीटीसी इटावा ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी एकाग्र करता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने भी योगाभ्यास कार्यक्रम की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अंत में सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।



### होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर रोपित किये पौधे

**गाज़ियाबाद, समृद्धि न्यूज।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने विश्व पर्यावरण दिवस से देशभर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित कीं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। यह अभियान गाज़ियाबाद स्थित हिंदन होंडा डीलरशिप पर एक विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ, जिसमें एचएमएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों – शशांक रज़दान (जनरल मैनेजर, रीजनल बिज़नेस – सेंट्रल) और रविकुमार अन्नासाहेब फिरगणावर (जनरल मैनेजर, रीजनल बिज़नेस – सेंट्रल कस्टमर सर्विस) ने भाग लिया। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' ने एचएमएसआई की ज़मीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत, एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देशभर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की। मुख्य गतिविधियों में डीलरशिप पर आने वाले सभी ग्राहकों को पौधों का वितरण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता अभियान, और देश के कई शहरों और कस्बों में 1,25,000 से अधिक पौधा रोपित किये गये।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, हमीरपुर

पत्रांक- 336/ई-टेण्डर/06 दिनांक- 20.06.2025

अल्पकालीन ई-निविदा

चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, हमीरपुर एवं राठ द्वारा 15 वॉं वित्त आयोग के अन्तर्गत पाइप लाइन विस्तार, नवनिर्मित नलकूप, पम्प हाउस बनाना एवं अन्य कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण, निविदा प्रपत्र, शर्ते अधिकृत वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा को निर्धारित तिथि से पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. निविदा प्रकाशन की तिथि | - | 21.06.2025 | 3:00 p.m |
| 2. निविदा अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | - | 23.06.2025 | 4:30 p.m |
| 3. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | - | 04.07.2025 | 5:00 p.m |
| 4. निविदा खोलने की तिथि | - | 05.07.2025 | 12:00 p.m |

अधिशासी अभियन्ता
चित्रकूटधाम मण्डल
जल संस्थान हमीरपुर।

# सपा प्रतिनिधिमण्डल ने की जांच पड़ताल, सौंपा एक लाख का चेक

- अखिलेश यादव के निर्देश पर 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल पहुंचा गिहार बस्ती
- बस्ती के लोगों व मृतक के परिजनों से भी ली जानकारी

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी लेता सपा का प्रतिनिधि मण्डल

कस्बे के चौढ़नगर मोहल्ले की गिहार बस्ती में एक किशोर की पिटाई से हुई मौत के मामले में समाजवादी पार्टी का 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल शुक्रवार की दोपहर जांच करने पहुंचा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने मृत किशोर के माता-पिता व बस्ती के कई लोगों से करीब आधा घण्टे तक मामले की जानकारी हासिल की। बाद में सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर मृतक की माता को एक लाख रूपए की चेक सौंपी। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां के नेतृत्व में छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविन्द यादव, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहर, सदर विधानसभा अध्यक्ष पीपी बघेल, तिर्वा विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव, बरिष्ठ सपा नेता बउअन तिवारी, अनिल पाल, कूक्कू चैहान, यश दोहर व शेखर गिहार एवं युवजन सभा के हबीब हसन शुक्रवार की दोपहर एक बजे के करीब गिहार बस्ती पहुंचे। यहां उन्होने गिहार बस्ती में एक चैपाल लगाई। मृतक के पिता आनन्द गिहार व मां से घटना को लेकर पूरी जानकारी ली। प्रतिनिधि मण्डल को बताया गया कि 11 जून की रात को दो बजे के करीब भारी पुलिस बल उनकी बस्ती में पहुंचा था। बेवजह लाठियों से लोगों की पिटाई की। इसी दौरान कुनाल गिहार को भी चोट लगी। उसका इलाज कराया गया। 16 जून को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी के बाद प्रतिनिधि मण्डल ने मृतक के माता-पिता को एक लाख रूपए की चेक सौंपी। बताया कि यह आर्थिक सहायता उन्हे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजी है। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने बताया कि इसके अलावा 25 हजार रूपए की नगद धनराशि भी पीड़ितों को दी गई है। उन्होने बताया कि वह पूरी घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करेगें।

# स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने पर जोर

- सफाई कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा भेजी गई टीम ने दूसरे दिन भी सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। शरीफ मंसूरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और सभी ने स्वच्छता की शपथ ली।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में सफाई कर्मियों को प्लास्टिक उन्मूलन, विशेष रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, नाला व सीवर सफाई, सेफ्टी किट के उपयोग और स्वच्छ भारत मिशन सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम सिंह ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्वस्थ और सशक्त भारत की नींव है। वहीं, शरीफ मंसूरी ने सफाई कर्मियों से अपील की कि वे अपने कार्य को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करें, ताकि छिबरामऊ को स्वच्छता के क्षेत्र में एक मॉडल बनाया जा सके। इस अवसर पर सफाई प्रभारी अमरदीप, प्रवेश यादव, आकाश, शिवम, शिवा, आजाद, शनी, राहुल, सविता, लखन, पंकज सहित समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवकों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने बहाने से बुलाकर गाली गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना तालग्राम के ग्राम गढ़िया बेहटा निवासी विकास पुत्र जलसिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 18 जून की शाम करीब 04.20 बजे ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी तीन युवकों ने गाड़ी ट्रांसफर कराने के बहाने से उसे गांव में बुला लिया। इसके बाद गांव के अन्य युवक के दरवाजे पर ले जाकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नवनियुक्त मंडल पदाधिकारी को किया गया स्वागत



भाजपा कार्यालय पर मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी व नेतागण

- पदाधिकारियों को नवीन दायित्वओं का कराया बोध

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर विधानसभा की नवगठित मंडल कार्यकारिणी के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री असीम अरुण, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने सभी मंडलों के मौजूद पदाधिकारियो संबोधित करते हुए उन्हें उनके नवीन दायित्वओ का बोध कराते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आप सभी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी मंडल पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ही नहीं बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाली पार्टी है। आज भारतीय जनता पार्टी के मंडल के पदाधिकारी के रूप में आप सभी को गौरव की अनभूति होनी चाहिए। आप एक ऐसी पार्टी के पदाधिकारी है। जो पार्टी भारत को विश्व गुरु बनाना चाहती है। जिस पार्टी की सोच और कार्य प्रणाली भारत को सशक्त और विकसित भारत बनाने है। आप सब ऐसी पार्टी के पदाधिकारी है। कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने नवनियुक्त मंडल पदाधिकारी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई भी दी। इस मौके पर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले पांचो मंडलों के मंडलपदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छोटे सिंह यादव को दी गई श्रद्धांजलि, समाजवाद और सहकारिता के थे पुरोधा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





पश्चिमी बाईपास स्थित लोहिया सदन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक सदस्य, पूर्व सांसद और विधायक स्वर्गीय छोटे सिंह यादव को नम आँखों से याद किया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। छोटे सिंह यादव समाजवाद और सहकारिता के प्रखर पुरोधा थे। कन्नौज से सांसद, छिबरामऊ से विधायक, सपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, आरबीआई बोर्ड के निदेशक, कृभको व पीसीएफ के चेयरमैन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने समाजवादी विचारधारा को मजबूत किया। नेताजी मुलायम सिंह यादव के अभिन्न सहयोगी रहे छोटे सिंह यादव लंबे समय से अस्वस्थ थे और 12 जून को मेदांता अस्पताल लखनऊ में उनका निधन हो गया। कन्नौज नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता 'मुन्ना' ने कहा कि कन्नौज को सपा का गढ़ बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। दिनेश गुप्ता सौरिख और शिव रतन सिंह बैस खंडिनी ने कहा कि उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही वे आज इस मुकाम पर हैं। दीपू चौहान ने उनके सहकारिता आंदोलन में योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम संयोजक बाबा राम प्रकाश यादव ने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालक शैलेंद्र सिंह राठौर 'बबल' ने उनके साथ बिताए पलों को याद कर भावुक होकर संस्मरण साझा किए।

श्रद्धांजलि सभा में छोटे सिंह यादव के पुत्र सुधीर यादव, पौत्र आदित्य प्रकाश यादव, दामाद विनोद यादव, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, ताहिर हुसैन सिद्दीकी, यश दोहरे, जयकुमार तिवारी, अनिल प्रताप सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, सुनैना चौहान, कंचन कनौजिया, प्रताप सिंह यादव, प्रधुमन सिंह यादव, वीरेंद्र पाल, अर्जुन सिंह यादव, महेश कमल, सुरेश चंद्र शास्त्री, महेंद्र सिंह निम, दिगंबर सिंह यादव, सुघर सिंह पाल, मोहन सिंह यादव, बृजपाल शाक्य, शिल्पी यादव, उमाशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आई किशोरी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** हैंड पंप से पानी भरने जा रही नंदपुर गांव निवासी किशोरी विद्युत पोल के पास पहुंचते ही करंट लगने से अचेत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंदपुर निवासी प्रवेश चंद्र की 20 वर्षीय पुत्री मनीषा घर के पास लगे हैंडपंप से पानी भरने के लिए जा रही थी। विद्युत पोल के पास से गुजरते ही उसे जोरदार करंट लगा और वह दूर जा गिरी, घटना होती देख स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों को सूचित कर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चले प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।

### खेत से निकलने के विवाद में चले लाठी-डंडे

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में खड़ी फसल के बीच से निकलने से मना करने पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जुनैदपुर निवासी रमेश चंद्र पुत्र रामस्वरूप मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही तीन लोग उसके खेत में खड़ी फ़सल के बीच से अक्सर निकाल करते हैं। जब उसने लोगों से खड़ी फ़सल के बीच से निकलने से मना किया। तो आरोपितों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वही बीच बचाव करने आए उसके पुत्र शिवा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### साप्ताहिक परेड में एसपी ने पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़



निरीक्षण करते एसपी विनोद कुमार

- पुलिस लाइन में आवासों का किया निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। सभी अधिकारी, कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। एसपी ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें, पीआरवीकर्मी अपने- अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय आदि का भी निरीक्षण किया।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कुछ दिन पूर्व भतीजी के साथ बाइक से जा रहा युवक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसे कस्बा के निजी अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया था।

जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे स्वजन में चीख पुकार मच गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत निवासी अवधेश कुमार (25) पुत्र पंचम सिंह बीती 16 जून की सुबह 10.40 पर अपनी भतीजी सौम्या (17) के साथ अपने गांव सराय दौलत से सर्विस रोड होते हुए बाइक पर सवार होकर गुरसहायगंज जा रहे थे। तभी रास्ते में सराय प्रयाग स्थित मोहित टेंट हाउस के सामने आयशर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी।



मृतक अवधेश कुमार।

जिससे बाइक सवार चाचा व भीतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर हालत को देखते हुए स्थानीय चिकित्सक ने अवधेश को कानपुर रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की शाम लगभग 05 बजे उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

# ग्रामीणों व अभिभावकों ने स्कूल पेयरिंग प्रस्ताव का किया कड़ा विरोध

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



प्राथमिक विद्यालय कमलपुर में प्राथमिक विद्यालय धरनीधरपुर नगरिया के साथ पेयरिंग (समायोजन) के प्रस्ताव का ग्रामीणों और अभिभावकों ने एकजुट होकर तीव्र विरोध किया। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में स्कूल पेयरिंग योजना पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर उपयोग और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना था। प्रस्ताव के तहत कमलपुर के प्राथमिक विद्यालय को अन्य विद्यालय के साथ समायोजित किया जाना था। हालांकि, ग्रामीणों और अभिभावकों ने इसे स्थानीय बच्चों के लिए हानिकारक बताया। ग्राम प्रधान गौरव यादव ने कहा, पेयरिंग से बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर जाना पड़ेगा, जो असुविधाजनक और असुरक्षित है। हमारा विद्यालय गांव का गौरव है, इसे बंद या समायोजित करना स्वीकार नहीं। एसएमसी अध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रस्ताव को अव्यवहारिक करार देते हुए कहा कि इससे शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की कि सरकार इस प्रस्ताव को वापस ले और स्थानीय स्कूलों को अधिक संसाधन दे। एआरपी योगेश यादव ने आश्वासन दिया कि उनकी आपत्तियां उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएंगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा और विद्यालय की स्वतंत्रता के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## खाटू श्याम मंदिर शिलान्यास के लिए अयोध्या और खाटू से लाई गईं पूजित ईंटें



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कलयुग के अवतारी शीश के दानी बाबा खाटू श्याम मंदिर के शिलान्यास की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के नेतृत्व में राजीव नयन त्रिपाठी, संजीव उर्फ छोटे मिश्रा, पिंकी पांडेय, विशाल दुबे और विनय शर्मा सेठ की टीम ने खाटू श्याम (राजस्थान) और अयोध्या से पूजित ईंटें लाने का पवित्र कार्य किया। सबसे पहले टीम खाटू श्याम पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन कर पांच ईंटें प्राप्त कीं। इसके बाद अयोध्या में भी पूजा-अर्चना कर पांच पूजित ईंटें लाई गईं। विवेक गुप्ता ने बताया कि 22 जून, रविवार को सुबह 11 बजे रामलीला मैदान, छिबरामऊ में मंदिर निर्माण के लिए भव्य शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय और उनके पति राजेश पांडेय होंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। यह मंदिर क्षेत्र में आस्था और भक्ति का नया केंद्र बनेगा, जो भक्तों को बाबा खाटू श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करने का अवसर प्रदान करेगा। समिति ने सभी भक्तों से इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया है।

# संस्था की मदद कर शिक्षा व समाज को करें मजबूत

- समाज व शिक्षा के लिए कार्य करने वालों की करें मदद

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





कार्यालय में मौजूद सावरकर हेल्प फाउण्डेशन के पदाधिकारी।

गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए संकल्पबद्ध सावरकर हेल्प फाउंडेशन के संचालक संदीप चतुर्वेदी ने स्थानीय लोगों से संस्था का सहयोग करने की अपील की। कहा कि संस्था सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित सावरकर हेल्प फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान डा. योगेश शर्मा ने बताया कि संस्था बीते तीन वर्षों से गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रही है। संस्था के संचालन संदीप चतुर्वेदी ने समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानते हुए शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल शुरू की थी। बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल शिक्षा ही देना नहीं, बल्कि उन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। जो संसाधनों की कमी से पीछे रह जाते हैं। संस्था स्कूल स्तर की शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा, और व्यावहारिक ज्ञान देने का भी कार्य करती है। समाज के सभी वर्गों से निवेदन किया है कि वे सावरकर हेल्प फाउंडेशन से जुड़ें। इसकी गतिविधियों को समझें और समाज के लिए कुछ सकारात्मक कार्य करने में सहयोग करें। इस दौरान सचिन द्विवेदी, अनुराग पटेल, अमन कुशवाहा, प्रतीक शर्मा, सुनील पाल, आनंद पांडेय, विशाल, अमित कुमार, मंजुल कुमार, आनंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# 55 अस्पतालों को नोटिस, 12 अस्पतालों के मिले गम्भीर प्रकरण

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

शासन द्वारा नैदानिक स्थापनों के क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एण्ड रेगुलेशन एक्ट 2010) के अन्तर्गत जनपद के पंजीकृत निजी चिकित्सालयों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में निर्गत दिशा निर्देश एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश के अनुपालन में जनपद में संचालित 84 निजी अस्पतालों का निरीक्षण मजिस्ट्रेट एवं चिकित्साधिकारी व संबंधित थानाध्यक्ष की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। जिसमें 29 अस्पतालों की स्थिति संतोषजनक मिली। 55 अस्पतालों को नोटिस जारी की गयी। जिसमें 12 अस्पतालो के गम्भीर प्रकरण मिले। जिनके नाम लाइसेंस न होना अथवा लाइसेंस एक्सपायर होना पाया गया। ऐसे गम्भीर प्रकरण के निजी अस्पताल क्रमशः ब्लाक सदर के चित्रकूट आई हॉस्पिटल, गार्गी हॉस्पिटल, महक हॉस्पिटल, ललिता हॉस्पिटल, न्यू यस हॉस्पिटल एण्ड सर्जिकल सेंटर, न्यू संजीवनी हॉस्पिटल, फार्चून हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेंटर व ब्लाक उमर्दा के रिवेंशी हॉस्पिटल, यूएमएस हॉस्पिटल/मैटेरनिटी सेन्टर, गीता हॉस्पिटल एण्ड सर्जिकल सेंटर, जनता नर्सिंग होम एवं ब्लाक हसेरन के लाइफ केयर एण्ड मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नादेमऊ हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध रुप से संचालित अस्पतालों का दैनिक अनुश्रवण किया जा रहा है। ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# रोशन शाह बाबा के उर्स में उमड़ी लोगों की भीड़

- गागर व चादर चढ़ाकर मांगी अमन चैन की दुआ

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



उर्स में मौजूद पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी व अन्य।

रोशन शाह बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दूरदराज से आए अकीदतमंदों ने गागर व चादर चढ़ाकर इबादत की और अमन चैन की दुआ मांगी। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फीता काटकर व चादर चढ़ाकर उर्स का शुभारंभ किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार की देर रात रोशन शाह बाबा का 115 वां सालाना उर्स रफाएं आम तंजीम कमेटी के तत्वाधान में बड़े ही हर्सोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। हजरत रोशन शाह के उर्स का सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष कलीम खां, युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, पिंटू यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद सपा नेताओं ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद रेडियो एंड टीवी आर्टिस्ट दिल्ली कब्बाल आसिफ सुल्तानी व रेडियो एंड टीवी आर्टिस्ट अलीगढ़ गुलाम हबीब पेंटर ने रात भर श्रोताओं को जवाबी कब्बालियां सुना कर तालियां बटोरी। तो वही श्रोताओं ने भी कब्बालों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान शहर काजी हाफिज जुम्मन, फिरदौस आलम, आफताब आलम, मुनीर कुरैशी, इजहार आलम, शकील, मुस्तकीम, नईम, मन्नू, हसीन, अबरार, सलमान वारसी, अयूब खान, शमशाद खां, मेराज, मुन्ना सहित सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## दोषी को सात साल की कैद साढ़े 15 हजार का जुर्माना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए युवक ने एक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। मामले में अदालत ने दोषी पाते हुए सात साल की सजा व 15500 का जुर्माना लगाया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाना सौरिख पर अभियुक्त द्वारा तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मार देना जिससे पीड़ित की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में वर्ष 2016 में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम द्वारा अभियुक्त सुरजीत यादव उर्फ पुरुषोत्तम पुत्र लल्लू यादव निवासी खानपुर थाना सौरिख को 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 15,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# संदिग्धों पर रखें नजर, सीसीटीवी से बढ़ाएं निगरानी

## पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी कर समस्त पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**





पुलिस कार्यालय पर बैठक करते एसपी विनोद कुमार

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी की गई।

जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी/ शाखा प्रभारी एवं जनपद के पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना एवं अपराधों पर नियंत्रण रखना था। मीटिंग में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर चर्चा की गई, जिनमें विशेष रूप से गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों, एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे विवेचना में तेजी लाएं और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने, एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि सभी थानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, और विशेषकर महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए। इस क्राइम मीटिंग का मुख्य उद्देश्य जनपद को अपराध मुक्त बनाना और आमजन के मन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था।

## निर्माणाधीन फ्लोर मिल से लाखों का माल चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम लड़ैता में चल रहे फ्लोर मिल के निर्माण कार्य में रखे मशीनरी सामान को किन्ही अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस तीन संदिग्ध युवकों को उठाकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अदमापुर निवासी गौरव कुमार पुत्र शिवनाथ सिंह ने बताया कि वह जीटी रोड स्थित ग्राम लड़ैता में एक फ्लोर मिल का निर्माण कार्य करा रहे है। मिल में लगने वाली कानपुर से लाई गई मशीनों का सामान वहां रखा था। उनका आरोप है कि मंगलवार की रात किन्हीं अज्ञात चोरों ने लगभग ढाई लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित के द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए तीन संदिग्ध युवकों को उठा लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# कैंटीन संचालक ने की थी सेल्समैन की हत्या, दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 187/2025 धारा 103(1) बीएनएस के सम्बन्ध में थाना पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये दो अभियुक्तगणों को 72 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया है।

वादी राकेश कुमार पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम रायपुर थाना मऊदरवाजा द्वारा दिनांक 16.06.2025 को थाना मऊदरवाजा पर तहरीर दी गयी थी कि उसका भाई शिवरतन पुत्र रामकिशन निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द चिलसरा मार्ग पर स्थित देशी शराब ठेके पर सेल्समैन का कार्य करता था। जिसका मालिक भगवानदास शिवानी उर्फ मीनू पुत्र ईश्वरदास शिवानी है। मेरे भाई के प्रातः 9:00 बजे घर न पहुँचने पर मेरे द्वारा दुकान पर पता किया गया, तो भगवान दास ने बताया कि शिवरतन सो रहा है, तो मैं घर पर वापस चला आया तथा घर वालों व गाँव वालों को इसकी सूचना दी। तब तक मेरे भाई का शव लोहिया अस्पताल पहुंच चुका था। मुझे अंदेशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भगवान दास शिवानी व प्रभुदास शिवानी पुत्र भगवान दास शिवानी एवं दो आदमी अज्ञात ने मेरे भाई को मारकर दुकान में डाल दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दिनांक 16.06.2025 को थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 187/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. में भगवानदास शिवानी उर्फ मीनू पुत्र ईश्वर दास शिवानी, प्रभुदास शिवानी पुत्र भगवान दास शिवानी निवासीगण अज्ञात व दो व्यक्ति अज्ञात नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

दौराने विवेचना अभियुक्तगण विनोद यादव, प्रदीप उपरोक्त के नाम प्रकाश में आये। मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण की तलाश के क्रम में विवेचक थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी मय उ.नि. नितिन कुमार, मय हमराह आरक्षीगण के द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण विनोद यादव, प्रदीप उपरोक्त किया गया।


घटना का अनावरण करतीं सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय

# अमर शहीद मणीद्रनाथ बनर्जी की शहादत को किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अमर शहीद मणिन्द्र नाथ बनर्जी का 92वां शहादत दिवस मनाया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाद में जेल के अंदर बने सभागार में गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने कारागार के अन्दर अमर शहीद मणीन्द्रनाथ बनर्जी स्मारक स्थल पर दीप प्रज्जवलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कारागार में निरुद्ध बन्दियों यथा.बंदी रामधन थापाँ, बन्दी ध्रुव तिवारी आदि ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों से उपस्थित स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजनों, अधिकारियों एवं बन्दियों को भाव विभोर कर दिया।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने बन्दियों द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों पर पुरस्कार स्वरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बन्दियों को 03 दिन का विशेष परिहार दिये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही राष्ट्रभक्त मणीन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणोत्सर्ग किये जाने हेतु शत.शत नमन एवं वंदन किया गया। इस दौरान स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजन प्रेमचन्द लाल, ओम प्रताप सिंह, अहिवरन सिंह, अजय कुमार, राम आसरे, करुणेन्द्र कुमार यादव कारापाल, रवीन्द्र सिंह कारापाल, सुधाकर राव गौतम उपकारापाल, हरेन्द्र राठी उपकारापाल एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


शहीद मणीन्द्र बनर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जेल अधीक्षक

# गाली-गलौज का विरोध करने पर चले लाठी-डंडे व धारदार हथियार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गाली-गलौज का विरोध करने पर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। पीड़िता ने पिता-पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ नाबालिग पुत्रियों से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने एक का मेडिकल परीक्षण सीएचसी शमसाबाद तथा दो लोगों का लोहिया अस्पताल में कराया है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही मोहल्ला जैतपुर निवासी राजीवस, पिंटू पुत्रगण कल्याण सिंह, कल्याण सिंह पुत्र गंधर्व सिंह तथा लेखराज सहित चार लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 19 जून की शाम 7 बजे के करीब आरोपियों द्वारा घर के सामने गाली गलौज किया गया। आरोपियों के इस कृत्य का जब नाबालिक पुत्री द्वारा विरोध किया गया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए और गाली- गलौज करते हुए लाठी-डंडों तथा धारदार हथियार हंसिया से बार कर मारपीट करने लगे। आरोप है आरोपियों द्वारा पुत्री को जबरन खींचकर छेड़छाड़ की गई। पुत्रियों के शोर मचाने पर जब पीड़िता तथा पीड़िता का देवर, देवरानी बीच बचाव हेतु मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बक्सा तथा लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। आरोप था लेखराज के हाथ में धारदार हथियार हंसिया था। जिसके बार से घायल हो गए।

दबंग आरोपियों की इस हरकत से आहत महिला ने पिता-पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी में बताया गया घायलों को सीएचसी शमसाबाद लाया गया। जिसमें एक का मेडिकल परीक्षण सीएससी शमशाबाद में कराया गया, जबकि दो लोगों को मेडिकल परीक्षण हेतु लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बरसात से मेनलाइन में आयी खराबी, 120 गांव अंधेरे में डूबे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गरज चमक के साथ हुई बरसात से मेन लाइन में खराबी आ गयी। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद 11 बजे के करीब मेन लाइन चालू हुई। 132 केवीए नीब करोरी से नवाबगंज उपकेंद्र को बिजली की आपूर्ति की जाती है। शाम को गरज चमक के साथ हुई बरसात से मेन लाइन में खराबी आ गई। जिससे लगभग 120 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत कर्मियों ने पेट्रोलिंग कर फाल्ट खोजने का कार्य शुरू किया। लाइनमैन वीर सिंह, हुकुम सिंह, राजीव, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, अनिरुद्ध सिंह आदि ने मरम्मत का कार्य शुरू किया। विद्युतकर्मियों ने बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया, लेकिन आपूर्ति बहाल न होने पर लाइन को ब्रेकडाउन कर दिया गया। जिससे लगभग 120 से अधिक गांवों में बिजली गुल हो गई है। विद्युत कर्मियों ने पेट्रोलिंग कर डिलारे नगला के पास मैन लाइन पर बिजली गिरने से दो इंसुलेटर फट गये। जिसे विद्युत कर्मियों ने चेंज किये। उसके बाद 11 बजे के करीब मैन लाइन चालू हुई। जिसके बाद बीबीसी मशीन में फाल्ट हो गया। विद्युत घर से जुड़े चार फीडर में से 1 बजे सिरमौरा, 1:50 बजे जगदीशपुर चालू हुआ। वहीं 2 बजे से नवाबगंज अठसेनी फीडर बंद है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ग्राम पंचायत बिजौरी में सड़क निर्माण की उठी मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिजौरी के निवासियों ने नवाबगंज खंड विकास कार्यालय पहुंचकर सहायक विकास अधिकारी सुखदेश कुमार को एक मांग पत्र दिया है। इसमें उन्होंने अपनी ग्राम पंचायत की सड़क के निर्माण की मांग की है। जो ब्रह्म सिंह जाटव के घर से अरुण कुमार के घर तक जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस गली में कीचड़ और पानी भरा रहता है। जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है।

गली में कीचड़ और पानी भरने से लोगों को कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और विद्यार्थियों को निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंद्रह वर्षो से अब तक इस गली का निर्माण नहीं करवाया गया है और कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीण हरिओम, राम पाल, राधा कृष्ण, विजय, राजवीर, शिवम, संतराम, रमेश आदि ग्रामीणों ने मांग की है कि इस गली का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो और बीमारियों से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या का समाधान चाहते हैं और इसके लिए वे प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा करते हैं। वहीं ग्राम विकास अधिकारी प्रवीन कुमार से जब बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि बजट न होने की वजह से निर्माण कार्य नहीं हो सका।


ग्राम पंचायत बिजौरी की गली का सूरतेहाल

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा व टेम्पो की आमने सामने भिड़ंत में महिला समेत कई घायल


लोहिया अस्पताल में भर्ती महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा व टेम्पो की आमने सामने भिड़ंत में महिला समेत कई लोग घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं महिला की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार अरवीना पत्नी जुम्मन निवासी बुढ़नामऊ थाना कोतवाली फतेहगढ़ टेम्पो में सवार होकर अपने मायके से ससुराल आ रही थी, तभी हजियांपुर शमसाबाद के पास टेम्पो व ई-रिक्शा में आपस में भिड़ंत हो गयी। जिससे महिला सहित कई लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टेम्पो को हिरासत में ले लिया तथा घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### सांप के डसने से बालक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सांप के काटने से बालक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गाँव पिलुआ निवासी अरुन कुमार उम्र 11 वर्षीय पुत्र रामनिवास खेत पर शौचक्रिया करने गया था। उसी समय सांप ने उसके पैर में काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमित कुमार ने अरुन को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही अरून की माँ राजबेटी, भाई करन उम्र 15 वर्ष, सूरज 13 वर्ष, शिवानी 9 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। करन की माँ ने बताया कि मेरा बेटा करन तीसरे नम्बर का था। वह सुबह खेत पर शौचक्रिया कर रहा था। उसी समय साँप ने उसे काट लिया।

### गृहकलह के चलते महिला ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गॉव सिलसंडा निवासी माधुरी उम्र 22 वर्षीय पत्नी सनोज कुमार ने गृहकलह के चलते जहरीला कीटनाशन पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां उपचार जारी।

### अलग-अलग घटनाओं में दो को सर्प ने डसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग घटनाओं युवती समेत दो लोगों को सर्प ने डस लिया। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार प्रीति उम्र 20 वर्ष पुत्री राम भरोसे निवासी मिर्जापुर थाना कलान जनपद शाहजहांपुर को शुक्रवार को उस समय सर्प ने डस लिया, जब वह घर की साफ-सफाई कर रही थी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी घटना में सुनीता देवी उम्र 50 पत्नी सुरेशचंद्र निवासी अतनपुर चौकी पटियाली जनपद कासगंज खेत में भैंस बांधने गई थी, तभी महिला को सर्प ने डस लिया। जिसे परिजनों ने राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया।

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाये 61738 रुपये

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खाताधारक के खाते से साइबर अपराधियों ने 61738 रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित सिंहपाल पुत्र रामचन्द्र निवासी खान आलमपुर मजरा कुँआखेड़ा बजीर आलम खान थाना कायमगंज का निवासी सीधा सादा व्यक्ति है। पीड़ित का एक खाता बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कायमगंज में चल रहा है। जिसका खाता सं0-760510100030856 है। पीड़ित के उक्त बैंक खाते से दिनांक 24.11.2024 को 10000/- व दिनांक 24.03.2025 को 429/- व 20.03.2025 को 3329.51 रुपये व दिनांक 11.02.2025 को 9929.5 रुपये, दिनांक 10.02.2025 को 9929.5 रुपये व दिनांक 07.02.2025 को 9929.5 रुपये व दिनांक 04.02.2025 को 9929.5 रुपये व 02.12.2024 को 10000/- रुपये कट गये। पीड़ित के उक्त कुल 61738/- कट गये हैं, जबकि पीड़ित ने बैंक से कोई लेनदेन नहीं किया है। जब पीड़ित अपने उक्त बैंक से रुपये निकालने गया. तो शाखा प्रबन्ध ने कहा कि आपके खाते में रूपये नहीं है। तब पीड़ित ने बैंक प्रबन्धक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे पीड़ित को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### टेम्पो पलटने से आधा दर्जन घायल


सीएचसी में भर्ती घायल महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** टेम्पो पलटने से आधा दर्जन सवारियां दबकर घायल हो गयीं। जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव भटासा निवासी अरवीना उर्फ रवीना उम्र 24 वर्षीय पत्नी जान मोहम्मद अपने टेम्पो में बैठकर फर्रुखाबाद जा रही थी। जैसे ही टेम्पो ग्राम हजियांपुर के पास पहुँचा, तभी टेम्पो अनियन्त्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें बैठी अरवीना उर्फ रवीना सहित आधा दर्जन से अधिक सवारिया उसमें दबकर घायल हो गयीं, जबकि अन्य अन्य घायलों को नजदीकी हॉस्पीटल में लाकर भर्ती कराया गया। अरवीना उर्फ रवीना को घापल अवस्था में प्राइवेट वाहन द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# बच्चों को स्कूल में दण्डित करना अब गुरुजी को पड़ेगा भारी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी व निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं का डांटना, फटकारना, मारना, किताब-कॉपी न लाने पर क्लास में खड़ा करना आदि दंड देना तथा दुर्व्यहार करना शिक्षकों को शासन के नये आदेशों के तहत भारी पड़ेगा। इस मामले में अब सभी स्कूलों में एक शिकायत पेटिका भी लगायी जायेगी।

जिसमें बच्चे स्वयं दंड मिलने पर अपनी शिकायत संबंधित शिक्षक-शिक्षिका का नाम लिखकर डाल सकेंगे। जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने बच्चों को किसी भी प्रकार का दण्ड न दिये जाने तथा उनका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न न करने आदि के संबंध में शिक्षाधिकारियों को आदेश जारी किये हैं। जिसके अनुसार अब छात्रों का किसी भी प्रकार का मानसिक व शरीरिक उत्पीड़न करने वाले गुरुजनों की खैर नहीं। स्कूलों में छात्रों की गलती पर उन्हें डांटना, फटकारना, बेइज्जत करना, कॉपी किताब न लाने पर क्लास में खड़ा करना, चिकोटी लेना, छड़ी से मारना, दौड़ लगाने का दण्ड देना आदि पर शासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल महानिदेशक के आदेश में यह भी कहा गया है कि दण्ड के प्रति बच्चों को स्कूलों में शिक्षकों द्वारा जागरुक किया जाये। प्रत्येक स्कूल में एक शिकायत पेटिका लगेगी। जिसमें बच्चे अपने प्रति दिये गये दण्ड की शिकायत लिखकर डाल सकेंगे। पेटिका की शिकायत को शिक्षक-अभिभावक संघ (पी.टी.ए.) भी संज्ञान में लेगा तथा उच्चाधिकारियों को अवगत करायेगा। विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को उनके अधिकारों से परिचित कराने तथा उनके साथ भेदभाव न किये जाने के संबंध में सुरक्षा एवं संरक्षण प्रशिक्षण का माड्यूल भी शिक्षा विभाग तैयार करेगा।

# बाइक फिसलने से चालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर निवासी करन कश्यप उम्र 18 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार कश्यप बाइक लेकर किसी काम से कायमगंज की ओर आ रहा था। घर से निकलते ही कुछ ही दूरी पर पहुँचते ही बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे नीचे गिरकर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से परिजन घायल अवस्था में करन को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।


सीएचसी में भर्ती घायल

# औषधि काउंटर पर दवा लेने के लिए उमड़ी मरीजों की भीड़


लोहिया के औषधि काउंटर पर दवा लेते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोहिया अस्पताल में गर्मी से फैलने वाले रोगों जैसे हैजा, हीटवेव, बुखार, चक्कर आना, पेट दर्द आदि के मरीजों की संख्या ज्यादा पहुंच रही है। वहीं चिकित्सक दवाइयां देकर गर्मी के मौसम में विशेष एतियात बरतने की सलाह भी दे रहे हैं। बीते दिन हुई बरसात से कुछ हद तक भीषण गर्मी से निजात अवश्य मिली है, लेकिन इससे पूर्व पारा 40 पार कर गया था। जिससे लोहिया अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी देखी गयी। शुक्रवार को भी मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया। चिकित्सकों का कहना है कि इस समय हैजा, हीटवेव, बुखार, चक्कर आना, पेट दर्द आदि के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा देखा गया। जिससे औषधि वितरण कक्ष के बाहर मरीजों की भारी भीड़ देखी गयी। वहीं पर्चा काउंटर पर भी मरीजों की काफी भीड़ देखी गयी।

# ऑक्सीजन सिलेंडर लाने में नहीं बरती जा रहीं सावधानियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोहिया अस्पताल में ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लाते समय असावधानियां बरती जा रही हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार लोहिया अस्पताल में मरीजों को ऑक्सीजन देने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर पिकअप से लाये जाते हैं, लेकिन इसमें एतियात कतई नहीं बरता जाता है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जरा सी असावधानी में आग लगने का खतरा, सिलेंडर फटने का खतरा रहता है, क्योंकि ऑक्सीजन एक ज्वलनशील गैस है और यह आग को और भड़का सकती है। इसलिए ऑक्सीजन सिलेंडर को ज्वलनशील पदार्थों जैसे कि तेल, ग्रीस और ज्वलनशील रसायनों से दूर रखना चाहिए। साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर उच्च दबाव में होते हैं और यदि उन्हें ठीक से नहीं संभाला जाए या उन्हें गर्म किया जाए तो वे फट सकते हैं। जब इस संबंध में चिकित्सकों से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडर को हमेशा सुरक्षित और अच्छी तरह से हवादार जगह पर रखें। साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर को हमेशा सावधानी से संभालें और उन्हें गिराने या नुकसान पहुंचाने से बचें।


पिकअप से उतारे जा रहे ऑक्सीजन सिलेंडर

# ब्लॉक संसाधन केंद्र के स्टोर रुम से हजारों का सामान चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र के स्टोर रूम का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में कार्यालय सहायक व अन्य कर्मचारियों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र शमशाबाद जहां बीते दिवस की रात अज्ञात चोरों ने स्टोर रूम का ताला तोड़ा और कमरों में रखे हजारों रुपयों के कीमती इलेक्ट्रानिक विद्युत उपकरण चुराकर फरार हो गए। शमसाबाद थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार शुक्रवार की सुबह कार्यालय सहायक संजय सिंह जब ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचे और उन्होंने ताला खुलवाया, तो पीछे स्टोर रूम के गेट का ताला टूटा हुआ था तथा अंदर सामान बिखरा हुआ पड़ा है। घटना की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गयी। अज्ञात चोर पीछे स्टोर रूम का ताला तोड़कर दो बैटरी, दो इनवर्टर, एक स्टेब्लाइजर 10 किलो वॉट, एक आईसीयू लैब, एक टीएफटी एवं एक सीपीयू जो पानी गिरने से खराब हो गया था अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इस चोरी की घटना में हजारों रुपए का नुकसान हुआ। इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यालय सहायक संजय सिंह, सहायक लेखाकार अनुराग द्विवेदी, पृथ्वीराज, मुनेंद्र सिंह, राकेश कुमार बाथम, कार्यालय ऑपरेटर कृष्णकांत सक्सेना आदि कर्मचारियों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र शमशाबाद थाना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। बताते हैं थाना चौराहे से लगभग 100 कदम की दूरी पर ब्लॉक संसाधन केंद्र शमशाबाद है। यह क्षेत्र आबादी वाला क्षेत्र है। यहां हमेशा चहल पहल रहती है। इसके अलावा पुलिसकर्मी गश्त व्यवस्था की कमान भी संभालते है। फिर भी अज्ञात चोरों ने शमशाबाद थाना पुलिस की गश्त व्यवस्था को ताक पर रख इलेक्ट्रानिक उपकरण चुराकर हजारों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल देखा गया।


चोरों द्वारा तोड़ी गयी खिड़की को देखते अधिकारी

# बसपा की बैठक में सेक्टर व बूथ कमेटी का किया गया गठन


बैठक में मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि मुख्य मण्डल कानपुर प्रभारी मुकेश अहिरवार व विशिष्ट अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार तथा विजय भास्कर ने बैठक में सेक्टर व बूथ कमेटी गठन किया। उन्होंने संगठन का विस्तार करते हुए समीक्षा की। शत-प्रतिशत सही गठन के साथ 50 प्रतिशत युवाओं को जोड़ने के निर्देश दिये। 2027 में बहन कु0 मायावती को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर आछेलाल पाल, शब्बीर मंसूरी, सुरजीत, सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर, आरडी बौद्ध, अब्दुल रहमान, प्रदीप कठेरिया, रामरतन गौतम, योगेन्द्र सिंह, अखिलेश भास्कर, त्रिपुरेश कुमार गौतम, पंकज गौतम, नबाब सिंह कठेरिया, फूलसिंह, रजित राठौर, धर्मेन्द्र राणा, नेमसिंह गौतम, रामऔतार गौतम, अजीत पाल, गौरव, सिद्धार्थ, आयुषकांत, देवनरायन गौतम, दौलतराम बौद्ध, रूपलाल वर्मा, विश्राम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### विक्षिप्त/विकलांग युवती से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक की 22 वर्षीय पुत्री जो दिमाग से विछिप्त एवं विकलांग है। आज देर शाम पड़ोसी गांव पहाड़ी निवासी शेखर पुत्र बहादुर उम्र लगभग 25 वर्ष नशे की हालत में पहुंचा और घर के बाहर विछिप्त एवं विकलांग युवती को मिठाई एवं आम दिए और इसके बाद उसे गोदी में उठाकर खेतों में ले गया। जहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी दौरान खेतों में काम कर रहे युवती के भाईयों ने उसे देख लिया और दौड़कर युवक को पकड़ लिया। जहां पहले तो युवक के साथ हाथापाई हुई इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना किसी व्यक्ति द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर कोतवाली के एसएसआई सुरजीत यादव ने पहुँचकर युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। वहीं पुलिस अब घटना के संबंध में जांच पड़ताल कर अभियुक्त शेखर पुत्र बहादुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण करवाया।

### खनन अधिकारी ने खनन पट्टों के स्थल का किया निरीक्षण


खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते संजय प्रताप

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेहटा बल्लू तथा ढाई घाट शमशाबाद में पन चक्की से अवैध खनन किए जाने की शिकायत की गई थी। बीते दिनों पूर्व ढाई घाट शमशाबाद तथा बेहटा बल्लू में पनचक्की के जरिए अवैध खनन की शिकायत की गई थी। जिसे जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान में लेकर जांच के आदेश दिए थे। डीएम के आदेशानुसार खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को गंगा कटरी क्षेत्र के ग्राम बेहटा बल्लू तथा ढाई घाट शमशाबाद का निरीक्षण किया। खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह ने बताया कि बेहटा बल्लू में निरीक्षण के दौरान पनचक्की से खनन होता नहीं मिला, जबकि इस क्षेत्र में पनचक्की के जरिए अवैध खनन किए जाने की शिकायत की गई थी। खनन अधिकारी ने बताया कुछ लोगों द्वारा प्रशासनिक स्तर पर अवैध खनन की शिकायत की गई थी। जिस पर जिलाधिकारी के आदेशानुसार ढाई घाट शमशाबाद तथा बेहटा बल्लू में निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार का अवैध खनन होता नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कुछ लोगों द्वारा गंगा की जलधारा का जल अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की गई थी। उन्होंने बताया पट्टा धारक का जिस स्थान पर खनन स्थल है उस स्थान पर जाने का कोई रास्ता नहीं था, इसके लिए रास्ता तैयार किया गया ना की जलधारा को अवरुद्ध कर बांध बनाया गया। उन्होंने कहा है ऐसी कोई स्थिति नहीं पाई गई।

# मिलावट करने वालों के मैं खिलाफ हूं: ज्ञानेश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि मिलावट करने वालों के मैं खिलाफ हूं, लेकिन मिलावट के नाम पर किसी भी व्यापारी का बिना बजह उत्पीड़न हुआ तो व्यापार मण्डल उसका विरोध करेगा। जो व्यापार नहीं करते है और संगठन में पदाधिकारी बन जाते है उन्हें हम व्यापारी नहीं मानते है और यह गलत है। उन्होंने पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि जीएसटी के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न होता है। स्टेट व सेन्ट्रल सरकार दोनों जीएसटी लेते है। जीएसटी अधिकारी धारा 129 का दुरुपयोग कर रहे है। धारा 129 का सरलीकरण किया जाये। अगर कोई व्यापारी की गाड़ी पकड़ी जाती है तो उसे छोड़ा जाये। तीन-तीन दिन तक छोड़ा नहीं जाता है, इसका व्यापार मण्डल विरोध करता है।

उन्होंने बताया कि भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में रजिस्ट्रेशन को लेकर विवाद था। इसलिए भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को छोड़कर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बनाया है। अभी किसी से सदस्यता शुल्क नहीं लिया गया है, शीघ्र ही सदस्यता शुल्क लिया जायेगा और बहुत कम रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि 2003 से व्यापार मण्डल में कार्य कर रहा हूं। 50 जिलों में संगठन तैयार हो चुका है। साथ ही उन्होंने बिजली कटौती बंद करने की मांग की और बिजली की दरें भी न बढ़ायी जाये। सर्राफा व्यापारियों के उत्पीड़न के बारे में उन्होंने कहा कि यह कौन तय करेगा कि यह माल कहां से आया है या चोरी का है, इसलिए सर्राफा व्यापारी का उत्पीड़न न हो, इस संबंध में डीजीपी से मुलाकात करूंगा।

इस मौके पर प्रखर श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल, पुन्नी शुक्ला, सभासद अतुल शंकर दुबे, शिवाशीष तिवारी, सुजाता सिंह, मुकेश गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रीती तिवारी, प्रीती गुप्ता, आनंद मोहन वर्मा, राजीव अग्रवाल, डालचन्द्र कठेरिया, अरुण गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



वार्ता करते प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा

- जीएसटी की धारा 129 का सरलीकरण किया जाये
- व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं किया जायेगा बर्दाश्त

# नशा विरोधी पखवाड़ा के तहत छात्राओं को दिलायी गई शपथ




जागरुकता की शपथ दिलाती प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनौडिया बालिका इंटर कालेज में प्रशासन के आदेशानुसार नशा विरोधी पखवाड़ा 12 जून से 26 जून तक मनाया जा रहा है। विद्यालय में नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति आम जन मानस को जागरुक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को शपथ दिलायी। शिक्षिका पूनम शुक्ला के नेतृत्व में छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन व ऑनलाइन पोर्टल पर शपथ के माध्यम से प्रतिभाग किया तथा नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम में नोडल शिक्षिका पूनम शुक्ला, सृष्टि, नेहा, लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सदर विधायक राज्य सैनिक परिषद के बनाये गये सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को 20 जून को राज्य सैनिक परिषद उत्तर प्रदेश का सदस्य नामित किया गया है। इस परिषद का मुख्यालय लखनऊ में है। विधानसभा से दो सदस्यों को नामित किया जाता है। इसमें मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के अलावा कांग्रेस की विधायक आराधना मिश्रा विधायक प्रतापगढ़ को भी नामित किया गया है।

मेजर सुनील दत्त द्विवेदी उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान लखनऊ की प्रबंध समिति के सद्स्य हैं। जिसकी अध्यक्ष राज्यपाल है। उपाध्यक्ष मुख्यमंत्री है। मुख्यसचिव, वित्त सचिव व आर्मी के जीओसी एरिया के मेजर जनरल भी इस संस्थान के सद्स्य हैं। प्रदेश की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति के रूप में भी विगत कई महीनों से मेजर सुनील दत्त द्विवेदी कार्यरत हैं जो कि वित्तीय मामलों की उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी वित्तीय समिति है।



विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

# राजीव अग्रवाल कंछल गुट छोड़ प्रतिनिधि मण्डल के बने प्रदेश मंत्री

- सुजाता सिंह जिला मंत्री व पुन्नी शुक्ला बने नगर अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने जनपद आगमन पर संगठन का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता व मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष का उत्तरी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने संगठन का विस्तार करते हुए उद्योग व्यापार मण्डल कंछल गुट के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल व महिला जिलाध्यक्ष सुजाता सिंह को संग ठन में शामिल किया और फूल माला से स्वागत किया। उनके साथ बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधि मण्डल में शामिल हुए। ज्ञानेश मिश्रा ने राजीव अग्रवाल को भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया है। साथ ही पुन्नी शुक्ला को नगर अध्यक्ष, सुजाता सिंह को जिला महामंत्री महिला, निर्मला राजपूत को नगर मंत्री महिला, कारण पटेल को नगर कोषाध्यक्ष की नवीन जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता को निर्देशित किया कि संगठन का जनपद में विस्तार करें और कमेटी बनाकर सौंपे। प्रदेश अध्यक्ष ने राजीव अग्रवाल को माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें प्रदेश मंत्री मनोनित किया। इस मौके पर चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल, पुन्नी शुक्ला, सभासद अतुल शंकर दुबे, शिवाशीष तिवारी, सुजाता सिंह, मुकेश गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रीती तिवारी, प्रीती गुप्ता, आनंद मोहन वर्मा, राजीव अग्रवाल, करण पटेल, डालचन्द्र कठेरिया, अरुण गुप्ता, नीरज गुप्ता, संतोष गुप्ता, सिराज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



स्वागत के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी




साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

## रोजगार मेले में 24 अभ्यार्थियों का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेले में पांच कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 100 रिक्तियों के सापेक्ष 28 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। 24 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर चयन किया गया। 17 जॉब ट्रेनी व 7 अभ्यार्थियों को अप्रेन्टिस ट्रेनी हेतु चयनित किया गया। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने कम्पनी से आये प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और मेले की व्यवस्था देखी। अभ्यार्थियों को जॉब हेतु जानकारियां दी। इस मौके पर अप्रेन्टिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# योग सप्ताह के अन्तर्गत संतुलन बनाएं रखने के लिए कराया गया योग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह समारोह के छठे दिन मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने सांस लें, संतुलन बनाएं और आगे बढ़ें विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। अस्पताल परिसर में रोगियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए योग को एक वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में प्रदर्शित किया गया।

स्वास्थवृत्त और योग विभाग द्वारा आयोजित इस सत्र का नेतृत्व डॉ. अरुण कुमार पांडे ने किया। ब्रह्म मुहूर्त में उठने और प्रतिदिन योग करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने योग कर्मसु कौशलम, वाक्यांश पर विस्तार से बताया। जिसमें योग के शरीर और मन को प्रबंधित करने के लाभों को उजागर किया गया। राहुल ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से जीवनशैली से संबंधित विकारों को संबोधित करने वाले आसनों पर ध्यान केंद्रित किया। योग प्रशिक्षक डॉ. कविता नेगी ने सूक्ष्म व्यायाम का प्रदर्शन किया, जो सरल व्यायाम हैं और रोगियों और स्वस्थ व्यक्तियों दोनों द्वारा किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित, उप प्राचार्या डॉ. नीतूश्री, अध्यापक डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ.रीता सिंह, डॉ. जितेंद्र रॉय गौड़, डॉ. सुमन कुंडू, डॉ. शौभाग्य रंजन परिजा, डॉ. शेष देव दास, डॉ. नंदन श्रीवास्तव, डॉ. इमरान पटेल, डॉ. संदीप अशोक राव, डॉ. हरप्रिया दास, डॉ. भाऊ साहेब व थांगे, डॉ. शिव ओम दीक्षित, डॉ. मनीष उपाध्याय शर्मा, डॉ. रूमा डे, डॉ. मधु रंजन, डॉ. भारती पंचाल, डॉ. समर्पिता भट्टाचार्जी, डॉ. विकास पटेल, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. अरुण कुमार पांडे, डॉ.आनंद बाजपेई, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. रेशमा, डॉ. श्वेता, डॉ. पीयूष माधव, डॉ. शिल्पा बेनाडे, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. देवेंद्र रमन लाल, डॉ. सचिन कुमार दीक्षित, डॉ. मोहम्मद अनस खान, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. कुमारी रसना ने भाग लिया। गैर-शिक्षण स्टाफ, पीजी छात्र और इंटर्न भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। जिसने 200 से अधिक उपस्थित लोगों, जिसमें रोगी भी शामिल थे, को लाभान्वित किया।

डॉ. अंजना दीक्षित ने आयुर्वेद के उद्देश्य पर एक भाषण दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि आयुर्वेद का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्तियों के स्वास्थ्य को बनाए रखना और रोगियों के रोगों का उपचार करना है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की तरह, योग भी स्वस्थ और बीमार दोनों के लिए लाभकारी है, करो योग, रहो निरोग के उद्धरण के साथ किया।

कार्यक्रम का समापन डॉ. नीतूश्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

21 जून को सुबह 6 बजे होने वाले योग समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। वहीं 18 जून को क्षेत्रीय आयुर्वेद और यूनानी अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित योगासन प्रतियोगिता में 2022 बैच के छात्र अंकित दुबे ने जिला स्तर पर जीत हासिल की और मंडल स्तर के लिए चयनित हुए। इंटर्न छात्र शुभम सिंह ने जिला स्तर पर निबंध और नारा लेखन प्रतियोगिता में जीत हासिल की।



योग करते लोग

## कानपुर मण्डल आयुक्त की निगरानी में मनाया जायेगा योग दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए कानपुर मंडल आयुक्त के0 विजयेन्द्र पांडियन को फर्रुखाबाद नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। 21 जून शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सभी जनपदों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। इसी के तहत आयुक्त कानपुर मंडल को फर्रुखाबाद के लिए नामित किया गया है। वह शुक्रवार देर शाम पहुंचकर नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेंगे। उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज गजराज सिंह को कानपुर मण्डल आयुक्त/नोडल अधिकारी के साथ पूरे कार्यक्रम में रहेंगे।

# फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन का स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को फ्राइलेरिया रुग्णता प्रबंधन पर सीएचसी कायमगंज में मोर्बिडिटी मैनेजमेंट व डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) के बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद सीएचओ अपने-अपने क्षेत्र की आशा, एएनएम एव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी देंगे। जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। जो क्यूलैक्स मच्छर के काटने से होती है सजब क्यूलैक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है। जिससे संक्रमण के लक्षण 5 से 15 साल में उभरकर सामने आते हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के बचाव के लिए साल में एक बार और लगातार 5 साल तक दवा का सेवन जरूर करना चाहिए।

डीएमओ ने बताया कि अब से फाइलेरिया रोगियों को एमडीपी किट का वितरण हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर से सीएचओ द्वारा किया जाएगा, जिससे इन लोगों को सीएचसी पर आने की ज़रूरत नहीं होगी। पाथ संस्था से रीजनल एनडीटी ऑफिसर डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि फाइलेरिया से ग्रसित रोगी रात में सोते समय जिस पैर में समस्या है उस पैर को बिस्तर के नीचे तकिया रख कर थोड़ा सा ऊपर उठा कर सोएं व उन्होंने मरीजों को नियमित व्यायाम कराने के विभिन्न चरणों के संदर्भ में जानकारी दी। फाइलेरिया निरीक्षक दीपांशु यादव ने बताया कि इस समय 1032 फाइलेरिया रोगी जनपद में हैं। इस दौरान एमओ डॉ. जितेंद्र बहादुर बायोलॉजिस्ट राम शुक्ल, फाइलेरिया निरीक्षक योगेश, बीसीपीएम विनय मिश्र सहित सीएचओ मौजूद रहे।



फाइलेरिया का प्रशिक्षण देते चिकित्सक

# भाजपा की वर्चुअल बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे की उपस्थिति में वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। आगामी कार्यक्रमों की तैयारी हेतु जिला पदाधिकारियों सोशल मीडिया संयोजक मंडल प्रभारियों मोर्चा अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिए गए।

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया कि 21 जून को विश्व योग दिवस है सभी मंडलों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंडलों में सभी शक्ति केंद्रो पर भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। 23 जून को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें कन्नौज के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। 25 जून आपातकाल दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम में संपन्न होगा। लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा एवं गोष्ठी आयोजित करके आपातकाल एक काला दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आपातकाल के दौरान हुए अन्याय के बारे में जानकारी दी जाएगी। 29 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुना जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत सभी बूथ पर अलग-अलग स्थान पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा 21 जून से 29 जून तक आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों एवं अभियानों में भाजपा मंडल अध्यक्षों को संयोजक नियुक्त करने हैं। संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, संजीव गुप्ता, अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, अतुल दीक्षित, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## भाकियू टिकैट गुट की जिला कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने जिला कार्यकारिणी में तहसील अध्यक्ष, तहसील प्रभारी, ब्लाक अध्यक्ष व प्रभारी बनाया है। जिला कमेटी में जिला प्रवक्ता, गोपी शाक्य को बनाया गया है। चार उपाध्यक्ष जो बृजेश कुमार गंगवार, कृष्ण गोपाल मिश्रा, संजीव सिंह सोमवंशी, सुबोध यादव को बनाया गया। जिला प्रमुख महासचिव अभय प्रताप सिंह को बनाया गया। जिला सचिव सुग्रीव सिंह पाल, सुशील कुमार दीक्षित, पुजारी कटियार, संजय यादव बने। जिला संगठन मंत्री में मनीष मिश्रा, संजीव यादव को बनाया गया। प्रचार मंत्री राजेश यादव, राजेश गंगवार को बनाया गया। जिला कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य बने। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा बने। जिला सह सचिव राधेश्याम शाक्य, सत्यराम राजपूत को बनाया गया। जिला सलाहकार समिति के अध्यक्ष विजय शाक्य को बनाया। जिला संरक्षक छविनाथ शाक्य बनाए गए। जिला कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह, धारा सिंह, अनुराग गंगवार, इंद्रपाल, जग्गनाथ शाक्य, जगदीश, अभय गंगवार, बाबूराम आदि बनाये गये। तहसील सदर अध्यक्ष व प्रभारी मदन सिंह को बनाया गया। तहसील अमृतपुर अध्यक्ष व प्रभारी अनीस सिंह, तहसील कायमगंज अध्यक्ष व प्रभारी कश्मीर सिंह गंगवार को बनाया गया। ब्लॉक नवाबगंज अध्यक्ष बबलू खटीक, ब्लॉक मोहम्मदाबाद अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फबड़े, ब्लॉक बढ़पुर अध्यक्ष शिवराम शाक्य, ब्लॉक शमसाबाद अध्यक्ष सतीश कठेरिया, ब्लॉक कायमगंज अध्यक्ष प्रदीप यादव, ब्लॉक राजेपुर अध्यक्ष अजीत कुमार, ब्लॉक कमालगंज पवन जोशी बनाए गए।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांकः 260/1-30/2025-26 दिनांक 20/06/2025

## -: निविदा सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में राज्य वित आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 30/06/2025 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते हैं। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 30/06/2025 सायंकाल 4:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/नगद जमा रसीद फार्म-5/टी0डी0आर0 के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्ते कार्यालय कार्य दिवस अवलोकन कर सकते है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | आगंणन राशि | निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0 31 मो0 बीबीगंज में बेडारास बिल्डिग की रिपेयरिंग का कार्य। | 681000.00 | 826.00 | 68100.00 | तीन माह |
| 2 | वार्ड सं0 17 मो0 सलावत खां में तोताराम के मकान से पुलिया तक नाली (नाला) निर्माण कार्य। | 585000.00 | 708.00 | 58500.00 | तीन माह |
| 3 | मोहम्मदाबाद सकवई कान्हागौशाला में वाटर स्टोरेज टैंक प्लेटफार्म का निर्माण। | 548000.00 | 708.00 | 54800.00 | तीन माह |
| 4 | वार्ड सं0 18 मो0 कांशीराम कालोनी में ट्यूववेल की वाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 462000.00 | 590.00 | 46200.00 | तीन माह |
| 5 | वार्ड सं0 01 मो0 नेकपुर फ्लाई ओवर ब्रिज के पास अमरेन्द्र कटियार के घर के पास हान्डा शोरूम के सामने नाली (नाला) निर्माण कार्य। | 406000.00 | 590.00 | 40600.00 | तीन माह |
| 6 | वार्ड सं0 21 मो0 श्याम नगर में राजकुमार राठौर के मकान से सरवन ट्यूववेल तक नाली रिपेयरिंग कार्य। | 208000.00 | 354.00 | 20800,00 | तीन माह |
| 7 | वार्ड सं0 25 मो0 गंगानगर में बिल्लू की दुकान से गरीबलाल के मकान तक नाला रिपेयरिंग कार्य। | 162000.00 | 236.00 | 16200.00 | तीन माह |
| 8 | वार्ड सं0 32 मो0 इस्माइलगंज दुर्रानी वटुआ वाली गली में शिव मन्दिर से रजनीश तिवारी के मकान होते हुए अनुराग वर्मा के मकान तक व लिंक गली बन्टू के मकान से केशव मिश्रा के मकान तक व शोभित के मकान से विवेक वर्मा के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 318000.00 | 472.00 | 31800.00 | तीन माह |
| 9 | वार्ड सं0 19 मो0 ग्वालटोली में रफी अहमद के मकान से अनिल यादव के मकान तक नाली इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 226000.00 | 354.00 | 22600.00 | तीन माह |
| 10 | वार्ड सं0 10 मो0 आवास विकास कालोनी में आवास विकास तिराहा से मा0 श्री सुशील शाक्य विधायक जी के घर के पास फुटपाथ इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 436000.00 | 590.00 | 43600.00 | तीन माह |
| 11 | मोहम्मदाबाद सकवई कान्हा गौशाला में गौशाला शेड, एम0एस0 ट्यूब सेक्शन एण्ड वेल्डिंग मेस कार्य। | 430000.00 | 590.00 | 43000.00 | तीन माह |
| 12 | वार्ड सं0 20 मो0 नाला फिदाई खां में न्यू टेण्ट हाउस से वकील टेण्ट हाउस तक आर0सी0सी0 चैम्बर निर्माण कार्य। | 366000.00 | 472.00 | 36600.00 | तीन माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

# तीन दिवसीय योग शिविर का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

योग की शक्ति को जन-जन तक पहुंचाने और भारत सरकार के फिट इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के मुख्य संरक्षक रमेश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का राज्यमंत्री संजीव गोंड़ ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव व सीआईएसएफ कमांडेंट सतीश सिंह के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक/योग गुरु आचार्य अजय पाठक महाराज ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा योग दुनिया की सबसे कीमती साधन है।

जीवन में योग न तो जीवन जीना व्यर्थ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि




**विभिन्न रोगों के उपचार योग क्रियाओं एवं आयुर्वेद में निहित, दी गई जानकारी**

संस्थान का मुख्य उद्देश्य योग शिविरों के माध्यम से पूरे राष्ट्र को रोगमुक्त करना और हर घर योग प्रशिक्षक बनाओ अभियान को सफल बनाना है। उनका लक्ष्य है कि हर घर से एक व्यक्ति योग में पारंगत हो और दूसरों को भी इसका लाभ पहुंचाए। आज के योग सत्र में योग गुरु आचार्य अजय पाठक के साथ ही दिल्ली और उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साक्षी और उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी सदस्य प्रतिमा ने बेहतरीन योगाभ्यास प्रस्तुत किया।

उन्होंने यह साबित कर दिया कि योग न केवल उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करता है, बल्कि ओलंपिक जैसे खेलों में भी पदक जीतकर अपने परिवार और देश का नाम रोशन करने में सहायक हो सकता है। यह प्रदर्शन दिखाता है कि योग केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है, जो उत्कृष्टता की ओर ले जाती है। अंत में विभिन्न रोगों के अनुसार योग क्रियाएं और आयुर्वेदिक दिनचर्या के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर साक्षी, प्रतिमा, प्रिया, विकास, आयुष बंसल, संदीप, विकाश अग्रहरि, बहादुर, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सामूहिक रूप से योग शिविर में प्रतिभाग कर अभियान को बनाएं सशक्त : अनिता गुप्ता



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक वैश्विक आंदोलन के रूप में उभरा है, जो लोगों को योग की शाश्वत ज्ञानधारा के माध्यम से स्वास्थ्य, शांति और सद्भाव की ओर प्रेरित करते हुए पूरी दुनिया को जोड़ रहा है। रामलीला मैदान रावर्ट्सगंज में अंतराष्ट्रीय योग दिवस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। चल रहे इस योग बूट कैंप का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को अभिप्रेरित कर योग एवं इसके लाभों को जन-जन तक पहुंचाना है। जागृति फिटनेस क्लब द्वारा 25 हजार लोगों को योग से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। अनिता गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक लोग सामूहिक रूप से योग में भाग लेकर अभियान को सशक्त बनाएंगे। योग दिवस के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला पतंजलि योग समिति की तरफ से राबर्ट्सगंज में योगाचार्य अनीता गुप्ता ने तीन दिवसीय योग प्रोटोकोल के तहत अभ्यास कराया जा रहा है। इस मौके पर प्राची तिवारी, शिवा जायसवाल, अभिषेक मौजूद रहे। इसी तरह महिला पतंजलि योग समिति की तरफ से राबर्ट्सगंज स्थित गायत्री लाज में योग शिक्षिका अनीता गुप्ता ने लोगों को योगाभ्यास कराया। योग शिक्षिका प्राची तिवारी ने कहा कि योग एक अद्भुत विज्ञान है जो हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। नियमित योग अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ, संतुलित और सुखी बना सकते हैं। लोगों को योग के माध्यम से आत्म-ज्ञान और आत्म-विकास की दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस मौके पर अर्चना जायसवाल, प्रतिभा सोनी, संगीता सोनी, सीता, रीता गुप्ता, उपा द्विवेदी, सरोज, ममता गुप्ता आदि आदि मौजूद रहे।



## व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी : सुनील

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के तत्वावधान में राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को प्रातः कालीन सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राम पाठक की अध्यक्षता में सभी प्रमुख योग गुरुओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पूर्वाभ्यास कराया। भारत स्वाभिमान के जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे योगी ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी है। उन्होंने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में प्रातः 4:30 बजे सभी योग प्रेमियों से समय से पहुंचने के लिए आग्रह किया। इसके अलावा योग के दौरान सभी को सफेद कुर्ता, पायजामा अथवा योग टी-शर्ट पहनकर आने, बातचीत न करने, मोबाइल स्विच आफ रखने का भी आग्रह किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी योगी, प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश यादव, बलदाऊ श्रीवास्तव, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, विमला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नारायण लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेश चन्द्र त्रिपाठी, कमेटी महामंत्री एसपी मेहता ,वरिष्ठ योग साधक चंद्र बहादुर सिंह, लक्ष्मी नारायण पांडे, नागेंद्र नाथ चौबे, रामसेवक पांडेय , सुरेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, रूप नारायण सिंह, प्रेम प्रकाश शुक्ला, संजय कुमार, अशोक गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद नारायण सिंह, हृदय नारायण पाठक, पुरुषोत्तम प्रजापति, राजू सोनी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से महिला घायल, रेफर



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही गांव निवासी महिला गुरुवार की रात्रि में सबमर्सिबल पंप स्टार्ट करते समय करंट की चपेट में आने से करंट के झटका लगने से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने महिला को उपचार के लिए एंबुलेंस सेवा वहां 102 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के बडौही गांव निवासी मनोज मौर्य की 25 वर्ष की पत्नी सुषमा समरसेबल पंप को स्टार्ट करते समय करंट की चपेट में आ गई। करंट के झटके से महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला को उपचार के लिए एंबुलेंस सेवा 102 पर सूचना दिया। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा के ईएमटी संतोष भारतीय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की करंट की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए एंबुलेंस से आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव के गुलाब तिराहा से शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसआई अच्छे लाल यादव मय हमराह के साथ मुखबिर की सूचना पर किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपित बरडीहा कला गांव निवासी शनी कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित गुलाब तिराहा पर बैठकर कही भागने के फिराक में था और वाहन का इंतजार कर रहा था। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध शौच के लिए बाहर गई 17 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़खानी करने व मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी व पक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश करने में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरी के साथ छेड़खानी मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने व पक्सो एक्ट के वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर चालक को बाइक सवार ने पीटा, घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नदना गांव में ट्रैक्टर लेकर जा रहे चालक को सामने से आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने रोक कर लाठी डंडे गाली गलौज देते मारपीट कर घायल कर दिया। शुक्रवार को ट्रैक्टर चालक ने एक नाम जद सहित दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। कुशियरा गांव निवासी महेश पाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि हलिया बाजार से ट्रैक्टर लेकर कुशियरा गांव अपने घर जाते समय नदना गांव मेंर ाजेश कोल की दुकान के पास सामने से आ रहे नदना गांव निवासी भीमा और उसके एक अज्ञात साथी ने ट्रैक्टर को रोकवा कर पिटाई की। पुलिस तहरीर के आधार पर दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज का जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट करने वालो के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करने के दो आरोपित गिफ्तार, चालान

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव के पास से शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करने के मामले के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। रामपुर नौडीहा गांव निवासी भगवन्त ने लालगंज थाना क्षेत्र के उसरी खमरिया गांव निवासी मुन्नीलाल व कंचनपुर थाना संतनगर, लालगंज निवासी मनीष मौर्य के विरुद्ध 10 अप्रैल को फर्जी दस्तावेज लगाकर जमीन रजिस्ट्री करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपितों की खोज बिन कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज मतवार कन्हैया राय, हेड कांस्टेबल बृजेश राय के साथ हलिया लालगंज मार्ग पर कोटा घाट पुल के पहले गढ़वा से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### युवक पर लगाया नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप

**ड्रमंडगंज (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** लालगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरौधा क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 15 दिन पहले बरौधा चौकी पुलिस को तहरीर देकर अपने गांव निवासी एक युवक पर अपनी नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जरा भी हरकत में नहीं आई और हताश, निराश पिता लगातार पुलिस चौकी का चक्कर लगा रहा है। तहरीर में पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि पन्द्रह दिन बीत जाने के बाद भी बरौधा पुलिस गायब नाबालिग बेटी को पता लगाने में नाकामयाब है। इस संबंध में चौंकी इंचार्ज बरौधा हरिकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। कार्रवाई की जा रही है।

### सीएम दरबार पहुंची सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** ओबरा तहसील के राजस्व ग्राम पंचायत कुड़वा के तुमिया चौराहे पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। गांव निवासी गंगा यादव, वीरेंद्र नाथ, अयोध्या, मान सिंह, सुखनाथ नंदलाल, राजकुमार, संजय मुकेश, शिवदास आदि ने जिलाधिकारी के साथ ही उप जिलाधिकारी ओबरा को शिकायती पत्र सौंपकर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर दबंगों द्वारा लगातार अतिक्रमण कर घर बनाया जा रहा है। पूर्व में लोगों द्वारा संबंधित थाना, पुलिस हेल्प लाइन नंबर के साथ ही राजस्व विभाग को सेलफोन पर शिकायत दर्ज करायी गई थी। जिसकी जांच के क्रम में राजस्व निरीक्षक कोन व संबंधित लेखपाल मौके पर जाकर जांच करते हुए विपक्षी को निर्माण कार्य न करने के निर्देश दिए गए थे। फिर भी दबंगों द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा। अब स्थानीय निवासी गंगा यादव व सूबेदार ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी ओबरा, पुलिस अधीक्षक को आन लाईन शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### अंतयेस्टि स्थल से शव को उठवा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जिगना (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत रामपुर भटेवरा गाँव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई। शुक्रवार को दस बजे दिन में आनन-फानन में परिवार वाले शिवपुर रामगया घाट पर अंत्येष्टि क्रिया की तैयारी में जुटे हुए थे। इसी बीच मृतक की छोटी बेटी फोटो देवी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से शव उतारकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गाँव निवासी 55 वर्षीय श्यामलाल गौड़ पुत्र स्व. विश्वनाथ को बीती रात परिवार वालों ने गंभीर हालत में मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव लेकर परिवार वाले घर वापस लौट आए। मृतक की छोटी बेटी फोटो देवी ने बताया कि परिवार के लोगों ने पिता के साथ मारपीट की चाकू से हमला किया था। जबकि बड़ी बेटी व परिवार के अन्य लोगों ने बताया कि आपसी कलह के चलते विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हुई है। अष्टभुजा चौकी प्रभारी मोती चंद्र यादव ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा। मृतक पांच बेटों व दो बेटियों का पिता था। अधेड़ की मौत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था।

## पंखे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से युवक हुआ अचेत

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा में शुक्रवार को पंखे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से युवक अचेत हो गया ग्रामीणों ने युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। उपचार के बाद युवक की हालत सामान्य है। थाना क्षेत्र के देवघटा पाण्डेय गांव निवासी 42 वर्षीय आद्या पाण्डेय हलिया कस्बा में पंचर की दुकान चलाते है। दुकान में रखे पंखे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर युवक अचेत हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने युवक को उपचार



के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार ने युवक को उपचार के लिए भर्ती कर उपचार शुरू कट दिया है। उपचार के बाद युवक की हालत सामान्य है। इस संबंध में चिकित्सक विमल कुमार ने बताया की पंखे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से युवक अचेत होकर उपचार के लिए आया था उपचार के बाद हालत सामान्य है।

## पौनी मड़िहान में सपा की पीडीए जनपंचायत आयोजित

अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

मड़िहान विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पौनी में सपा की पीडीए जनपंचायत में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सत्ता में मौजूद लोग देश में धर्म और जाति की राजनीति करके नफरत पैदा कर रहे हैं। सपा धर्म और जाति की राजनीति कभी नहीं किया। उन्होने कहा कि भाजपा बाबा साहब का संविधान बदलना चाहती है। जनपंचायत द्वारा जनता को जागरूक करने के लिए आज हम सब लोग इकट्ठा हुए हैं। इस देश की खूबसूरती में अनेकता में एकता का महत्व रहा है, लेकिन भाजपा ने पूरे देश को जाति और धर्म में हिंदू और मुसलमान में बांट करके समाज में नफरत की राजनीति कर रही है। इस



सरकार को महंगाई और बेरोजगारी से कुछ भी लेना देना नहीं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश की राजनीति नाजुक दौर से गुजर रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, बेरोजगार सभी त्रस्त हैं। महंगाई लगातार बढ़ रही है। थाना, तहसील और अस्पतालों में गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के लोग न्याय दिलाने के लिए लोगों की मदद करें और पार्टी के नीति, कार्यक्रम से जोड़ें। उन्होंने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अपने बूथों के मतदाता सूची की समीक्षा कर लें। यदि किसी का नाम छूटा हो तो जोड़वाएं। गलत दर्ज हुआ है हो तो नियमानुसार कटवाने की पहल करें।

पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार में किसान से लेकर मजदूर तक हर वर्ग मुसीबत में है। देश में उद्योगपतियों की बात हो रही है। पहलगाम का हमला बेहद दुर्भाग्य पूर्ण, देश की बहादुर सेना ने इसका जवाब पाकिस्तान को दिया लेकिन इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को अभी तक क्यों नहीं पकड़ा गया। कहा कि आज सपा मुखिया अखिलेश यादव हर वर्ग की लड़ाई लड़ रहे हैं।

2027 के चुनाव में सपा प्रदेश में मजबूती के साथ सरकार बनाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक जगतम्बा पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, आशीष यादव, अशोक यादव, संतोष गोयल, राणा प्रताप सिंह, दिनेश यादव, विजय यादव, विरेन्द्र यादव, डॉ0 सुनील सिंह पटेल, प्रमोद सिंह, प्रिन्स रॉव, राहुल यादव, चिन्तामणि यादव, मनोरमा देवी, कुन्ती देवी, गीता देवी, गोविन्द पटेल, महेन्द्र गौड़ आदि लोग मौजूद रहें।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने वाले गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग गढ़वा पुलिया के पास से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी जमीन का बैनामा करने के अभियोग से संबंधित वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बैनामा




करने की अभियोग से संबंधित दो वांछित आरोपितों लालगंज थाना क्षेत्र की उसरी खमरिया गांव निवासी उधो वह संत नगर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी मनीष को गिरफ्तार कर थाने पर लाकर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहा गांव निवासी भगवन्त ने 10 अप्रैल को थाने में तहरीर देकर कर नामजद अभियुक्तों के विरोध फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बनाना करने का मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की फर्जी बैनामा करने से संबंधित अभियोग के दो वांछित आरोपितो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## हाइवे पर जल भराव से घंटों यातायात रहा अवरूद्ध



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** शक्तिनगर थाना क्षेत्र के खड़िया सीएचपी के पास वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पर रेलवे अंडरपास पुलिस के नीचे बारिश का पानी जमा होने से आवागमन ठह हो गया। जल निकासी की समूचित व्यवस्था न होने से पुल के नीचे भरे पानी में सवारियों से भरी एक रोडवेज बस सहित पिकअप फस जाने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था न होने से प्रत्येक वर्ष बारिश के दिनों में अंडरपाल पुलिया के नीचे पानी जमा हो जाता है। इससे यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनहित की इस समस्या के समाधान के प्रति न तो सड़क निर्माण कंपनी और न ही जिला प्रशासन के हुक्मरान संजीदा नहीं हैं। शुक्रवार को पुलिया के नीचे जलभराव होने से कई वाहनों के पहिए थम गए। राहगीरों ने जिला प्रशासन से रेलवे अंडरपास पुलिया के नीचे जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग किया है।

## योग सप्ताह के पांचवें दिन एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों ने सीखे योग के गुर



**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोरों पर**

फरेंदा -महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।

फरेंदा तहसील में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। योग सप्ताह स्वास्थ्य शिविर के पांचवें दिन प्रशासनिक अधिकारियों ने योग का अभ्यास किया। आज शुक्रवार को कार्यक्रम सुबह शुरू हुआ। जिसमें एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी और तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने योग आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान स्वस्थ जीवनशैली पर भी चर्चा हुई।कार्यक्रम का संचालन एसडीएम फरेंदा के निर्देश पर योग और फिजियो एक्सपर्ट बलराम गौड़ ने किया। सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना की। तहसीलदार का कहना है कि 21 जून यानी योग दिवस पर विशेष तैयारी की गई है।

## विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। बाद विभिन्न मांगों से संबंधित नौ सूत्रीय मांग पत्र राज्यपाल को संबोधित जिला प्रशासन को सौंपा। जिलाध्यक्ष धनजीत मौर्य ने बताया कि लोहंदा कौशांबी उत्तर प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की बालिका के साथ हुए रेप प्रकरण, बदायू उत्तर प्रदेश में कर्तव्य पटेल की गोली मारकर हत्या, संतकबीरनगर में 10 वर्षीय किरन चौहान की विद्युत करंट से मौतु, बस्ती जनपद में कोतवाली थाना अर्न्तगत 4 वर्षीय बच्ची के साथ रेप, लालगंज थाना अंतर्गत सिद्धनाथ गांव की 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या, संतकबीरनगर जनपद के मेंहदावल उप जिलाधिकारी संजीव कुमार राय द्वारा जातिवादी मानसिकता व संविधान द्रोह करते हुए शान्तिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने वाले लोगों को जेल भेजना, बस्ती जनपद में आन्दोलनकारियों पर प्रशासन द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मुकदमा को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। मांग की कि सभी घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कहा कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, लक्ष्मी नारायण, सूर्यभान, सोनू, रूपनारायण, दीपू, कारण, शिव, अरविंद, जितेंद्र, शशि आदि मौजूद रहे।



### आपदा मित्रों ने किया प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश आपदा मित्र संगठन के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मनीष सिंह राजपूत ने मांग की कि जिले के आपदा मित्रों, सखियों को कार्य दिवस का तत्काल भुगतान किया जाए। सोनभद्र जिले के समस्त आपदा मित्रो, सखियों को आने वाली किसी भी आपदा के लिए प्रति नियुक्त करते हुए तैनात किया जाए। आपदा मित्रों, सखियों को ड्रेस एवं किट वर्तमान मानसून सत्र में मुहैया कराया जाए। अयुष्मान कार्ड योजना से लाभांवित किया जाए। इस मौके पर देवानंद याहव, अवकाश, सुनिता, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** पिपरी थाना क्षेत्र के खाड़पाथर के जंगल में शुक्रवार को एक पेड़ से संदिग्ध हाल में युवक का शव लटकता मिला। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर के बिन्दकी तहसील क्षेत्र निवासी अवधेश सिंह का बड़ा पुत्र शुभम सिंह हिंडाल्को में एक संविदाकार के यहां क्रेन और हाइड्रा ऑपरेटर था। गुरूवार की रात करीब 9:30 बजे वह अपने घर से मुर्धवा मोड़ के लिए निकला था। परिजनों ने बताया कि देर रात तक ज बवह वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह उसका शव जंगल में एक पेड़ से गमछा के सहारे लटक मिला। परिजनों ने बताया कि शुभम के शरीर पर कई जगह चोट के निशान देखे गए है। इससे साफ जाहिर होता है कि युवक की हत्या कर उसके शव को फंदे से लटका दिया गया है।

### मुख्य सड़क पर भरा बरसात का पानी, ग्रामीण परेशान



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सिसवा विकास खंड के गोपाला स्थित लालपुर टोले में बारिश के पानी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मुख्य सड़क पर जमा पानी के कारण आवागमन बाधित हो गया है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से सड़क तालाब में तब्दील हो गया है। इससे स्थानीय निवासियों की दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। बुजुर्गों को इस मार्ग से गुजरने में विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रमेश चौहान, अमरजीत साहनी, राजाराम साहनी, गौतम साहनी, मुकेश साहनी, प्रेम यादव, मंगरु जायसवाल और गंगा साहनी ने इस समस्या पर चिंता जताई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

## ऑनलाइन पर्ची के लिए धूप में लगती है लंबी कतार, बुजुर्ग-महिलाएं परेशान

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

नौतनवां क्षेत्र के रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को भीषण गर्मी में खड़े होकर पर्ची बनवानी पड़ रही है। स्वास्थ्य केंद्र में पर्ची बनाने की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है।

पहले यहां ऑफलाइन व्यवस्था थी। मरीज छांव में कतारबद्ध तरीके से पर्ची बनवा लेते थे। नई व्यवस्था में कंप्यूटर कक्ष के बाहर खुले में मरीजों को लाइन लगानी पड़ती है। यहां न तो पर्याप्त काउंटर हैं और न ही बैठने की व्यवस्था है। रोजाना सैकड़ों मरीजों को धूप में खड़ा रहना पड़ता है। बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं गर्मी से परेशान हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नए प्रभारी चिकित्साधिकारी की तैनाती के बाद से अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ी हैं।

परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र होने के बावजूद बाहर की महंगी दवाएं चिकित्सको द्वारा लिखा जा रहा हैं।

इससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। मरीजों की मांग है कि पर्ची बनाने की प्रक्रिया को फिर से ऑफलाइन या हाइब्रिड मॉडल में बदला जाए। साथ ही चिकित्सकों को निर्देश दिया जाए कि वे अस्पताल और जन औषधि केंद्र की दवाओं को प्राथमिकता दें।

इस संदर्भ में सीएमओ डा. राकेश कुमार का कहना है कि ऑनलाइन पर्ची प्रणाली की व्यवस्था में जो भी दिक्कतें आ रही है, उसे जल्द ही सुधार किया जायेगा। यदि चिकित्सक बाहरी दवाओं को प्रमुखता दें रहे हैं तो इसकी जांच कर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

### आंगनबाड़ी संगठन को मिली नई जिलाध्यक्ष

**राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कुसुमकांति त्रिपाठी को सौंपी जिम्मेदारी**



महराजगंज, समृद्धि न्यूज। नौतनवा में आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी सहायिका संगठन में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री चौधरी ने औपचारिक पत्र जारी कर कुसुमकांति त्रिपाठी को महराजगंज जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कुसुमकांति त्रिपाठी ने अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करेंगी। साथ ही संगठन की एकजुटता को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देंगी। त्रिपाठी ने यह भी कहा कि वह उम्मीद के मुताबिक हमेशा खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

## नेपाल के वाटर पार्क में भारतीय व्यक्ति की मौत

**सुरक्षा चूक से गई व्यक्ति की जान, परिजनों ने की मुआवजे की मांग**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज

नेपाल के भैरहवा स्थित एक्वा वाटर पार्क में एक भारतीय किशोर की मौत ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के नौतनवां से 17 वर्षीय शाहिद अंसारी 18 जून को वाटर पार्क गए थे। वहां स्विमिंग पूल में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई।

घटना के समय पार्क में न तो कोई लाइफगार्ड मौजूद था और न ही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी हो रही थी। मौजूद वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि शाहिद बिना किसी सहायता के डूब गए।

नौतनवां नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुड्डू खान ने भारतीय



दूतावास को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने एक्वा वाटर पार्क को तत्काल बंद करने और सीमावर्ती क्षेत्रों के सभी मनोरंजन स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की है।

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित इन मनोरंजन स्थलों में रोजाना हजारों भारतीय पर्यटक आते हैं। पत्र में कहा गया है कि ये स्थल सिर्फ पैसा कमाने पर ध्यान दे रहे हैं। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। मृतक के परिजनों ने 1 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है। मामले को भारत के विदेश मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय और नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय के संज्ञान में लाया गया है।